* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

25 जुलाई, 2025
श्रावण, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 275




इडी की अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर रेड

## मुख्यमंत्री ने शहीद परिवारों को दिया विशेष तोहफा

# अर्द्धसैनिक बलों में झारखंड के शहीदों के आश्रितों को सरकारी नौकरी मिलेगी

- 21 प्रस्तावों पर मुहर, पुलिस बहाली में 5 साल की उम्र सीमा में छूट
- उर्दू शिक्षकों के लिए 4339 पदों के सृजन की मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद परिवारों को विशेष तोहफा दिया है। उनकी अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में उग्रवादी घटनाओं अथवा राष्ट्र की सीमा के रक्षार्थ कर्तव्य निर्वहनरत वीरगति प्राप्त करने वाले राज्य निवासी केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल कर्मियों के आश्रित को विशेष अनुग्रह अनुदान एवं अनुकंपा के आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्ति प्रदान करने संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट ने कुल 21 प्रस्तावों पर मुहर लगायी। इनमें अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदल कर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक करने, डालटनगंज में विशेष न्यायालय स्थापित करने, ऊर्दू शिक्षकों के लिए 4339 पदों का सृजन आदि शामिल है।

**उर्दू शिक्षकों के लिए 4339 पदों का सृजन:** राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में उर्दू सहायक शिक्षकों के पूर्व से सृजित 3712 पदों का प्रत्यर्पण करते हुए प्रथम चरण में उर्दू के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 3287 पद तथा मध्य विद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद कुल 4339 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गयी।

**पुलिस भर्ती विज्ञापन रद्द:** झारखंड राज्य के पुलिस, कक्षपाल, सिपाही (गृह रक्षा वाहिनी) उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली, 2025 गठन के उपरांत पुलिस के पूर्व से प्रकाशित विज्ञापन को रद्द करने, भवष्यि के नियुक्ति में पूर्व के आवेदकों को शुल्क भुगतान की छूट, सभी कोटि के आवेदकों को अधिकतम उम्र सीमा में छूट एवं अन्य बिंदुओं पर निर्णय लिए जाने की मंजूरी दी गयी। वहीं, भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का मार्च, 2023 को समाप्त हुए अवधि के लिए प्रतिवेदन, वर्ष 2025 की प्रतिवेदन संख्या-3 (निष्पादन एवं अनुपालन लेखापरीक्षा-सिविल) को झारखंड विधान सभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की स्वीकृति दी गयी।



### अटल मोहल्ला क्लिनिक अब मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक

राज्य में चल रहे अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदल दिया गया है। अब इन्हें मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक के नाम से जाना जायेगा। वहीं, डालटनगंज (पलामू) में एक विशेष न्यायालय के गठन को भी कैबिनेट से हरी झंडी मिल गयी है। यह फैसला स्थानीय न्यायिक व्यवस्था को और मजबूत करेगा और मामलों के त्वरित निपटारे में मदद करेगा।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तोहफा

उन सरकारी कर्मचारियों के लिए भी अच्छी खबर है, जो 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होते हैं। उन्हें एक नेशनल (काल्पनिक) वेतन वृद्धि देने को मंजूरी दी गयी। इससे उन कर्मचारियों के लिए फायदेमंद होगा, जिनकी वेतन वृद्धि केवल कुछ दिनों या महीनों के अंतर से छूट जाती थी।

### तीन डॉक्टरों को बर्खास्त करने की मंजूरी

कैबिनेट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुसाबनी, जमशेदपुर में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमारी रेखा को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी। वहीं, डॉ रीना कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी (पैथोलॉजिस्ट), सदर अस्पताल, बोकारो और डॉ वीणा कुमारी एम, चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कसमार, बोकारो को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड वित्त (अंकेक्षण एवं लेखा) सेवा नियमावली-2025 की स्वीकृति।
- स्वयं सहायता समूहों के क्षमतावर्द्धन एवं आजीविका संमवर्द्धन के लिए एमओयू करने की मंजूरी।
- झारखंड राज्य विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला अधीनस्थ चतुर्थ वर्गीय पद (विसरा कटर एवं प्रयोगशाला वाहक) की (भर्ती एवं अन्य सेवा शर्तें) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य आयुष स्वास्थ्य सेवा (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्त) (संशोधन) नियमावली-2024 का गठन की स्वीकृति।
- झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की स्वीकृति।

## कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री गये दिल्ली

**रांची (आजाद सिपाही)। कैबिनेट की बैठक खत्म होते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार की शाम दिल्ली चले गये। मालूम हो कि पिता शिबू सोरेन के इलाज को लेकर मुख्यमंत्री पिछले कुछ समय से दिल्ली में रहे रह हैं। मुख्यमंत्री 22 जुलाई की शाम रांची आये थे। 23 जुलाई को झारखंड हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए और 24 जुलाई को कैबिनेट की बैठक की। उसके बाद फिर वह दिल्ली चले गये।**

# गुरुजी ने कई जंग जीती है, ये जंग भी जीतेंगे : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने पिता शिबू सोरेन की तबीयत की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवादादता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गुरुजी ने कई जंग जीती है, ये जंग भी जीतेंगे। वह शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन में बोले रहे थे। बताते चलें कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन पिछले महीने रूटीन चेकअप के लिए दिल्ली गये थे। इसी दौरान उनकी



तबियत अचानक अधिक खराब हो गयी। गुरुजी सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। वहां गुरुजी डॉक्टरों की देखरेख में हैं। उनकी तबियत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। कैबिनेट की बैठक के बाद शुक्रवार को मीडिया ने हेमंत सोरेन से गुरुजी के स्वास्थ्य के बारे में पूछा। हेमंत सोरेन ने कहा कि सबकी कोशिश है कि गुरुजी ठीक हो जायें। सबकी दुआएं उनके साथ हैं। गुरुजी ने कई जंग जीती है। ये जंग भी वे जीतेंगे। हालांकि, अभी गुरुजी डॉक्टर की निगरानी में हैं। डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं। लगता है अभी थोड़ा वक्त लगेगा।

## तीन साल से चल रहा प्रयास हुआ सफल


# भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड समझौता

प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश पीएम स्टार्मर रहे मौजूद

एजेंसी

**लंदन।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता, यानी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में लंदन में समझौते पर दस्तखत हुए। इसे लेकर दोनों देशों के बीच तीन साल से बातचीत चल रही थी। समझौते के बाद नेताओं ने एक साझा प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान मोदी ने समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए खुशी जतायी। उन्होंने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का भी जिक्र किया। मोदी ने कहा कि यूके में रहने वाले भारतीय मूल के लोग हमारे संबंधों में एक लिविंग ब्रिज का काम करते हैं। मोदी ने स्टार्मर को भारत आने का न्योता दिया।

**ब्रेग्जिट के बाद ब्रिटेन का यह सबसे बड़ा व्यापार समझौता:** यूरोपियन यूनियन से अलग होने (ब्रेग्जिट) के बाद ब्रिटेन का यह सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इस समझौते से दोनों देशों के बीच ट्रेड में 34 बिलियन डॉलर की वृद्धि होने का अनुमान है। इससे पहले ब्रिटेन का सबसे बड़ा समझौता ऑस्ट्रेलिया के साथ 2020 में हुआ था, जिसके तहत दोनों देशों के बीच व्यापार में 3.1 बिलियन डॉलर की वृद्धि हो सकती है। ब्रेक्जिट के ब्रिटेन ने अब तक 70 से ज्यादा देशों के साथ ट्रेड डील की है।



### भारत के 99 फीसदी निर्यात को टैरिफ में राहत मिलेगी

इस समझौते से भारत से ब्रिटेन को होने वाले 99 फीसदी निर्यात पर टैरिफ यानी आयात शुल्क में राहत मिलेगी। इसका मतलब है कि भारत से जो सामान ब्रिटेन भेजा जायेगा, उस पर लगने वाला टैक्स या तो बहुत कम हो जायेगा या पूरी तरह खत्म कर दिया जायेगा। वहीं, ब्रिटेन की कंपनियों के लिए भी यह समझौता फायदेमंद होगा। अब उन्हें भारत में व्हिस्की, कार और दूसरे उत्पाद बेचने में पहले से ज्यादा आसानी होगी। भारत इन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ को घटाकर 15 फीसदी से तीन फीसदी करेगा। समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार हर साल करीब तीन लाख करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है।

### समझौते से ये सामान सस्ते हो सकते हैं

**गाड़ी:** ब्रिटेन की लग्जरी गाड़ियां जैसे जगुआर, लैंड रोवर अब कम दाम में मिल सकती है।

**स्कॉच व्हिस्की और वाइन:** इंग्लैंड से आने वाली शराब और वाइन पर टैरिफ कम होगा, जिससे ये पहले से सस्ती मिलेंगी।

**फैशन और कपड़े:** ब्रिटेन से आने वाले ब्रांडेड कपड़े, फैशन प्रोडक्ट्स और होमवेयर भी सस्ते हो सकते हैं।

**फर्नीचर और इलेक्ट्रिकल सामान:** ब्रिटेन से आने वाला फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्रियल मशीनरी अब कम कीमत पर मिल सकती है।

**ज्वेलरी और रत्न:** भारत के रत्न और आभूषण ब्रिटेन में सस्ते बिकेंगे, जिससे ब्रिटेन में भारतीय कस्टमर्स के लिए प्रोडक्ट्स सस्ते हो सकते हैं।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# बिहार के सियासी रण में 'वोटर' ही बनी हुई हैं महिलाएं

- पिछले तीन चुनावों में महिला विधायकों की संख्या कम ही रही
- साल-दर-साल कम होती जा रही है महिला विधायकों की संख्या
- किसी भी दल ने अब तक महिला को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनाया

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनावों के लिए जारी सियासी गतिविधियों के बीच यह जान कर हैरानी होती है कि जिस राज्य के चुनाव में महिला वोटरों का मतदान प्रतिशत चुनाव-दर-चुनाव बढ़ता जा रहा है, उस राज्य के सियासी रण में महिलाओं की मौजूदगी चुनाव-दर-चुनाव घटती जा रही है। जी हां, हम बिहार की बात कर रहे हैं, जहां के चुनाव मैदान में महिलाओं की भूमिका अब तक वोटर से आगे नहीं बढ़ सकी है। यह जानकारी भी बेहद चौंकानेवाली है कि आजादी के बाद 1951 में हुए पहले चुनाव से लेकर 2020 तक के चुनाव में बिहार के इतिहास में कभी एक साथ 34 से अधिक महिला विधायक नहीं चुनी गयीं, जबकि महिलाओं ने हर चुनाव में जम कर वोट दिया है। इससे साफ होता है कि बिहार में मतदान में महिलाओं की भागीदारी तो बढ़ रही है, लेकिन सरकार में नहीं। इतना ही नहीं, यह जानना भी दिलचस्प है कि आज तक किसी भी दल ने किसी महिला को बिहार प्रदेश का अध्यक्ष नहीं बनाया है। बिहार को महिला मुख्यमंत्री देने का श्रेय लालू यादव और राष्ट्रीय जनता दल को ही जाता है। राबड़ी देवी एकमात्र महिला हैं, जिन्हें बिहार के शासन की बागडोर संभालने का अवसर मिला। बिहार की सियासी तस्वीर का यह निश्चय ही अंधकार भरा पहलू है। क्या है बिहार की राजनीति में महिलाओं का स्थान और आखिर क्यों राजनीतिक दलों की तरफ से महिलाओं को टिकट देने में कोताही बरती जाती है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाला बिहार इन दिनों चुनावी तपिश झेल रहा है। चुनावी रण में उतरने की तैयारी कर रहे राजनीतिक दल अपने-अपने योद्धाओं के चयन के साथ मुकाबले के लिए व्यूह रचना में व्यस्त हैं, तो ऐसे में एक बात का सहसा ध्यान आता है कि इस सियासी आपाधापी में बिहार की महिलाएं कहां हैं। इस सवाल का जवाब देना बहुत आसान नहीं है। 'एक व्यक्ति, एक वोट' के सिद्धांत की परिकल्पना करनेवाले संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने यह कल्पना कभी नहीं की होगी कि बिहार में उनकी परिकल्पना सटीक बैठेगी और महिलाएं वहां केवल 'वोटर' की भूमिका में रहेंगी।

## 75 साल में केवल एक महिला सीएम

बिहार की सियासत में महिलाओं की स्थिति की कल्पना इसी बात से की जा सकती है कि इस राज्य ने आजादी के बाद से अब तक केवल एक महिला मुख्यमंत्री को देखा है। राजद नेता राबड़ी देवी करीब 28 साल पहले इस राज्य की मुख्यमंत्री नहीं बनी होतीं, तो क्या बिहार के लोग यह बता पाते कि वे उन राज्यों के क्लब में शामिल हैं, जिसने कम से कम एक महिला मुख्यमंत्री चुना है। इसके अलावा एनडीए की सरकार में भाजपा ने एक डिप्टी सीएम भी महिला को बनाया है। बिहार की महिलाओं के सियासी हक में अब तक यही एकमात्र उपलब्धि है। अन्यथा राज्य की राजनीति में महिलाएं धीरे-धीरे हाशिये पर फेकी जा रही हैं।

## किसी भी दल ने महिला को प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनाया

यह एक कड़वी सच्चाई है कि बिहार के राजनीतिक इतिहास में एक भी दल ने किसी महिला को आज तक अपना प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनाया है। राजनीति में महिलाओं की घोर उपेक्षा हैरत में डालती है। वोट लेते समय हर दल महिलाओं का हितैषी होने का दम भरता है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत होती है।

## दलों के बड़े-बड़े दावे, सच्चाई एकदम अलग

बिहार की राजनीति में महिलाओं की बेहतरी के लिए राजद 'माई-बहिन योजना' ला रहा है। भाजपा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा दे रही है। जदयू पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 फीसदी और सरकारी नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण देने का श्रेय लेता है। कांग्रेस सामाजिक बराबरी और वाम दल सर्वहारा वर्ग की बात करते हैं। इन सब के बावजूद किसी भी दल ने अभी तक के इतिहास में 50 प्रतिशत की बात तो दूर, अपने कोटे की 30 फीसदी सीटों पर भी महिलाओं को उम्मीदवार नहीं बनाया है। ऐसे में राजनीतिक दलों के एजेंडे में महिला उत्थान की बात कागजी और सतही लगती है।



## एक भी महिला को नहीं दिया टिकट

फिलहाल बिहार की 18वीं विधानसभा के चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। सभी की निगाहें सीट बंटवारे पर हैं। हालांकि यह बात अभी नेपथ्य में है। अभी तक की सुगबुगाहट में 'जिताऊ' उम्मीदवार की तलाश है, जिसकी कसौटी पर महिलाएं सामान्य तौर पर खरी नहीं उतरती हैं। इस संदर्भ में चिंता में डालने वाली बात यह है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में बिहार में 58 सीटें ऐसी थीं, जहां एक भी महिला प्रत्याशी को चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया। इसे दलीय राजनीति में आधी आबादी की उपेक्षा का अघोषित एजेंडा माना जा सकता है।

## पुरुषों की तुलना में महिलाओं की वोटिंग अधिक

इसमें सबसे हैरत की बात यह है कि बिहार में 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान महिला वोटर अपने घर की दहलीज लांघकर अधिक वोट डालने बूथ पर पहुंची थीं, यानी पुरुष वोटर की तुलना में महिला वोटरों का टर्नआउट अधिक रहा। पिछले चुनाव में कुल पुरुष मतदाताओं में से 54.45 प्रतिशत ने ही वोट डाले थे, जबकि कुल महिला मतदाताओं में से से करीब 59.69 प्रतिशत ने वोटिंग की थी। इसका मतलब है कि महिलाएं वोट देने में पुरुषों की तुलना में आगे रहीं । इसी तरह 2010 में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत 54.49 था, जबकि पुरुषों का 51.12 रहा। साल 2015 में 60 फीसदी से ज्यादा महिलाओं ने वोटिंग में भाग लिया, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत सिर्फ 53 रहा।

बिहार के मतदान में महिलाओं की अधिक भागीदारी का चुनाव नतीजों पर बहुत असर पड़ा। चुनाव आयोग के पास 1962 से बिहार में महिला मतदाताओं की वोटिंग का रिकॉर्ड है। पिछले 63 साल में महिला मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। 2010 के विधानसभा चुनाव में पहली बार महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक मतदान किया। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में भी यही सिलसिला जारी रहा।

## महिला विधायकों की लगातार घट रही संख्या

महिला मतदाताओं के इन उत्साहजनक आंकड़ों के हिसाब से विधानसभा में महिलाओं की घटती संख्या चिंता की बात है। बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में सभी दलों की कुल मिलाकर 26 महिला उम्मीदवारों को जीत मिली। यह संख्या पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में दो कम रही। वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में 28 महिलाएं चुनाव जीती थीं। वर्ष 2010 में 34 महिला विधायक चुनी गयी थीं। इस तरह बिहार विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। ये आंकड़े चिंताजनक हैं, खासकर उस दिशा में, जब राज्य में महिला वोटरों का टर्नआउट पुरुषों की तुलना में अधिक है। यह भी आश्चर्य का विषय है कि बिहार के चुनावी इतिहास में अब तक केवल 258 महिलाएं विधायक बनी हैं, यानी हर विधानसभा में औसतन 15 महिला विधायक ही रहीं।

## 1972 में कोई महिला विधायक नहीं बनी


बिहार में सबसे अधिक एक साथ 34 महिलाओं ने साल 2010 में विधानसभा चुनाव जीता था। 1972 के विधानसभा चुनाव में कोई महिला प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत सकी थी। 2020 में सबसे अधिक 370 महिलाओं ने विधानसभा चुनाव लड़ा। उसी साल सर्वाधिक 302 महिला प्रत्याशियों की जमानत भी जब्त हुई। 1967 में छह, 1969 में चार और 2005 के विधानसभा चुनाव में सिर्फ तीन महिला प्रत्याशियों को कामयाबी मिली। 2005 में ही अक्टूबर महीने में दोबारा विधानसभा चुनाव होने पर 25 महिलाओं ने जीत दर्ज की।

इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि बिहार में महिला प्रत्याशियों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन सदन में भागीदारी नहीं। बिहार में पंचायत स्तर पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उनका राजनीतिक रुझान भी बदला है। कभी जातिगत राजनीति का केंद्र रहा बिहार आज बदलाव के दौर से गुजर रहा है। अधिकांश सियासी पर्टियां आज महिला मतदाताओं को ध्यान में रखकर अपने घोषणा पत्रों को आकार देने में जुटी हैं। इस बार उम्मीद की जा रही है कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और तब चुनावी मुकाबले का असली रोमांच भी देखने को मिलेगा।

# बिहार विधानसभा में भारी बवाल, मारपीट की नौबत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली की कार्यवाही में सदन का माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के संबोधन के दौरान राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी के विधायकों के बीच तीखी बहस शुरू हो गयी, जो देखते ही देखते हाथापाई की नौबत तक पहुंच गयी। दरअसल, सदन में सबसे पहले तेजस्वी यादव और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच तीखा वाक्युद्ध हुआ। इसके बाद दोनों दलों के विधायक खड़े होकर आपस में बहस करने लगे। स्थिति इतनी बिगड़ गयी कि स्पीकर को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बावजूद पक्ष और विपक्ष के विधायक आपस में भिड़े रहे। भाजपा विधायक संजय सिंह माइक तोड़कर मारने आये। इसके बाद बात और बढ़ गयी। राजद-कांग्रेस के कई विधायक सत्ता पक्ष की तरफ लपके। तेजस्वी और भाजपा के जनक सिंह में वाद-विवाद हो रहा था। इस पर तेजस्वी यादव ने जनक सिंह को कहा कि इतना बोलियेगा, तो नीचे गीला हो जायेगा। इस पर भाजपा विधायक संजय सिंह ने विरोध किया और कहा कि जनक सिंह तुम्हारे बाप के साथ काम किये हैं। इसके बाद डिप्टी सीएम विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी समेत कई विधायक एक-दूसरे की तरफ दौड़े। बाद में सदन में मौजूद मार्शल ने किसी तरह से हालात को काबू में किया।



### अपना लाइसेंसी हथियार दे देता हूं, सरकार मुझे मरवा दे: तेजस्वी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि सरकार मुझे मरवाना चाहती है, तो मैं अपना लाइसेंसी हथियार देता हूं। वह मुझे मरवा दे। गुरुवार को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के विधायकों के बीच मारपीट के पनपे हालात के बाद तेजस्वी यादव विधानसभा परिसर में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक जनक सिंह ने मां-बहन की गालियां दीं, जबकि मैंने कोई अपशब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा कि कोई साबित कर दे। तेजस्वी ने कहा कि राजनीतिक जीवन में मैंने कभी अपशब्द नहीं बोला, जबकि मुझे सदन में मां-बहन की गालियां दी गयीं। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि जोर से बोलेंगे, तो गीला हो जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सारी सीमाएं लांघ रही है। भाजपा के विधायक ने जिस तरह मुझे गालियां दी हैं, वह कभी भी आज तक सदन में नहीं हुआ। भाजपा के डिप्टी सीएम भी मुझे गालियां देते हैं। सरकार में हिम्मत है, तो मुझे जेल भेज दे या गोली मार दे, क्योंकि आज माइक तोड़कर मुझे मारने की कोशिश की गयी। दूसरी ओर, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने तेजस्वी के खिलाफ बयान दिया और कहा कि इनके डीएनए में जंगलराज और गुंडाराज है। लंपटई के सिवा इन्हें और कुछ नहीं आता।

### मैं रहता तो सम्राट का बुखार छुड़ा देता: तेजप्रताप

बिहार विधानसभा में गुरुवार को राजद और भाजपा के सदस्यों के बीच हुई तनातनी के बाद तेज प्रताप यादव ने कहा कि मैं वहां होता, तो सम्राट चौधरी का बुखार छुड़ा देता। हंगामे पर बुरी तरह भड़के तेज प्रताप यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी का अस्तित्व गिर चुका है। वह आरएसएस की विचारधारा वाली पार्टी से आते हैं, जिन्होंने महात्मा गांधी की हत्या की थी। ये गुंडे लोग हैं। इनकी छवि गुंडागर्दी वाली है। किसी के पिता को गाली दे रहे हैं। अगर हम उनके पिता को गाली देंगे, तो कैसा लगेगा? जनहित के मुद्दे पर ये लोग गाली-गलौज कर रहे हैं। घर-परिवार में घुसेगा, तो मारपीट करेगा। हम वहां नहीं थे, नहीं तो उनका बुखार छुड़ा देते। बता दें कि अनुष्का यादव से कथित रिलेशनशिप की बात सामने आने के बाद तेज प्रताप को राजद और लालू परिवार से बेदखल कर दिया गया है।

# बिहार के छूटे वोटरों को मिलेगा दूसरा मौका

**एक अगस्त से कर सकते हैं आवेदन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**पटना।** बिहार में विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण (सर) अभियान को लेकर पटना से दिल्ली तक सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। राजनीतिक दलों के विरोध और आम नागरिकों की चिंता के बीच अब भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों के नाम इस अभियान में वोटर लिस्ट से छूट गये हैं, उन्हें दोबारा नाम जुड़वाने का पूरा मौका मिलेगा। आयोग ने साफ किया कि एक अगस्त से एक सितंबर तक एक महीने की अवधि के दौरान कोई भी मतदाता या मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल वोटर लिस्ट में संशोधन करा सकता है। इस दौरान छूटे हुए नामों को जोड़ने और गलत तरीके से शामिल हुए नामों को हटाने की प्रक्रिया चलायी जायेगी। इसके लिए फॉर्म-6 भरकर संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन करना होगा। चुनाव आयोग के अनुसार सर अभियान के प्रथम चरण के पूरा होने के बाद एक अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित की जायेगी। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम इस सूची में नहीं है या उसमें कोई गलती है, तो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के इआरओ या एइआरओ के समक्ष एक सितंबर तक आपत्ति या दावा दायर किया जा सकता है।

# वोटर पुनरीक्षण पर एनएसयूआइ का पटना में बवाल

## वाटर कैनन से पुलिस ने रोका, विधानसभा घेरने जा रहे थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** वोटर वेरिफिकेशन पर गुरुवार को बिहार में सड़क से लेकर सदन तक बवाल देखने को मिला। एक तरफ इंडिया गठबंधन के विधायकों ने विधानसभा और विधान परिषद में हंगामा किया, तो कांग्रेस पार्टी की छात्र इकाई एनएसयूआइ ने पटना की सड़कों पर जमकर बवाल काटा। एनएसयूआइ ने पहले से 24 जुलाई को विधानसभा घेराव की घोषणा कर रखी थी। जुलूस की शक्ल में विधानसभा की ओर बढ़ रहे छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं को रास्ते मे ही वाटर कैनन के बल पर रोक दिया गया। पुलिस की ओर से हल्का बल प्रयोग भी किया गया। कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान भी प्रदर्शन में शामिल हुए। सुबह से एनएसयूआइ के कार्यकर्ता पटना सदाकत आश्रम के पास में जुटने लगे। विधानसभा घेराव की जानकारी सरकार पहले से ही दी गयी थी। सदाकत आश्रम से जुलूस लेकर छात्र निकले, तो पुलिस ने रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी छात्र रुके नहीं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 23.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.16 बजे |



# अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान बर्दाश्त नहीं : भाजपा

**अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम मदर टेरेसा एडवांस क्लिनिक करने का विरोध**

**पार्टी इस निर्णय के खिलाफ राज्यभर में जनजागरण करेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लिनिक करने के फैसले पर भाजपा ने कड़ा एतराज जताया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इसे तुष्टिकरण का परिचायक बताया है।

अजय साह ने कहा कि यह निर्णय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति और योगदान का अपमान है। वे झारखंड राज्य के निर्माता रहे हैं और उनके नाम से जुड़ी किसी भी योजना को हटाना, राज्य की आत्मा को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार का यह कदम राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आयुष्मान भारत और अटल मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजनाएं भाजपा की सोच और जनसेवा की भावना का हिस्सा रही हैं, जिसने लाखों गरीबों को स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा दी। लेकिन मौजूदा राज्य सरकार इन पहलों को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह कोई पहला अवसर नहीं है, जब झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार ने महान राष्ट्रनायकों के नाम से छेड़छाड़ की हो। उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रवृत्तियां जनता की भावनाओं से खिलवाड़ हैं।

अजय साह ने सरकार से मांग की कि यदि कोई नयी योजना शुरू करनी है, तो उसके लिए अलग नाम रखें, लेकिन पहले से स्थापित योजनाओं के नाम बदलकर राजनीति करना अस्वीकार्य है। उन्होंने इसे विवाद खड़ा कर जनमुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश बताया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी इस निर्णय के खिलाफ राज्यभर में जनजागरण करेगी और सरकार से इस फैसले को वापस लेने की मांग करेगी।

## नेता प्रतिपक्ष ने सीएम हेमंत सोरेन को दी सलाह

# राजनीतिक लड़ाई में परिवार को न घसीटें : बाबूलाल मरांडी

**राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी अपनी जगह है, लेकिन इस प्रतिस्पर्धा महिलाओं और परिवार को घसीटना राजनीतिक शुचिता के खिलाफ**

**कुछ महत्वाकांक्षी अधिकारी आपको अनावश्यक विवादों में घसीट कर आपकी छवि को नुकसान पहुंचा रहे**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राजनीतिक लड़ाई सीधे होनी चाहिए। परिवारों, सहयोगी और समर्थकों को निशाना बनाना एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी नहीं है।

मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि राजनीति में दोस्ती और दुश्मनी अपनी जगह है, लेकिन इस प्रतिस्पर्धा में नेताओं के समर्थकों या विशेषकर महिलाओं और परिवार को घसीटना राजनीतिक शुचिता के खिलाफ है। उन्होंने लिखा है कि सुनने में आया है कि सांसद निशिकांत दुबे की धर्मपत्नी पर 47वां मुकदमा दर्ज किया गया है और सांसद निशिकांत के समर्थक देवता पांडेय को गिरफ़्तार भी किया गया है। संभव है कि यह सब आपकी (मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) जानकारी के बिना हुआ हो और आपके कुछ महत्वाकांक्षी अधिकारियों का कारनामा हो। ऐसे अफसर वही लोग हैं जिन्होंने अतीत में अपने निजी स्वार्थ के लिए आपको इस्तेमाल किया और मुसीबत में डाला।

उन्होंने मुख्यमंत्री सोरेन से अपील करते हुए कहा कि ऐसे अफसरों से बचिए। ये अधिकारी आपको अनावश्यक विवादों में घसीट कर आपकी छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आशा है आप इस मामले का संज्ञान लेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि सत्ता का दुरुपयोग राजनीतिक प्रतिशोध के लिए न हो।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी। |
| वृष | प्रस्तावित योजनाओं में आवश्यकतानुसार सफलता मिलेगी, राजनीतिक लाभ। |
| मिथुन | प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा,सुख-सौहार्द की वृद्धि। |
| कर्क | सक्रिय व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी। |
| सिंह | सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देरसबेर पूरा होगा, बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

# अलग झारखंड अटल बिहारी वाजपेयी की देन : रितेश चौबे

## अटल मुहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने के निर्णय का भाजपाइयों ने किया कड़ा विरोध

**नाम बदलकर झारखंडी जमीन को अपमानित किया गया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने राज्य सरकार कैबिनेट के फैसले में अटल मुहल्ला क्लिनिक का नाम बदलने के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार झारखंड के विकास के लिए काम नहीं कर रही है। बल्कि महापुरुष का नाम बदलकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहती है। इससे पहले श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम भी बदल कर झूठी उपलब्धि बटोरने का प्रयास किया गया था। फिर अटल मुहल्ला क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा के नाम पर रखने का प्रस्ताव कैबिनेट में पास कर दिया। जिससे झारखंड का भारी अपमान हुआ है। अटल मुहल्ला क्लिनिक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर शुरू की गयी थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड को बनाने संवारने का काम किया था। झारखंडवासियों को उनका हक अधिकार मान सम्मान देने का काम किया था। वैसे महापुरुष का नाम हटाकर राज्य सरकार ने पूरे झारखंड का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए कैबिनेट में कोई प्रावधान नहीं किया जाता है। सिर्फ नाम बदलकर झारखंडी जमीन को अपमानित किया गया है। जब सालों से झारखंड के लोगों ने अलग राज्य के लिए संघर्ष किया तो अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री बनते ही उनका अधिकार मान सम्मान देने का काम किया था। अटल बिहारी वाजपेयी का झारखंड के आदिवासी मूलवासी से काफी लगाव था। इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही झारखंडियों को उनका हक अधिकार देने का काम किया था। इस मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल, नवीन जायसवाल सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चिकित्सकों की बैठक में झारखंड के नव निर्माण का संकल्प

# स्वस्थ झारखंड के लिए भूमिका निभायें चिकित्सक: सुदेश महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने आह्वान किया है कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए चिकित्सक समुदाय को आगे आना होगा। झारखंड को एक स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने में चिकित्सकों को अहम भूमिका निभानी होगी।

श्री महतो ने बरियातू स्थित डेंसिटी हेयर ट्रीटमेंट सेंटर में पार्टी से जुड़े चिकित्सकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता काफी कम है। बैठक को पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, मुख्य प्रशिक्षक संजय बसु मल्लिक एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी संबोधित किया। बैठक में स्वस्थ झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर के आयोजन का निर्णय लिया गया। श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर नहीं है। राज्य में खाट पर मरीजों को ढोया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा जारी स्वास्थ्य सूचकांकों में झारखंड का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में पीछे है।

बैठक में डॉ पार्थ परितोष, डॉ संतोष मोदी, डॉ अरुण कुमार, डॉ प्रतीक, डॉ कुंदन, डॉ अभिषेक, डॉ अंबुज, सुमंत मोदी, अमरदीप कुमार, यश चौधरी, शिवम कुमार, शिवलोक सिंह, रौशन कुमार, अभिरंजन तिवारी, मो कैफ आदि उपस्थित थे।

# बाबा वैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की जांच पर हाइकोर्ट की रोक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने बाबा वैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट के खिलाफ जसीडीह थाने में दर्ज प्राथमिकी संख्या 196/2025 की जांच पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। पुनित अग्रवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायाधीश आनंदा सेन की अदालत ने इससे संबंधित आदेश दिया। पुनित अग्रवाल की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। सुनवाई के बाद न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि प्राथमिकी को देखने से ऐसा नहीं लगता है कि कोई आपराधिक घटना हुई है। ऐसा लगता है कि प्राथमिकी के सूचक को सभी फोरम यथा डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल, पहले की आपराधिक कार्यवाही आदि पर हार मिली है। कोर्ट ने कहा कि डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल से संपत्ति नीलाम की जा चुकी है। सूचक ने प्राथमिकी दर्ज करने का घुमावदार रास्ता अपनाया है। सिविल रिट में याचिकादाता को अंतरिम राहत दी जा चुकी है।

दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में वर्णित तथ्यों से जुड़े मामले को हाईकोर्ट द्वारा खारिज किया जा चुका है। इन परिस्थियों के मद्देनजर जसीडीह थाने में दर्ज प्राथमिकी की जांच पर अगले आदेश तक रोक लगायी जाती है।

# पूजा सिंघल ने सरकार को पत्र लिख कर तीन पदों पर नियुक्ति का आग्रह किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सूचना एवं प्रौद्योगिकी सचिव पूजा सिंघल ने राज्य सरकार को पत्र लिख कर जल्द से जल्द तीन पदों पर नियुक्ति का आग्रह किया है। उन्होंने राज्य सरकार से निदेशक आइटी, सीइओ जैप आइटी और जेसेक के निदेशक पद पर नियुक्ति का आग्रह किया है। तीनों ही पद लगभग दो महीने से रिक्त हैं। मालूम हो कि निदेशक आइटी के पद पर पदस्थापित आदित्य रंजन को 24 मई को धनबाद और निदेशक जेसेक के पद पर पदस्थापित आर रौनिटा को खूंटी के डीसी पद पर स्थानांतरित किया गया था। इसी तरह जैप आइटी के सीइओ पद पर रहे राज कुमार गुप्ता को 26 जून को उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव के पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस तरह निदेशक आइटी और निदेशक जेसेक का पद दो महीने से रिक्त है। वहीं राजकुमार गुप्ता के हटने के बाद जैप आइटी के सीइओ का पद भी एक महीने से रिक्त है। तीनों ही पद सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इन तीनों ही पदों के रिक्त रहने से विभाग का काम पूरी तरह ठप सा हो गया है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

# अहमदाबाद, जयपुर, ऋषिकेश, हरिद्वार के लिए नयी ट्रेन चलाने का आग्रह

**रांची से सिल्ली, मुरी और हजारीबाग के लिए भी मांगी पैसेंजर और शटल ट्रेन**

**4200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए केंद्रीय मंत्री के प्रति आभार जताया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नयी दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान श्री सेठ ने रांची लोकसभा क्षेत्र में 4200 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं के लिए उनके प्रति आभार जताया। विशेष रूप से वर्षों से लंबित सिल्ली इलू रेल लाइन के निर्माण की दिशा में रेलवे के द्वारा उठाये गये कदम को लेकर उन्होंने धन्यवाद प्रकट किया। मुलाकात के दौरान संजय सेठ ने केंद्रीय रेल मंत्री से झारखंड की राजधानी रांची से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए सीधी ट्रेन सेवा और रांची के आसपास के स्टेशनों व सुदूरवर्ती क्षेत्र से पैसेंजर शटल ट्रेन के परिचालन का आग्रह भी किया। श्री सेठ ने रेल मंत्री को बताया कि रांची झारखंड की राजधानी है और यहां के रेलवे स्टेशन से रांची सहित आसपास के दर्जन भर से अधिक जिलों और दो-तीन राज्यों से जुड़े लोग ट्रेन पकड़ने के लिए आते हैं। यही से उनकी यात्रा शुरू होती है। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी रांची देश के कई प्रमुख शहरों से नहीं जुड़ सका है, जिससे यहां के नागरिक अपनी यात्रा के दौरान काफी परेशानी उठाते हैं। विद्यार्थी, किसान, नौकरी पेशा, व्यवसाय से जुड़े लोग, पर्यटक, विभिन्न बीमारियों का इलाज कराने वाले लोग रांची से दक्षिण भारत, गुजरात, राजस्थान, हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे राज्यों और शहरों की यात्रा को जाते हैं परंतु रांची से सीधी ट्रेन सेवा नहीं होने के कारण उन्हें समस्या होती है। ऐसे क्षेत्र के लिए रांची से सीधी ट्रेन सेवा चालू हो तो यात्रियों को काफी लाभ होगा। उनका समय बच सकेगा। राजधानी रांची देश के कई शहरों से सीधे जुड़ सकेगी और रेलवे को राजस्व भी प्राप्त होगा। श्री सेठ ने रांची से सिल्ली, मुरी, हजारीबाग के लिए पैसेंजर व शटल ट्रेन के परिचालन का भी आग्रह किया है। वहीं श्री सेठ ने रेल मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र में पूर्ण हो चुके रेलवे ओवरब्रिज, रेलवे अंडरपास के लोकार्पण कर चालू करने का आग्रह भी किया और लंबित पड़ी विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी देते हुए इसे तेज गति से पूर्ण करने हेतु निर्देशित करने का सुझाव दिया। रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रेल मंत्री ने उनकी सारी बातों को गंभीरता से सुना है और इस पर सकारात्मक पहल करने की बात भी कही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नेतृत्व में रांची सहित पूरे झारखंड को रेल मंत्रालय में कई सौगातें दी है। वर्षों से लंबित पड़ी योजनाओं पर काम हुए हैं। आधी अधूरी योजनाएं पूर्ण हो रही हैं। कई नयी परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है। बहुत जल्द ही रांची लोकसभा क्षेत्र को रेलवे की तरफ से और भी कई सौगातें दी जायेंगी।

### रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री को आग्रह पत्र सौंपा

- रांची-लोहरदगा रेल खंड में रेलवे लाइन पिलर संख्या 423/15 के समीप पुंदाग भागलपुर टोला में बड़ी आबादी निवास करती है। यहां पहुंच पथ नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। इसके निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।
- रांची से पुरी की यात्रा पर्यटन और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन पूरी और रांची के बीच होता है। इस रेल खंड पर स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन यात्रा को भी सुगम बनायेगा और रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी।
- विद्यार्थी, किसानों और नौकरी पेशा से जुड़े लोगों के आवागमन हेतु रांची से सिल्ली और मुरी के लिए शटल ट्रेन का परिचालन अति आवश्यक है। इस ट्रेन का दिनभर में 4 फेरा सुनिश्चित हो।
- रांची से मेसरा, सिल्ली, मुरी, बरकाकाना के रास्ते हजारीबाग तक एक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन नागरिकों के हित में और रेलवे के हित में भी श्रेयस्कर होगा।
- रांची से ऋषिकेश और हरिद्वार के लिए लंबे समय से ट्रेन की मांग होती रही है। रांची से योग नगरी के लिए ट्रेन का परिचालन किया जाये।
- रांची से जयपुर की यात्रा व्यावसायिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। बड़ी संख्या में दोनों जगह के लोग रांची और जयपुर में रहते हैं। ऐसे में रांची से जयपुर तक नयी ट्रेन का परिचालन या रांची से नयी दिल्ली तक चलने वाली जनसंपर्क क्रांति एक्सप्रेस का विस्तार जयपुर तक करने से दोनों ही क्षेत्र के लोग लाभान्वित होंगे।
- टाटा अहमदाबाद एक्सप्रेस (12834) का परिचालन प्रतिदिन टाटा से अहमदाबाद के लिए होता है। इस ट्रेन का विस्तार झारखंड की राजधानी रांची तक देने से रांची और आसपास के बड़े क्षेत्र के लोगों के लिए अहमदाबाद की यात्रा सुगम हो सकेगी।
- हटिया एनार्कुलम धरती आबा एक्सप्रेस (22837) का परिचालन सप्ताह में सिर्फ एक दिन हटिया से किया जाता है। इस ट्रेन का परिचालन भी सप्ताह में न्यूनतम 3 दिन किया जाये ताकि क्षेत्र के लोग सुगमता पूर्वक यात्रा कर सके।

## डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

# डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों का बलिदान अधूरा है : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे रांची के मेकॉन स्थित त्रिमूर्ति चौक और शहीद स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम का आयोजन डोमिसाइल आंदोलन शहीद स्मारक समिति ने किया। मंत्री शिल्पी ने कहा कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति आंदोलन झारखंड की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए एक ऐतिहासिक बलिदान था। उन्होंने 24 जुलाई 2002 को शहीद हुए संतोष कुंकल, विनय तिग्गा और कैलाश कुजूर को याद करते हुए कहा कि उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने इस आंदोलन से अपने भावनात्मक जुड़ाव का भी जिक्र किया।

**राजभवन में अटका है स्थानीय नीति का प्रस्ताव :** मंत्री ने बताया कि 2023 में राज्य सरकार ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति का प्रस्ताव विधानसभा से पारित कर राजभवन भेजा था, लेकिन इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को सही मायने में तभी सम्मान मिलेगा, जब उनके परिजनों को न्याय और उनके सपनों को पूरा किया जायेगा।

**इनकी रही उपस्थिति :** सभा में शहीद स्मारक समिति के सदस्य संजय तिग्गा, बेलस तिर्की, शिवा कच्छप, जगदीश लोहरा, दीपू सिन्हा और जलील अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने शहीदों को नमन कर उनके सपनों को साकार करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### शहीदों के परिजनों को सुविधाएं देने का आश्वासन

शिल्पी नेहा तिर्की ने आश्वस्त किया कि वे डोमिसाइल आंदोलन के शहीदों को शहीद का दर्जा देने और उनके परिजनों को सरकारी सुविधाएं प्रदान करने की मांग को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखेंगी। उन्होंने भरोसा जताया कि संवेदनशील सरकार इस मांग पर गंभीरता से विचार कर उचित कदम उठायेगी।

# हाथी ने एक को कुचला, इलाज के दौरान मौत

## परिजन और ग्रामीण मुआवजा और अन्य मांगों को लेकर सड़क पर उतरे



**20 लाख मुआवजा अन्य मांगों को लेकर कोडरमा कोवाड मुख्य मार्ग जाम किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड के तेतरौन चौक पर मरकच्चो प्रखंड के बेलाडीह निवासी सद्दाम अंसारी (29, पिता मंसूर अंसारी) को हाथी ने कुचल कर मार दिया, जिसके आलोक में ग्रामीणों ने तेतरौन मुख्य मार्ग को गुरुवार जाम कर दिया। स्कूल बस सहित अन्य का परिचालन ठप रहा एवं लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा। परिजन सहित अन्य ग्रामीणों ने 20 लाख रुपये मुआवजा तथा अन्य मांगों को लेकर सड़क पर अड़े रहे। ज्ञात हो कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के चोपनाडीह पंचायत स्थित सलैया पहरी में हाथी के कुचलने से एक युवक बुरी तरह घायल हो गया था एवं सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। इधर इस घटना के पश्चात ग्रामीणों में दहशत का माहौल फैला हुआ है। प्रशासनिक महकमा पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

**हाथियों के आतंक से दहशत में हैं ग्रामीण :** हाथियों के आतंक से डर के साये में ग्रामीण जी रहे हैं। बता दे कि जयनगर प्रखंड क्षेत्र में पिछले 6 महीने से हाथियों ने आतंक मचा कर रखा है। कई लोगों की जान भी ले लिया है परंतु प्रशासनिक दृष्टिकोण से हाथियों को भगाने के लिए कोई सार्थक पहल नहीं किया जा सका है। जयनगर प्रखंड के पिसपिरो निवासी ननकू यादव की मौत भी हाथी के कुचले जाने से ही हो गयी थी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी गौतम कुमार, थाना प्रभारी बबलू कुमार दलबल के साथ पहुंचकर भीड़ को शांत करने की कोशिश कर रहे थे परंतु ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीण शव के साथ सड़क पर जमे रहे। बीडीओ, थाना प्रभारी एवं वन विभाग के सहमति के पश्चात वन विभाग के द्वारा 25 हजार की राशि दिया गया एवं शेष राशि 3 लाख 75 हजार की राशि बाद में दिया जायेगा। सहमति के पश्चात रोड़ जाम हटाया गया। मौके पर माले नेता इब्राहिम, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र दास, सरफुद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि महेश दास, मुस्ताक अंसारी, रामचंद्र यादव, महावीर यादव, बहादुर यादव सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय छुतहरी कटिया में हाथियों का आतंक

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बरकनगांगो पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय छुतहरी कटिया में बुधवार रात्री हाथियों की झुंड ने कार्यालय, वर्ग कक्ष का दरवाजा और खिड़की को तोड़ दिया तथा अन्य सामानों को बिखेर दिया। जिसके बाद गुरुवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार और शिक्षक जैसे विद्यालय पहुंचे तो देखा कि दरवाजा, खिड़की हाथी के द्वारा तोड़ दिया गया है। जिसकी सूचना मिलते हैं बीडीओ रोशमा डुंगडुंग विद्यालय का निरीक्षण किया। जानकारी हो कि 4 माह पूर्व भी इस विद्यालय में हाथियों के द्वारा दीवार, खिड़की व दरवाजा तोड़ा गया था और चावल खा गया था।



हाथियों के द्वारा तोड़ा गया स्कूल का दरवाजा।

## आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद ही लाभुकों के नाम डिलीट हो : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** डीसी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ई-केवाईसी, राइटफुल टारगेटिंग, सेल्फ सरेंडर, बेनिफिशरी, आरसीएमएस, गोदाम मरम्मती, धान अधिप्राप्ति, डोर स्टेप डिलीवरी, जनवितरण प्रणाली विक्रेता, चना-दाल, चीनी, नमक वितरण, अंत्योदय योजना तथा सफेद एवं ग्रीन राशन कार्ड के अंतर्गत लाभुकों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। डीसी ने सभी एम ओ को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र भ्रमण कर डीलरों के कार्यों की समीक्षा सुनिश्चित करें। ई-केवाईसी के संबंध में डीसी ने स्पष्ट किया कि जिन लाभुकों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है, उसके कारण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मृत लाभुकों के राशन कार्ड को जांचोपरांत विलोपित करने तथा योग्य लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया गया। डीसी ने सख्त निर्देश दिया कि फिजिकल वेरिफिकेशन के उपरांत ही राशन से लाभुकों के नाम डिलीट किए जाएं।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि छह महीने से राशन नहीं उठाने वाले लाभुकों को चिन्हित करें और डुप्लीकेट लाभुकों का सत्यापन किया जाए। डीसी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को अपने लॉगिन में लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन कर शून्य करने, पात्र लाभुकों के आवेदन स्वीकृत करने तथा अपात्र, मृत या राशन कार्ड सरेंडर किए गए मामलों में जांचोपरांत अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोदाम मरम्मती के संबंध में उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को बरसात खत्म होते ही कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने को कहा। साथ ही खाद्यान्न उठाव से संबंधित विवरण को रियल टाइम में पोर्टल पर प्रविष्ट करने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। धान अधिप्राप्ति से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त के अलावे जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बालू का अवैध रूप से परिवहन करते छह ट्रैक्टर जब्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सिकरी ओपी पुलिस ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार के नेतृत्व में बुधवार की रात में एनजीटी लागू होने के बावजूद भी बालू का अवैध रूप से परिवहन करने के दौरान छह ट्रैक्टरों को जब्त किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सिकरी ओपी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चोरका गांव की ओर से छह ट्रैक्टर जिस पर अवैध बालू लोड है, चमगढ़ा के रास्ते अपने गंतव्य की ओर जा रहा है। सूचना सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु सिकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अजय भगत और सहायक पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार पांडेय और थाना रिजर्व गार्ड के नेतृत्व में उक्त मार्ग पर रात में गस्ति किया जा रहा था। इसी दौरान छह ट्रैक्टर बालू लोड कर आते दिखे। इसी दौरान पुलिस की मौजूदगी जान कर सभी ट्रैक्टरों के चालक ट्रैक्टर छोड़ कर रात के अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गये। पुलिस को घटना स्थल पर छह ट्रैक्टर बालू लोड गाड़ी मिला। जिसपर लगभग एक हजार सीएफटी बालू लोड होने का अनुमान है। जब्त ट्रैक्टरों में रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं होने के कारण गाड़ियों के इंजन नंबर और चेसिस नंबर के आधार पर जांच पड़ताल कर मामला दर्ज किया जा रहा है।

### सीओ ने बालू लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया


**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में अवैध बालू परिवहन के विरुद्ध प्रशासनिक सख्ती देखने को मिली है। अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा व थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी ने बुधवार को मरकच्चो अस्पताल रोड से एक ट्रैक्टर व गुरूवार को प्रखंड के चोपनाडीह से एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। ये ट्रैक्टर बगैर वैध कागजात के बालू परिवहन कर रहे थे। सीओ के द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुवे दोनों ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाना में सुरक्षित रखा गया है। सीओ के द्वारा संबंधित धाराओं के तहत कानूनी प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है। स्थानीय प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अवैध खनन व बालू परिवहन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

### सत्यनारायण मंदिर में सावन मिलन का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सावन माह के 15 दिन बीत चुके हैं और अभ्रकनगरी में भी चहुंओर सावन की धूम मची है। मंदिरों एवं निवास स्थलों में पूजा अर्चना, रुद्राभिषेक एवं भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना है। आस्था के इस महान पर्व को लेकर शुक्रवार को सीएच स्कूल रोड़ स्थित गुरूकृपा शांति भवन में सामुहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर झुमरीतिलैया, कोडरमा, डोमचांच के रास्ते वाहनों से तथा कोडरमा स्टेशन से रेलों के जरिए कोडरमा, कवार मधुपुर होते हुए गया जंक्शन से देवघर जाने के लिए तथा वाराणसी, अमरनाथ, तारकेश्वर सैकड़ों कि संख्या में श्रद्धालु भक्त हर-हर महादेव के नारों के साथ कोडरमा जंक्शन से रवाना हो रहे हैं। खुदरा पट्टी स्थित सत्यनारायण मंदिर में सावन मिलन का आयोजन हुआ। गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। साथ ही दीपा गुप्ता ने कभी राम बन कर कभी श्याम बन कर.. तथा रेणु तर्वे, सारिका कपसिमे ने शिव जी पर आधारित भजन तथा हरे रामा हरे कृष्णा का जाप किया। इस अवसर पर सुनीली अठघरा, सोनाली कपसिमें, रीना मोदी, ललीता भदानी, कविता आर्या, संध्या सेठ, अनिता एकघरा, राखी भदानी, शालिनी तर्वे के अलावा गुरु कृपा शांति भवन महिला समिति सदस्य मौजूद थीं।

### दिव्यांगों को बैटरी से चालित रिक्शा मिला



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में एक सराहनीय पहल के तहत बाल विकास परियोजना पदाधिकारी हुलास महतो के द्वारा गुरुवार को 19 दिव्यांग व्यक्तियों को बैटरी से चलने वाला रिक्शा प्रदान किया गया। यह सहयोग सामाजिक समावेश और दिव्यांग जनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रिक्शा पाने वाले लाभुकों की आंखों में खुशी साफ झलक रही थी। रिक्शा प्राप्त करने वाले लोगों ने कहा कि इस सहायता से अब उन्हें रोजगार के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। मौके पर सीडीपीओ ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना है ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सके। मौके पर प्रमुख बिजय कुमार सिंह, सीओ पर परमेश्वर प्रसाद कुशवाहा, एई चितरंजन, कमल आदि उपस्थित थे।

# भगवती मठ की भूमि को बचाने उतरे ग्रामीण और समाजसेवी, बनायी कमेटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड के परासी स्थित ऐतिहासिक प्रसिद्ध मंदिर भगवती मठ और उसके बाग बगीचे व तालाब के संरक्षण को लेकर लक्ष्मी नारायण मंदिर बड़ा अखाड़ा में गुरुवार को बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अशोक कपरदार और संचालन सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया। बैठक के दौरान भगवती मठ के गौरव को बचाने और उसके भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ ग्रामीण एकजुट हुए। प्रबुद्ध जनों ने मठ के इतिहास को सबके सामने बताते हुए सर्वसम्मति से मंदिर संरक्षण एवं भूमि बचाव समिति का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, उपाध्यक्ष गोपाल पांडेय, सचिव गजेंद्र प्रजापति, संरक्षक अशोक कपरदार, विक्की धवन, सुजीत मेहता, शंभू ठाकुर, भैरो नारायण सिंह, कामेश्वर, रूपेश, कमल, कोषाध्यक्ष अशोक राम व प्रकाश चंद्रवंशी, उपसचिव उमेश गुप्ता, महामंत्री जितेंद्र पाठक समेत ग्यारह सक्रिय सदस्य बनाया गया। गठित कमेटी के बाद समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि भगवती मठ और उसके बाग बगीचे एवं तालाब को लूटने के लिए कुछ भू माफिया लगे है, जिन्हें किसी कीमत पर लूटने नहीं दिया जायेगा। साथ ही अवैध तरीके से माफिया मंदिर की जमीन को हड़पना चाहते हैं। इस जमीन को किसी भी भूमाफिया को हड़पने नहीं दिया जायेगा। इसके लिए पूरी इचाक की जनता संवैधानिक तरीके से लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट और तैयार है।

### सीओ और थाना प्रभारी ने भगवती मठ के स्थल का किया निरीक्षण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** भगवती मठ के विवादित भूमि पर अंचल अधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता एवं थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह प्रशासनिक अमला के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान भूमि से संबंधित दोनों पक्षों की बात को सुनने के बाद फिलहाल किसी भी पक्ष को कोई भी काम न करने की हिदायत देते हुए सोमवार को दोनों पक्षों को अपने दस्तावेजों के साथ अंचल कार्यालय में उपस्थित होने की बात कही। अंचल अधिकारी ने कहा कि दस्तावेज का अवलोकन के बाद ही सही निर्णय हो पायेगा। फिलहाल विधि व्यवस्था को बिगाड़ने वाले लोगों पर शख्त कार्रवाई की जायेगी। मौके पर ब्रह्मदेव पांडे, यमुना स्वर्णकार, राजेश अग्रवाल, राजू राम,नंदू कुमार, कन्हैया कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### बिजली विभाग ने मारा छापा,पांच लोगों पर लगा जुर्माना

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही )।** इन दिनों बिजली विभाग क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वाले लोगों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। विभाग की ओर से बुधवार देर शाम तक टाटीझरिया के कनिय अभियंता प्रदीप प्रजापति के नेतृत्व में छापामारी किया गया, जिसमें पांच लोगों को जुर्माना लगाया गया। वहीं बहुत सारे उपभोक्ताओं को समझौता कराया गया है। छापेमारी में मायापुर में संचालित मुर्गी फार्म संचालक शंभु कुमार पिता भुनेश्वर महतो पर 342656 रूपया, जेरूवाडीह में संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल के संचालक साहिल अंसारी पर 18100रूपया, कुंदन कुमार 18100रूपया, उर्मिला देवी पति किशुन यादव 9050 रूपया, एवं किशोर मोहन कुशवाहा पर 9050 रूपया जुर्माना लगाया है। जेई प्रदीप प्रजापति ने कहा कि अवैध रूप से उपयोग करने वाले पर अब खैर नहीं है।

### यूजीसी की नेट परीक्षा में सफल अजय को समाजसेवियों ने किया सम्मानित



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द गांव निवासी कृषक नूनू साव के पुत्र अजय कुमार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नेट परीक्षा 2025 मुख्य विषय हिंदी साहित्य में सफलता मिलने पर गांव के सामाजिक लोगों ने पुरस्कृत किया। सामाजिक लोगों में आगामी पंचायत चुनाव 2027 के तैयारी कर रहे वार्ड 11 के वार्ड सदस्य प्रत्याशी संतोष कुमार के नेतृत्व में उनके पैतृक आवास नापोखुर्द गांव में अजय को डायरी, कलम एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी विकास कुमार, सुदेश कुमार, लव कुमार, ओम प्रकाश कुमार, सुजीत राम, सुखदेव साहू जोगिंदर साव सहित अन्य लोक उपस्थित थे। सम्मानित करते हुए इन लोगों ने अजय के उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। ज्ञात हो कि अजय ने अनुदान आयोग नेट परीक्षा में हिंदी विषय पर 99.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है।

### केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक ने शिव भक्तों को देवघर के लिए किया रवाना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के शिव भक्तों की समूह को केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक शशि कुमार बागे एवं बड़कागांव मध्य पंचायत के पैक्स अध्यक्ष दिनेश प्रसाद देवी मंडप निर्माण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र महतो ने देवघर जाने के लिए रवाना किया। सबसे पहले काली मंदिर के प्रांगण में शिव भक्तों को सम्मानित किया गया।इसके बाद उन्हें गेरूवा रंग का वस्त्र देकर रवाना किया।देवघर जाने वालों में शिव भक्त में मुख्य रूप से दीपक कुमार महतो, अश्विनी कुमार ,पिंटू कुमार, तुलसी कुमार राणा, रोशन, संदीप, सरोज, नीरज, सनी, दीपक, सुजीत, प्रकाश, धीरज, रुपेश, विपिन, कृष्ण, राकेश कुमार शामिल है।

# राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की सदस्य बनीं कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के नियमावली 2001 के तहत राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, झारखंड शाखा के कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है। इसमें कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव बतौर सदस्य शामिल की गईं हैं। संघ के सभापति विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, उप सभापति मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ ही विधायक नवीन जायसवाल, दशरथ गागराई, डॉ नीरा यादव, अनन्त प्रताप देव, ममता देवी सदस्य बनाए गए हैं। इधर कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का सदस्य बनाए जाने पर विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

**राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की बैठक आज :** राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, झारखंड शाखा की कार्यकारिणी समिति की बैठक 25 जुलाई को अध्यक्ष, झारखण्ड विधान सभा, रांची के कार्यालय कक्ष में निर्धारित की गई है। उक्त बैठक में 68वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन, ब्रिजटाऊन, बारबाडोस से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श की जायेगी।

### डोमचांच : वाटर पार्क में फिर हुई दुर्घटना, एक युवक गंभीर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत गैठीबाद स्थित वाटर पार्क में एक बार फिर दुर्घटना हुआ है। वाटर पार्क में नहाने आया एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना में घायल युवक की पहचान गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के रियाज अंसारी (उम्र 18 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि रियाज कुछ दोस्तों के साथ वाटरपार्क मस्ती करने आया था जहाँ स्लायडिंग कर रहा था इसी दौरान यह घटना घटी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया।

### विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने डीइओ को ज्ञापन सौंपा



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अतुल आनंद के नेतृत्व में गुरुवार को छात्र के परिवार से मिले और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया चंद्रावती मेमोरियल स्कूल में छात्र सत्यम कुमार पिता जितेंद्र कुमार पढ़ाई करता था। उनके परिजनों ने बताया कि शिक्षक ने हमारे बच्चा को बहुत ही बेरहम तरीके से मारा, जिससे कान का पर्दा फट गया और कोडरमा सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया। अभी रांची रिम्स में इलाज चल रहा है। विद्यालय प्रशासन से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मिले, तो विद्यार्थी परिषद के दिये गये पत्र को लेने से विद्यालय प्रशासन ने इनकार कर दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी से अभाविप के कार्यकर्ता मिले और ज्ञापन दिया। डीईओ ने बताया कि इस मामला को संज्ञान में लेते हुए जांच किया जायेगा और दोषियों पर उचित कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान कार्यकर्ता प्रशांत कुमार, धीरज कुमार, सरोज कुमार, गोल्डेन सिंह, सुभाष मेहता आदि मौजूद रहे।

# हजारीबाग झामुमो जिला समिति का विस्तार

## युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, बुद्धिजीवी मोर्चा का भी हुआ गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झामुमो केंद्रीय महासचिव बिनोद कुमार पांडेय ने हजारीबाग झामुमो जिला समिति का विस्तार किया है। हजारीबाग जिला समिति के अलावा युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा और बुद्धिजीवी मोर्चा का भी गठन किया गया है। विभिन्न पदों पर उपाध्यक्ष, संगठन सचिव, प्रवक्ता के अलावा युवा मोर्चा जिला कमिटी का भी विस्तार कर पदाधिकारियों के नामों की अनुसंशा की है। जिसमें झामुमो जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी नईम राहि, दीपक कुमार राय, रंजीत कुमार मेहता और विकास बेदिया को दी है। वहीं संगठन सचिव राजलाल महतो, अनन्या मुखर्जी और गणेश गंझू को बनाया गया है। सह सचिव के रूप में मो अब्दुल्लाह खान, लखीराम मांझी, दयानन्द कुमार मेहता, राजदेव यादव, हेमंत भुइयां और दिनेश रविदास को बनाया है। इलियास अंसारी, सतिश कुमार दास और कुणाल यादव को प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं गौरव पटेल को युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही पीयूष बेदिया, सतेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सुनील शर्मा को सचिव और गोविंद कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सुनीता देवी को महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही मो सरफराज अहमद को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष, प्रभु मुर्मू को किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष और सदन प्रसाद मेहता को झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। कमिटी गठन पर जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा है अब पार्टी और मजबूत होगी। सभी हमारे हैंड है और पार्टी और संगठन को गांव गांव तक पहुंचाने में सभी मदद करेंगे। कमिटी गठन पर जिला सचिव नीलकंठ महतो, केंद्रीय नेता सुनील शर्मा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, इचाक प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, प्रखंड सचिव विनय कुमार, नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश समेत अन्य झामुमो नेताओं ने खुशी जाहिर की है।

### विकास कार्यों में गरीबों और वंचितों की अनदेखी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कटहाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम सेहवाडीह चौक पर समाजसेवी नसीम खान ने कहा है कि पंचायत में हो रहे विकास कार्यों में गरीबों व वंचितों की अनदेखी की जा रही है। पंचायत में हो रही अनदेखी पर विचार नहीं किया गया तो बाध्य होकर उपायुक्त कोडरमा से बात कर गरीबों वंचितों की लड़ाई लड़ी जाएगी। जिसमें प्रखंड के बुद्धिजीवियों से संपर्क किया जा रहा है। मौके पर नौशाद खान, सलाउद्दीन खान, इमाम उदीन उर्फ मंगरु, यमुना यादव,जय प्रकाश सिंह, सोवेफ खान, अजमल खान, साबीर खान, संतोष मोदी, केदार मोदी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कल मनाया जायेगा वन महोत्सव

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत सांकुल में 26 जुलाई को 76वां वन महोत्सव मनाया जायेगा। जिसे लेकर वन विभाग के पदाधिकारी तैयारी में जुट गये हैं। महोत्सव की सफलता को लेकर प्रचार प्रसार और संपर्क अभियान का कार्य जोरों पर है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, विशिष्ट अतिथि बड़कागांव विस के विधायक रोशन लाल चौधरी, सम्मानित अतिथि उपायुक्त रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार और वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ नीतीश कुमार वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल होंगे।

## चितरपुर में श्री विधि पद्धति से धान की रोपनी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), प्रखंड चितरपुर, जिला रामगढ़ के द्वारा गुरुवार को पंचायत चितरपुर पूर्वी, गांव चितरपुर में मीना कुमारी के खेत में लगभग एकड़ जमीन पर श्री विधि पद्धति से प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली एवं सहायक तकनीक प्रबंधक निरंजन कुमार के द्वारा खुद से धान बीहन को रोपण कर पंक्तिबद्ध तरीके अपनाकर प्रत्यारोपण की गयी थी। चितरपुर गांव में पहली बार श्री विधि से घान की फसल लगाकर शुरूआत की गयी हैं। इस कार्य को साकार करने में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा चितरपुर प्रखंड के तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली के द्वारा किसान को प्रेरित करने के उपरांत घान की खेती पहली बार साकार की गयी है। आत्मा के द्वारा मीना कुमारी को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन के तहत सूखारोधी किस्म आइआर 64 डीआरटी 1 प्रत्यक्षण हेतु उपलब्ध कराया गया था। इस प्रभेद के धान का उपज होने के उपरांत इसके बीज को किसान लगातार तीन वर्ष तक बीहन के लिए प्रयोग में ला सकते हैं।

## सीसीएल जीएम से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल ग्रामीण क्षेत्र में सीएसआर फंड से कार्य की मांग



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के जीएम राजीव कुमार सिन्हा से गुरुवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक मुलाकात की। जीएम कार्यालय, कुजू में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अगुवाई में सकारात्मक चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सीसीएल क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों मे सीएसआर फंड के तहत विकास कार्यों पर विशेष जोर देने का आग्रह किया। जिसपर जीएम राजीव कुमार सिन्हा ने सकारात्मक सहयोग करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा, बड़काचुंबा मुखिया सह जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, सुनील प्रसाद साहू, वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, पूर्व मुखिया रामसहाय बेदिया, दिलेश्वर कुशवाहा, पवन रब्बानी शामिल रहे।

## पतरातू और भुरकुंडा के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक कटी रहेगी बिजली

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा और पतरातू के ग्रामीण क्षेत्रों में 25 जुलाई को प्रात: 8 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली कटी रहेगी। इस दौरान 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन में कार्य किए जायेंगे। इसलिए 33 केवी इनकमिंग लाइन 12 सी एवं 13 सी लाइन बंद रहेगा। यह जानकारी बिजली विभाग के विद्युत अभियंता रोहिताश कुमार ने दी।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में मशीन लर्निंग पर कार्यशाला का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में गुरुवार को फैकेल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के तत्वाधान में एक दिवसीय मशीन लर्निंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मानभूम महाविद्यालय के प्रो पल्लव कुमार दास ने कार्यशाला विशेषज्ञ के तौर पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने संबोधित करते हुए प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए अधिक से अधिक शोध पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। वही, सचिव प्रियंका कुमारी ने कार्यक्रम की सराहना कि और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ संजय कुमार विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने स्वागत भाषण में सभी प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय के व्याख्याता वैष्णवी ने की। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, इंजीनियरिंग संकाय एवं कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के व्याख्यातागण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## मादक पदार्थों के रोकथाम के लिये पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को थाना क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं के बीच कुंदा थाना पुलिस द्वारा निषिद्ध मादक पदार्थों के रोकथाम एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व एसआई सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर नशा नहीं करने की सलाह देते हुए कहा गया कि नशा करने से मनुष्य बर्बाद हो जाता है। मादक पदार्थों के सेवन की लत लगने के बाद इससे कभी छोड़ने का मन नहीं करता है। छात्राओं से अपने घर- परिवार के साथ पास पड़ोस में जागरूकता फैलाने साथ ही नशा नहीं करने के लिए गांव समाज के लोगों को प्रेरित करने की अपील किया गया। जिससे लोग नशा त्याग कर सभ्य समाज का निर्माण करें। साथ ही अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए भेजें। ताकि बच्चे पढ़कर अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें। मौके पर कुंदा पुलिस के अलावा कई विद्यालय में पढ़ने वाले छात्राओं मौजूद थे।

# गांधी स्मारक स्कूल में मसीहा बनकर पहुंचे उपायुक्त, बेहोश हो रहे छात्र की बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता



### जब भी मौका मिले जिंदगी बचाने के तरीके सीखें: डीसी

डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिला वासियों को यह संदेश दिया है कि वे फर्स्ट एड के उन सभी तरीकों के बारे में जाने, जिससे एक जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सके। हादसे कहीं भी और कभी भी हो सकते हैं। लेकिन जो व्यक्ति फर्स्ट एड देना जानता है वही लोगों की मदद भी कर सकता है। पूरे जिले में सीपीआर का प्रशिक्षण लगातार दिया जाने वाला है। आम नागरिकों को जब भी और जहां भी मौका मिले वे इस प्रशिक्षण को जरूर प्राप्त करें।

**रामगढ़।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जब से पदभार ग्रहण किया है, वे मानवता को बचाने के लिए लगातार पहल कर रहे हैं। उनका मिशन है कि लोग आपातकाल में एक दूसरे की सहायता करें, ताकि उनका जीवन बचाया जा सके। गुरुवार को डीसी खुद मसीहा बनकर गांधी स्मारक 10 प्लस 2 उच्च विद्यालय पहुंचे और एक छात्र का जीवन उनकी पहल से ही बचाई जा सकी। क्लास में बेहोश हो रहे छात्र को डीसी ने खुद फर्स्ट एड देने का प्रयास किया। इसके बाद तत्काल अपनी गाड़ी में ही बिठाकर छात्र को सीधा अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया और उस छात्र को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया।

**जहरीले जीव के काटने से क्लास में ही बेहोश हुआ अभय :** गांधी स्मारक 10 प्लस 2 उच्च विद्यालय में गुरुवार को पढ़ाई के दौरान ही 12वीं कला संकाय का छात्र अभय कुमार के मुंह से अचानक झाग निकलने लगा और वह बेहोशी की हालत में पहुंच गया। छात्रों ने देखा तो वहां मदद के लिए शोर मचाने लगे। अभय को किसी जहरीले जीव ने काटा था, जिसकी वजह से उसके मुंह से झाग निकलने लगा था। डीसी फैज अक अहमद मुमताज बिना किसी पूर्व सूचना के उस विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। दो-तीन क्लास में वे गये ही थे, कि उन्हें छात्र के बेहोश होने की खबर दी गयी। तत्काल अपना निरीक्षण छोड़कर उस क्लास में गये और छात्र की मदद की।

**प्रिंसिपल ने कहा भगवान बनाकर आये डीसी :** गांधी स्मारक 10 प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार अनल घटना को बेहद रहस्यमय तरीके से देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि डीसी उनके विद्यालय में आएंगे इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। जिस वक्त डीसी निरीक्षण का कार्य कर रहे थे, इस दौरान यह हादसा हुआ। अगर उस समय डीसी वहां नहीं मौजूद होते तो शायद उस छात्र की जान नहीं बच पाती।

सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने अभय का इलाज किया। बस स्टैंड के पीछे रहने वाले अभय के परिजन भी अस्पताल में मौजूद हैं।

# पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग ने किया रामगढ़ का दौरा, कार्यों का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ने सदस्य नंद किशोर मेहता एवं लक्ष्मण यादव की उपस्थिति में गुरुवार को सर्किट हाउस में पिछड़ा वर्ग से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा की गयी।

समीक्षा के दौरान अध्यक्ष ने कहा कि जिले में पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति का अध्ययन करने के लिए टीम रामगढ़ आयी है। बैठक के दौरान टीम ने जिले में संपन्न डोर टू डोर सर्वे, कार्यालय में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हुई नियुक्ति में आरक्षण का लाभ व प्रावधान की स्थिति, पिछड़ा वर्ग के नागरिकों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों की समीक्षा की।

साथ ही टीम ने प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु में पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को दिए गया मुआवजा, नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र के लंबित आवेदन, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नामांकन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में पिछड़ा वर्ग के लाभुकों की संख्या, मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में पिछड़े वर्गों के लाभुकों सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। बीएलओ द्वारा किये गये डोर टू डोर सर्वे की जांच की गयीः परिसदन में बैठक के उपरांत टीम के द्वारा स्थल निरीक्षण कर बीएलओ द्वारा किए गए डोर टू डोर सर्वे की जांच की गयी। टीम के द्वारा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 27, 28 एवं 30 जिनमे बूथ संख्या 90, 95, 96, 99, 108, 109, 110 एवं 111 का क्षेत्र भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी संबंधित बीएलओ द्वारा किए गए डोर टू डोर सर्वे कार्य सही पाये गये।

## जिला गंगा समिति की बैठक

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। मौके पर डीसी ने विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाये रखने एवं लोगों में जागरूकता लाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, गंगा समिति सदस्य गोविंद मेवाड, डीपीओ नमामि गंगे चंदन कुमार सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## सीसीएल जीएम से मिला लोकल बुद्धिजीवी मंच, सौंपा आवेदन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** लोकल विस्थापित प्रभावित बुद्धिजीवी मंच के सदस्यों ने सीसीएल कुजू जीएम राजीव कुमार सिन्हा से मुलाकात किया। इस दौरान सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा। इसी क्रम में तोपा पुराना कांटा घर से पिंडरा तक 2.5 किमी सड़क बनाने के लिए आवेदन सौपा। साथ ही, रैयतों की लंबित नौकरी एवं रोजगार से संबंधित विषयों से जीएम को अवगत कराया। वहीं, सदस्यों ने बताया कि उक्त सड़क के लिए मांडू विधायक निर्मल महतो ने भी अनुशंसा किया है। आवेदन सौंपने वालों में रंजीत कुमार सिन्हा, जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह, सुनील प्रसाद साहू, रबोध मुखिया उमेश करमाली, दिनेश्वर साहू, हरिशंकर प्रसाद, शंकर प्रसाद, बसंत प्रजापति शामिल रहे।

# पतरातू पुलिस ने बच्चों को मानव तस्करी से सुरक्षा की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पतरातू गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में गुरुवार को ओपी जिंदल क्लब परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उन्हें ह्यूमन ट्रैफिकिंग (मानव तस्करी), नशाखोरी, साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्टिंग, रोड सेफ्टी, यातायात नियमों, डायल 112 सेवा और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा जैसे गंभीर व महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मौके पर पतरातु एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक अपराधों की प्रकृति, उनसे बचने के उपाय और समाज में सुरक्षित जीवन जीने के तौर-तरीकों से परिचित कराना था। उन्होंने कहा कि ह्यबच्चे देश भविष्य हैं और उन्हें यदि समय रहते इन विषयों पर सही जानकारी दे दी जाए, तो वे स्वयं के साथ-साथ समाज को भी सुरक्षित रखने में भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने भी कई सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और व्यवहारिक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में एसडीपीओ गौरव गोस्वामी सहित पुलिस निरीक्षक सत्येंद्र प्रसाद, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, एसआई विपिन बिहारी आदि ने बच्चों को कई महत्वूपर्ण जानकारियां देकर उन्हें जागरूक करने का काम किया।

# सम्मान समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र, शिक्षक और पदाधिकारी सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कीर्तिश्री जी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की सभी इकाइयों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक के प्रारंभ में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिले में शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण सुधार सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त एफएलएन चैंपियनशिप फाउंडेशनल लिट्रेसी एंड न्युमेरेशी के अंतर्गत राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों, शिक्षकों एवं सीआरपी/ बीआरपी को भी प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपायुक्त द्वारा समीक्षा के दौरान कुन्दा प्रखंड में सभी कार्यक्रमों की प्रगति अत्यंत धीमी पाये जाने पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगायी गयी तथा चेतावनी दी गयी कि अगली बैठक तक सुधार नहीं होने पर संविदा समाप्ति की कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। सीएमएसओई विद्यालय में कक्षा 11 में कम नामांकन के कारण प्रधानाध्यापक को फटकार लगायी गयी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, सिमरिया और जिला शिक्षा पदाधिकारी को एक सप्ताह के भीतर विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों की स्क्रीनिंग कर योग्य प्रधानाध्यापक का नाम अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

## बारिश में गिरा विधवा का घर, आवास की मांग



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ढेबो गांव में लगातार बारिश होने से एक विधवा महिला का कच्चा मकान गिर गया। ढेबो गांव की महिला चमेला देवी ने बताया उसके पति दुखन यादव की चार वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गयी थी। उसे एक भी पुत्र नहीं है। महिला बेहद गरीब है। महिला चमेला के दो पुत्रियां हैं। दोनों पुत्री की शादी हो गयी है। गत दिनों से मूसलाधार बारिश के चलते उसका कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। जिस कारण वह बेघर हो गई है। मकान के मलबे में गृहस्थी भी दबकर खराब हो गई। मकान गिरने से चमेला अपने बेटी या रिश्तेदार के घर पर रहने को मजबूर है। बेघर हुई वृद्ध महिला चमेला रो रो बोलती है की साहेब मेरे लिए घर बनाना चुनौतीपूर्ण कार्य है मजदूरी कर किसी प्रकार अपना भरण पोषण करते हैं उन्होंने अधिकारियों से प्रधानमंत्री आवास दिलाये जाने की मांग की है।

## आदिम जनजाति की महिला ने लावालौंग एनएम पर पैसे लेने का आरोप लगाया



**लावालौंग / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की खबरें इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रही है। लावालौंग में विगत पंन्द्रह वर्षों से कार्यरत एनएम कुसुमलता द्वारा कार्यशैली की सारी हदें पार कर दी गई है। आदिम जनजाति परहिया परिवार भी इसके लूट भरे रवैये से वंचित नहीं रह पाया। उक्त विषय की जानकारी देते हुए भलवाही चांदी गांव निवासी राजकुमार परैहिया ने बताया कि तीन सप्ताह पूर्व वह अपनी बहन का प्रसव कराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आया था। जहां एनएम कुसुमलता द्वारा प्रसव कराया गया। इसके बाद उससे दो हजार रूपए की मांग करते हुए कहा गया कि पैसा जमा करोगे तभी बच्चे को यहां से जाने दिया जायेगा। इसके बाद उन लोगों ने सरकार के द्वारा दिया गया राशन का चावल को बेचकर इस भरी बरसात में एक हजार रूपये की जुगाड़ की। इसपर भी कुसुम के साथ कई बार विनती करना पड़ा। फिर उसने हमें जाने दिया। इसके बाद हाल में ही कुसुम से जन्म प्रमाण पत्र लेने पहुंचा और प्रमाण पत्र की मांग की तो कुसुमलता ने झुंझलाते हुए कहा कि एक महीना होने चला है और पैसा देने के लिए कभी सपना भी नहीं देखा। एक हजार बाकी था वो और छह सौ रूपये प्रमाण पत्र का जमा करो तब प्रमाण पत्र मिलेगा। हमलोगों को प्रमाण पत्र बनवाने में उपर पैसा देना पड़ता है। इसके बाद हमने घर के लिए जरूरी सामान लेने के लिए जेब में पड़े तीन सौ रूपए कुसुम को दे दिए। शेष बारह सौ रूपए बाद में देने की बात कहने पर कुसुम ने हमें प्रमाण पत्र दिया। इस बावत बीडीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि कुसुमलता के द्वारा अवैध वसूली का जानकारी विभिन्न माध्यमों से मुझे मिल रही है। परहिया परिवार से वसूली वाले मामले की जानकारी मुझे नहीं है। अगर एनएम दोषी पायी जाती है तो उसपर सख्त से सख्त कारवाई की जायेगी। कुसुमलता से पूछे जाने पर उसने कहा कि हमारा काम सिर्फ प्रसव कराना है, मेरे उपर लगाये गये आरोप निराधार है।

## वन भूमि कब्जा करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वन प्रक्षेत्र हंटरगंज अंतर्गत बरहपुर गांव में वन भूमि को कुदाल से साफ कर कब्जा करने के प्रयास में लगे एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वन विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत बरहपुर गांव निवासी रामदेव भारती के 28 वर्षीय पुत्र व्यास भारती को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया। हंटरगंज प्रभारी वनपाल चंदन कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया। उन्होंने लोगो से अपील की है की पर्यावरण को बचाना हम सभी का दायित्व है। यदि कोई पर्यावरण को क्षति पहुंचाने की कोशिश करता है तो उनके खिलाफ वन विभाग की ओर से नियमसंगत सख्त कानूनन करवाई की जायेगी।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2025-T-253

**कार्य का नाम :** सम्बलपुर मण्डल में बृन्दामल, लपंगा, रेंगाली, मानेश्वर, बड़ण्डा, रहेनबटा, मुरीबाहाल, तुरेकेला रोड, लखना एवं सीकीर में 11/0.4 KV क्षमतायुक्त सबस्टेशन का वृद्धि, प्रतिस्थापन।

**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** 1,31,48,385.94, EMD /बिड सुरक्षा जमा (रुपये में) : 2,15,800/-, कार्य पुरा होने की अवधि : स्वीकृति पत्र (LOA) जारी होने की तिथि से 12 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक :12.08.2025 को 1530 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं। निर्देशानुसार ई-निविदा मे भाग लेते समय सभी प्रासंगिक पेपर अवश्य अपलोड होना चाहिए।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट www.Ireps.gov.In का पुन:अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G), सम्बलपुर

PR-396/Q/25-26

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई-निविदा सं0- 04-GSU-DHN-2025-26**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **1. कार्य का नाम,स्थान तथा समापन अवधि:–** मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के अंतर्गत ओबरा डिपो में माल ढुलाई रखरखाव सुविधाओं में सुधार – 12 (बारह) महीने **2. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 88906067.70 **3. ब्याने की राशि (रूपये में):** ब्याने की राशि (रूपये में ) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू **4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 12.08.2025 को 15.00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 12.08.2025 को 16.00 बजे से। **5. वेबसाईट का विवरण :** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। **नोट:– (1)** प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. अवलोकन करें।

कृते मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद

पीआर/0643/जीएस/डीएचएन/टी/25–26

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-42-49-25, दिनांक 23.07.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्यः (1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-42-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/सोनामुखी एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ईस्ट/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार के संबंध में पी.वे कार्य का निष्पादन, रु. 2,02,52,197.11; **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-43-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/सोनामुखी एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ईस्ट/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार के संबंध में कंक्रीट ड्रेन के निर्माण के साथ विविध कार्य; रु. 7,16,90,132.61; **(3) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-44-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/गड़बेता एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/बॉकुड़ा/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार के संबंध में पी.वे कार्य का निष्पादन, रु. 3,95,90,772.33; **(4) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-45-25, दिनांक 23.07.2025,** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/गड़बेता व वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/बॉकुड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्ड के सुधार कार्य के संबंध में कंक्रीट ड्रेन के निर्माण के साथ विविध कार्य; रु. 2,77,12,686.28; **(5) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-46-25, दिनांक 23.07.2025,** (1) पुरुलिया-कोटशिला-राजाबेड़ा, अनारा-रुकनी, महुदा-चंद्रपुरा के बीच तथा टीटी लाइन सेक्शन में 16 अदद लेवल क्रॉसिंग गेटों पर गेट बैरियर के स्थानांतरण द्वारा लेवल क्रॉसिंग का मानकीकरण, दृश्यता, सडक सतह का सुधार तथा गेट लॉज का मानकीकरण (2) आद्रा मंडल में मंडल अभियंता (उत्तर)/आद्रा के क्षेत्राधिकार के अधीन अतिसंवेदनशील स्थान पर किसी भी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए रनिंग रेलवे ट्रैक की सुरक्षा हेतु आवश्यक बैरिकेडिंग/फेंसिंग; रु. 3,83,80,019.16; **(6) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-47-25, दिनांक 23.07.2025,** आद्रा मंडल में भारतीय रेल के 40 मौजूदा फ्रेट यार्डों के प्रौद्योगिकी संचालित यार्डों (स्मार्ट यार्ड) में रूपांतरण के संबंध में नॉलेज रूम (10 मीx5 मी) के निर्माण के साथ सड़क, चहारदीवारी इत्यादि जैसे आनुषांगिक कार्य; रु. 40,50,968.46; **(7) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-48-25, दिनांक 23.07.2025,** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में चौरासी एवं रामकनाली के बीच चौरासी साइडिंग का ब्लॉक स्टेशन के रूप में रूपांतरण के साथ ब्लॉक कार्यकारी प्रणाली; रु. 3,75,95,455.77; **(8) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-49-25, दिनांक 23.07.2025,** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में दामोदर-मोहिशीला तथा रामकनाली-चौरासी अनुभाग में कट एवं कवर पद्धति द्वारा विभिन्न आकारों के आरसीसी बॉक्स के जरिए गैर मानक पाइप एवं स्टन स्लैब ब्रिज का प्रतिस्थापन; रु. 16,80,32,381.06; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समयः** दिनांक 20.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www. ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-438)

# खाने पर 'खेल'

सावन के महीने में इस साल फिर नॉन-वेज फूड को लेकर विवाद सामने आया है। बिहार विधानसभा के सेंट्रल हॉल में सोमवार को खाने में नॉन-वेज भी परोसा गया, जिसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तलवारें खिंच गयी हैं। इसी तरह, यूपी में ढाबों-भोजनालयों पर दुकान मालिकों की पहचान स्पष्ट करने का मामला सुप्रीम कोर्ट में उठा। यहां भी मूल में भोजन ही है। कोई क्या खाता है, क्या नहीं, यह पूरी तरह व्यक्तिगत मामला है और इस पर ऐसे विवाद से बचा जा सकता था।

**व्यक्तिगत चुनाव :** खाने-पीने की पसंद किसी व्यक्ति की पहचान और उसकी संस्कृति का हिस्सा होती है। भारत में जैसी विविधता है, वैसे ही यहां के खाने में भी है। इसलिए किसी को क्या खाना चाहिए, इसकी पुलिसिंग नहीं की जानी चाहिए। फिर ऐसी कोई कोशिश संविधान के उस अनुच्छेद 21 का उल्लंघन होगी, जो जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की गारंटी देता है। भोजन और पहनावा भी इसी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा है।

**राजनीतिक विवाद :** हालांकि इसके बाद भी सावन में पिछले कुछ वर्षों से नॉन-वेज फूड को लेकर विवाद खड़े होते रहे हें। देखा जाये, तो ज्यादातर के मूल में राजनीति होती है। बिहार में दो साल पहले भी सावन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी के घर जाकर मटन पकाना मुद्दा बन गया था। कुछ दिनों पहले, जब प्रशांत किशोर की पार्टी में बिरयानी बंटी, तब भी हंगामा हुआ और सफाई देनी पड़ी कि यह तो वेज थी!

**असल में, भोजन केवल भूख से नहीं, व्यक्ति की गरिमा से भी जुड़ा है। सम्मान के साथ कमाने और खाने का हक इस देश के सभी नागरिकों को है। किसी भी वजह से न तो इन हकों को छीनने की कोशिश होनी चाहिए।**

**संतुलन की जरूरत :** आस्था को भोजन के साथ मिलाने पर समस्या खड़ी होनी ही है। दोनों ही निजी मामले हैं और दोनों में ही किसी को दखल देने का हक नहीं। हां, यह जरूर है कि जब बात किसी खास आयोजन या धार्मिक अवसर पर किसी समुदाय की भावनाओं से जुड़ी हो, तो वहां सभी पक्षों के संवैधानिक अधिकारों के बीच संतुलन की जरूरत पड़ती है। ऐसा ही होता भी आया है।

**गरिमा का सवाल :** असल में, भोजन केवल भूख से नहीं, व्यक्ति की गरिमा से भी जुड़ा है। सम्मान के साथ कमाने और खाने का हक इस देश के सभी नागरिकों को है। किसी भी वजह से न तो इन हकों को छीनने की कोशिश होनी चाहिए। फिर यह भी देखना चाहिए कि खाने का इस्तेमाल राजनीति की बिसात पर न हो। साथ ही, इस राजनीति से लोगों की रोजी-रोटी पर आंच भी नहीं आनी चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मल्टीलेयर फार्मिंग का मतलब है एक ही खेत में एक ही समय पर अलग-अलग ऊंचाई वाली फसलें उगाना। इस पद्धति में ऊपरी, मध्य, निचली और जमीन के नीचे की परतों में फसलें लगायी जाती हैं। इसका उद्देश्य है - प्रकाश, जल, पोषक तत्वों और भूमि के उपयोग का अधिकतम लाभ उठाना।**

# बहु-स्तरीय खेती: कम भूमि में अधिक उत्पादन

रोहन प्रसाद गुप्ता

देश में बढ़ती जनसंख्या, घटती खेती की जमीन और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच, खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए नवाचारों की आवश्यकता है। ऐसे समय में मल्टीलेयर फार्मिंग (बहु-स्तरीय खेती) किसानों के लिए एक आशाजनक विकल्प बनकर उभर रही है। यह प्रणाली कम भूमि में अधिक फसल उत्पादन की सुविधा देती है, जिससे किसान की आमदनी बढ़ायी जा सकती है।

## क्या है मल्टीलेयर फार्मिंग?

मल्टीलेयर फार्मिंग का मतलब है एक ही खेत में एक ही समय पर अलग-अलग ऊंचाई वाली फसलें उगाना। इस पद्धति में ऊपरी, मध्य, निचली और जमीन के नीचे की परतों में फसलें लगायी जाती हैं। इसका उद्देश्य है - प्रकाश, जल, पोषक तत्वों और भूमि के उपयोग का अधिकतम लाभ उठाना।

**ऊपरी परत :** लंबी और ऊंची फसलें जैसे केला, नारियल, पपीता, आम आदि। ये फसलें सूरज की सीधी रोशनी लेती हैं।

मध्य परत : मध्यम ऊंचाई की फसलें जैसे टमाटर, बैंगन, मिर्च, गोभी आदि। ये ऊपरी परत के पौधों की आंशिक छाया में उगाई जाती हैं।

**निचली परत :** जमीन के पास उगने वाली फसलें जैसे पालक, धनिया, मेथी, सलाद पत्ता। इनको ज्यादा धूप की जरूरत नहीं होती।

**भूमिगत परत :** जमीन के नीचे उगाई जाने वाली फसलें जैसे हल्दी, अदरक, मूली, शकरकंद आदि। इस तरह, एक ही खेत में 3-4 तरह की फसलें एक साथ उगाई जाती हैं, जिससे उत्पादन क्षमता बढ़ती है और जोखिम कम होता है।

**बहु-स्तरीय खेती एक उन्नत, टिकाऊ और लाभकारी कृषि प्रणाली है।**



झारखंड के रांची, गिरिडीह इत्यादि ज़िले में कई आदिवासी किसान इस तकनीक से सब्जी उत्पादन कर रहे हैं और स्थानीय मंडियों में अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। मल्टीलेयर फार्मिंग छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी, पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ खेती का एक आदर्श मॉडल है।

## बहु-स्तरीय खेती के लाभ

बहु-स्तरीय खेती एक उन्नत, टिकाऊ और लाभकारी कृषि प्रणाली है, जिसमें एक ही खेत में अलग-अलग ऊंचाई पर कई प्रकार की फसलें एक साथ उगाई जाती हैं।

**भूमि का अधिकतम उपयोग :** इस पद्धति में भूमि की सतह से लेकर ऊपर तक की पूरी जगह का उपयोग किया जाता है। इससे खेत का एक-एक इंच उपयोगी बनता है।

**आय में वृद्धि :** कई फसलें एक साथ उगाने से किसानों को अलग-अलग स्त्रोतों से आमदनी होती है, जिससे एकल फसली खेती की तुलना में ज्यादा मुनाफा होता है।

**जल संरक्षण :** ऊपरी परत की फसलें निचली फसलों को छाया देती हैं, जिससे वाष्पीकरण कम होता है और मिट्टी में नमी बनी रहती है। इससे सिंचाई की जरूरत कम हो जाती है।

**कीट और रोग नियंत्रण :** फसलों की विविधता के कारण कीट और रोगों का फैलाव कम होता है और रासायनिक कीटनाशकों की आवश्यकता भी घट जाती है।

**खरपतवार पर नियंत्रण :** घनी फसल व्यवस्था के कारण मिट्टी तक सूर्य का प्रकाश कम पहुंचता है, जिससे खरपतवारों की वृद्धि अपने आप कम हो जाती है।

**मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है :** विभिन्न फसलें मिट्टी से अलग-अलग पोषक तत्व लेती हैं और कुछ वापस देती हैं, जिससे मिट्टी में पोषक संतुलन बना रहता है।

**जलवायु सहनशीलता :** अचानक मौसम बदलने या प्राकृतिक आपदा के समय अगर एक फसल प्रभावित होती है तो दूसरी फसल से किसान को कुछ न कुछ लाभ मिल ही जाता है।

**रोजगार के अवसर बढ़ते हैं :** बहु-स्तरीय खेती में ज्यादा देखभाल, फसल कटाई और प्रबंधन की जरूरत होती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ता है।

**साल भर उत्पादन :** सही योजना के तहत बहु-स्तरीय खेती से पूरे वर्ष अलग-अलग फसलों का उत्पादन संभव है, जिससे आय और पोषण सुरक्षा बनी रहती है।

**पर्यावरण के अनुकूल :** इस पद्धति में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का कम प्रयोग होता है तथा जल की भी बचत होती है, जिससे यह प्रणाली पर्यावरण के अनुकूल बन जाती है।

झारखंड के रांची, गिरिडीह इत्यादि ज़िले में कई आदिवासी किसान इस तकनीक से सब्जी उत्पादन कर रहे हैं और स्थानीय मंडियों में अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। मल्टीलेयर फार्मिंग छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी, पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ खेती का एक आदर्श मॉडल है। यदि सही योजना और प्रशिक्षण के साथ अपनाया जाए, तो यह तकनीक किसानों की आमदनी को दोगुना करने और कृषि को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यदि इसे प्रशिक्षण, योजनाओं और जागरूकता के साथ बढ़ावा दिया जाए, तो यह कृषि की दिशा और दशा दोनों को बदल सकती है।

**(लेखक : शोधार्थी (पीएचडी), कृषि प्रसार एवं संचार विभाग, आइएएस, काशी हिंदू विश्वविद्यालय हैं।)**

# कोल्हान की खबरें

## आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में अशांति से परेशान उद्योगपतियों ने डीसी और एसपी से की शिकायत



सरायकेला (आजाद सिपाही)। आदित्यपुर स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र में लगातार गेट जाम, धरना-प्रदर्शन और उत्पादन बाधित करने को लेकर गुरुवार को सरायकेला डीसी और एसपी से मुलाकात कर लिखित शिकायत की। एसिया अध्यक्ष इंदर अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने शिकायत में कहा आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में लगभग चार लाख लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से कार्यरत हैं, लेकिन बीते छह महीनों से एक नवगठित राजनीतिक दल द्वारा औद्योगिक शांति भंग की जा रही है। प्रतिनिधियों ने चेताया यदि ऐसी गतिविधियां नहीं रुकीं तो उद्योगों को अन्य राज्यों में स्थानांतरित होने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिससे हजारों मजदूरों की आजीविका खतरे में पड़ जायेगी। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में संजय कुमार सिंह, संतोख सिंह, दशरथ उपाध्याय, राजीव रंजन, दिव्यांशु सिंह, देवांग गांधी और मनदीप सिंह सहित अन्य उद्योगपति शामिल रहे।

## राशन दुकान में चल रही थी विदेशी शराब का अवैध कारोबार, छापेमारी में आरोपी गिरफ्तार




नीमडीह (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुनायत को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक राशन दुकान से अवैध विदेशी शराब बिक्री के मामले का खुलासा कर दिया।एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी संतन तिवारी के नेतृत्व में गठित विशेष दल ने नीमडीह थाना क्षेत्र के डाहुबेड़ा गांव स्थित बनकाटी टोला में अमरेंद्र सिंह सरदार की राशन दुकान में छापेमारी कर किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बियर की 18 बोतल, दिल से (600') की 70 बोतल (पश्चिम बंगाल) और किंग्स गोल्ड (750') की 6 बोतल (अरुणाचल प्रदेश) बरामद कर ली।साथ ही आरोपी अमरेंद्र सिंह सरदार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी संतन तिवारी, हरेंद्र कुमार पाठक, नेपाल चंद्र महतो और सशस्त्र बल शामिल रहे।

## विकसित भारत के लिए वैज्ञानिक प्रयासों के 75 स्वर्णिम वर्षों का उत्सव

# सीएसआइआर-एनएमएल ने खनिज लाभ प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझानों पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया







आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीएसआइआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने अपने 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में खनिज लाभ प्रौद्योगिकियों में उभरते रुझानों पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वदेशी अनुसंधान और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता को सशक्त करना था। तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर के 22 संगठनों और शैक्षणिक संस्थानों से 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। लगभग 66 तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत किये गये, जो इस क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और औद्योगिक प्रथाओं को दशार्ते हैं।

इस आयोजन को टाटा स्टील, कोल इंडिया, जेएसडब्ल्यू स्टील, सेल, बोलडेटा, सेंट-गोबेन, हिंदुस्तान कॉपर और एरिज इंडिया जैसी प्रमुख औद्योगिक कंपनियों का प्रायोजन प्राप्त हुआ। सम्मेलन के दूसरे दिन प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा व्याख्यान दिए गए। डॉ पीके बनर्जी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, सीएसआइआर-सीआइएमएफआर ने भारत में इस्पात उत्पादन के लिए 85% से अधिक आयातित कोयले पर निर्भरता को कम करने के लिए कोयला परिशोधन (बेनिफिसिएशन) की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए घरेलू परिशोधन क्षमताओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

प्रो डीके सिंह, आइआइटी-आइएसएम धनबाद ने मोनाजाइट खनिजों से दुर्लभ मृदा तत्वों के लिए उन्नत लाभ तकनीकों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारत के रणनीतिक खनिज संसाधनों के दोहन हेतु टिकाऊ और आर्थिक रूप से व्यवहार्य निष्कर्षण तकनीकों के विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

टिम शीहान, प्रबंध निदेशक, एरिज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने मुख्य व्याख्यान में कहा कि खनन और खनिज प्रसंस्करण में नवाचार केवल एक तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि एक नेतृत्वगत आवश्यकता है। उन्होंने भारत और विकसित देशों के नवाचार परिदृश्यों की तुलना करते हुए बताया कि सांस्कृतिक, आर्थिक और संरचनात्मक कारक किस प्रकार प्रगति को प्रभावित करते हैं। साथ ही, उन्होंने तकनीक अपनाने में नेतृत्व की मानसिकता, जोखिम मूल्यांकन और निर्णय-निर्माण ढांचे की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। डीपी चक्रवर्ती, प्रमुख, आइएमटीजी, टाटा स्टील ने पूर्वी भारत में जटिल लौह अयस्कों के लाभन के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर प्रस्तुति दी।

## सरायकेला में दो बाइकों में टक्कर, दो बच्चों समेत 6 गंभीर,जांच में जुटी पुलिस

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-टाटा मुख्य मार्ग पर डीसी ऑफिस के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिडंत में दो बच्चों सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। गुरुवार को सड़क दुर्घटना में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जमशेदपुर के बिरसबगर निवासी राजीव महापात्र अपने 12 वर्षीय पुत्र मंटू और 13 वर्षीय पुत्री श्रावणी के साथ चाईबासा से लौट रहे थे, तभी सरायकेला के बड़ा काकड़ा गांव के आमडीहा टोला निवासी समीर महतो, फुलतुली महतो और शारदा महतो से उनकी बाइक की टक्करा गयी। घटना में दोनों परिवारों के सभी छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही सूचना मिलने पर पहुची पुलिस जांच कर हादसे के कारणों का पता लगाने में जुट गयी है।

## घायल आदर्श शर्मा ने टीएमएच में तोड़ा दम

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र आदर्श शर्मा (21) की बुधवार रात टीएमएच में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। वह 22 जुलाई को अपने मित्र रोहन महतो के साथ कॉलेज जाते समय सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। आदर्श शर्मा गम्हरिया स्थित एआरकेए जैन यूनिवर्सिटी का छात्र था। वह घाटशिला के नवीन शर्मा का इकलौता पुत्र था। शव घाटशिला पहुंचते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चला जागरूकता अभियान

**घाटशिला।** घाटशिला महाविद्यालय में पर्यावरण मित्र के तत्वावधान में सिंगल यूज प्लास्टिक विशेषकर 'लिखो फेंको पेन' के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। सर्वेक्षण में सामने आया 90% विद्यार्थी ऐसे पेन का उपयोग करते हैं, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचता है। प्रो इंदल पासवान ने रिफिल वाले पेन अपनाने की अपील की। प्राचार्य डॉ पीके गुप्ता ने भी सिंगल यूज पेन से बचने का आग्रह किया।

## घाटशिला महाविद्यालय की कुइली मुर्मू को यूजीसी नेट परीक्षा में मिली सफलता, शिक्षकों ने दी बधाई



घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला महाविद्यालय की राजनीति विज्ञान की छात्रा कुइली मुर्मू ने यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। चाकुलिया प्रखंड के लोधाशैली गांव निवासी कुइली अब पीएचडी और असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पात्र हो गयी हैं। छात्रा कुइली मुर्मू की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो इंदल पासवान, डॉ एसपी सिंह, प्रो विकास मुंडा एवं डॉ दिलचंद राम ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। कुइली ने बताया वह माहुलिया उच्च विद्यालय से मैट्रिक और घाटशिला कॉलेज से इंटर से पीजी तक की पढ़ाई की। यह सफलता उसे दूसरे प्रयास में मिली। प्रो पासवान ने इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

## छत्तीसगढ़ी समाज ने टुइलाडुंगरी में हरेली तिहार हर्षोल्लास के साथ मनाया



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। छत्तीसगढ़ी समाज ने श्रीश्री शीतला माता मंदिर टुइलाडुंगरी में पारंपरिक पर्व हरेली तिहार बड़े ही धूमधाम से मनाया।गुरुवार को कार्यक्रम की शुरूआत कृषक औजारों और माता शीतला की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मंदिर के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा हरेली मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरे संबंध के प्रतीक है, जो कृषि उपकरणों के प्रति कृतज्ञता दर्शाता है। मुख्य अतिथि वंदना जांघेल ने कहा कि यह पर्व हरियाली, किसानों और छत्तीसगढ़ की कृषि परंपरा से जुड़ा है। इस तरह के आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर खेलकूद, प्रश्नोत्तरी और सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कमला निषाद को सावन क्वीन चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमुना निषाद एवं संचालन परमानंद कौशल एवं गिरधारी साहू ने की।

## भाजपा ने अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर सरकार पर लगाया तुष्टिकरण का आरोप



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा एडवांस हेल्थ क्लीनिक करने के निर्णय का भाजपा जमशेदपुर महानगर ने तीव्र विरोध किया। गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इसे राष्ट्रवादी विचारधारा के खिलाफ साजिश करार दिया।उन्होंने कहा झामुमो कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है।श्री ओझा ने कहा भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड राज्य के निमार्ता रहे हैं। उनके नाम पर शुरू की गई स्वास्थ्य योजना को बदलना उनका अपमान है।

## मानवता को झकझोर देने वाला मामला

# परिजनों ने पोस्टमार्टम घर में अपने पुत्र का शव किया पैक

रविकांत चंद्रवंशी



**गढ़वा/केतार।** गढ़वा पोस्टमार्टम घर में बुधवार को एक मानवता को झकझोर देने वाला हृदय विदारक घटना प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला के केतार थाना क्षेत्र के पालनगर निवासी अशोक पासवान का 22 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार पासवान की सड़क दुर्घटना में मंगलवार को मृत्यु हो गयी थी। बुधवार को युवक का शव का गढ़वा पोस्टमार्टम घर में पोस्टमार्टम कर लावारिश छोड़ दिया गया। पोस्टमार्टम किया शव को प्लास्टिक में पैक करने के लिए परिजन बहुत गिड़गिड़ाए पर वहां कोई सुनने वाला नहीं मिला। अंत में परिजनों ने अपने से प्लास्टिक में पैक किया। जबकि लगभग 15 दिन पहले ही जौन एफ कैनेडी नये सीएस के रूप में पदभार लिया है। नव पदस्थापित सीएस होने के बाद इतनी लापरवाही कैसे?

प्रश्न उठता है कि स्वास्थ्य विभाग पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद व्यवस्था इतना चरमराई क्यों हैं? इसका दोषी कौन?।

# पूर्व मंत्री ददई दुबे के श्राद्धकर्म में जुटे दिग्गज नेता, दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता





दिवंगत चंद्रशेखर दुबे के श्राद्धकर्म में शामिल पूर्व राज्यपाल और मुख्यमंत्री रघुवर दास व अन्य।

**कांडी।** झारखंड के पूर्व मंत्री व सांसद दिवंगत चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे के श्राद्धकर्म में गुरुवार को चोका स्थित उनके पैतृक आवास पर राजनेताओं और समाजसेवियों का सैलाब उमड़ पड़ा। देश और राज्य की राजनीति में अपनी सादगी, ईमानदारी और दूरदृष्टि के लिए जाने जाने वाले ददई दुबे को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए केंद्र और राज्य स्तर के कई नेता पहुंचे।

इस अवसर पर उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, मंत्री रामेश्वर उरांव, केंद्रीय मंत्री कुमार गौरव, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, भाजपा के पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, अमृत शुक्ला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचु, धनंजय तिवारी, अरविंद कुमार तूफानी समेत कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत नेता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इससे पूर्व बुधवार को भी कई वरिष्ठ नेताओं ने चोका पहुंचकर स्व. दुबे के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इनमें विधायक अनूप कुमार सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, झारखंड प्रभारी बिला प्रसाद, विश्रामपुर विधायक व राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह, गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी सहित अन्य नेता शामिल रहे।

नेताओं ने उन्हें एक ईमानदार, सुलझे हुए और संघर्षशील नेता बताया तथा कहा कि उनका जाना कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। वे पार्टी की रीढ़ की तरह थे, जिनकी कमी हमेशा खलेगी। चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का जन्म 2 जनवरी 1946 को हुआ था, जबकि उनका निधन 10 जुलाई 2025 को हुआ। उनके निधन के बाद पहली बार चोका स्थित उनका आवास सुनसान नजर आया। स्थानीय ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने गमगीन माहौल में कहा कि आज पूरा गांव उदासी में डूबा है, ऐसा सन्नाटा पहले कभी नहीं देखा।

# अत्याधुनिक दंत चिकित्सा मशीन का स्थापित किया जाना गढ़वावासी के लिए गर्व की बात : अमन कुमार

**वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में ऑथोफौस एस थ्रीडी सीबीसीटी मशीन का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गुरुवार को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के वनांचल डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल के डिपार्टमेंट ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग में स्वचालित डेंटस्प्लाई सिरोना ऑथोफौस एस थ्रीडी सीबीसीटी मशीन का उदघाटन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर गढ़वा के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार एवं उनकी पत्नी डॉ एकता मलिक के साथ विशेष अतिथि के रूप में गढ़वा के सिविल सर्जन जॉन एफ केनेडी शामिल हुए। जिन्होंने डेंटल के विभिन्न मशीन का उदघाटन किया और निरिक्षण किया। मौके पर बोलते हुए एसपी ने कहा कि ऐसे मशीन के लग जाने से दूर दराज से आने वाले मरीज को उपचार अच्छे तरीके से हो सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि आज इस अत्याधुनिक दंत चिकित्सा मशीन का उदघाटन होना गढ़वावासी के लिए अत्यंत गर्व की बात है। इस पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक रोगी को उच्च-गुणवत्तापूर्ण, किफायती दंत चिकित्सा सेवा प्रदान करना है और हमारे अस्पताल में यह नया जुड़ाव हमें उस लक्ष्य के और करीब ले आयेगा। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी जिसमे कुलसचिव डॉ अजय प्रसाद भूषण, ट्रस्ट के सीईओ सुभाष कुमार, संपदा अधिकारी राकेश कुमार सिंह एवं कालेज के प्राचार्य डॉ बसवराज कल्लाली, शिकक्षक डॉ एके सिन्हा, डॉ अंजनी शुक्ला, डॉ राजलक्ष्मी, डॉ अमित मिश्रा, रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक सिंह नाय्यर उपस्थित हुए।

## राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय में विज्ञान प्रयोगशाला और वाणिज्य कक्ष का उद्घाटन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा के क्षेत्र में एक नयी उपलब्धि के रूप में भवनाथपुर स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, गणित और भूगोल प्रयोगशाला तथा वाणिज्य संकाय कक्ष का उद्घाटन समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी ने फीता काटकर नवनिर्मित कक्षों का उद्धघाटन किया। मौके पर मुखिया बेबी देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब विज्ञान और वाणिज्य विषयों की पढ़ाई उच्च स्तर पर संभव होगी। उन्होंने इसे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने कहा कि ये कक्ष विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक और व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होंगे। समाजसेवी उमेंद्र यादव ने कहा कि ऐसे प्रयासों से ग्रामीण शिक्षा को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य, समिति सदस्य बैजू साह, शिक्षक सुजीत कुमार, अनय कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सरकारी पीसीसी रोड पर अवैध कब्जा करने वालों पर चला प्रशासन का डंडा, सीओ ने चिपकाया नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के चंदना गांव स्थित तेलिया टोला में सरकारी फंड से निर्मित पीसीसी सड़क को अतिक्रमण कर आमजन की आवाजाही रोकने वाले दबंगों के खिलाफ आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

सीओ सह दंडाधिकारी प्रमोद कुमार ने जनहित में सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराने की कार्रवाई करते हुए अर्जुन चंद्रवंशी व अन्य के मकानों पर नोटिस चिपकवा दिया। इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर सह प्रभारी थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

**शिकायत में क्या कहा गया :** इस संबंध में शिकायतकर्ता भरोसी चंद्रवंशी, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, सुदामा चंद्रवंशी, सुखदेव साह, गरीबा दुसाध, महावीर दुसाध समेत अन्य ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में दिए आवेदन में आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में बनी पीसीसी सड़क को अर्जुन चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, रघुवीर चंद्रवंशी आदि ने जबरन बांस-बल्ला लगाकर घेर लिया था। सीओ प्रमोद कुमार ने कहा कि यदि कानूनी प्रक्रिया की अनदेखी की गई तो भविष्य की किसी भी कार्रवाई के लिए संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## जीएन कांवेंट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पर वृहद वृक्षारोपण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक सांकेतिक भाव है- अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का उद्देश्य जहां जीवन को पोषित करने में माता की भूमिका का सम्मान करना है। वहीं अपने जीवन ग्रह पृथ्वी को स्वास्थ्य बनाए रखने में अपना योगदान देना भी है। एक पेड़ मां के नाम का हम सब हिस्सा बने और मां के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाएं।

## उपायुक्त ने राशन कार्ड के शुद्धीकरण और नये पात्र लाभुकों को जोड़ने की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर एक जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राशन वितरण व्यवस्था की पारदर्शिता, लाभुकों की वास्तविक पहचान, तथा विभागीय कार्यों की दक्षता को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, एजीएम सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बैठक की शुरूआत करते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली आम जनता से जुड़ी एक अत्यंत संवेदनशील व्यवस्था है, जिसे पारदर्शी और न्यायसंगत बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## बीपीओ को बेहतर कार्य करने के लिए किया गया सम्मानित



**केतार (आजाद सिपाही)।** बीपीओ रवि कुमार वैद्य को एफएलएन चैंपियनशिप के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को लेकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक प्रमुख हिस्सा फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी के तहत कक्षा 2 से 5 तक के छात्रों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान का कौशल विकास करने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें पढ़ना लिखना एवं गणित का संख्या ज्ञान इत्यादि की प्रतियोगिताएं होती है। उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं बेहतर कार्य करने के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतार रवि कुमार वैद्य को जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा के द्वारा सिल्वर मेडल, मोमेंटो डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जिले के प्रभारी अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कुलदीपक कुमार अग्रवाल, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, कानन कुमार पात्र, विजय पांडे सहित अन्य प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बीरबल गांव स्थित सूर्यमंदिर समिति को ट्रस्ट के रूप में मिली मान्यता, ग्रामीणों में उत्साह



**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड क्षेत्र के बीरबल गांव में मालिया नदी के तट पर भव्य सूर्य मंदिर अवस्थित है, जिसे ग्रामीणों के द्वारा अथक प्रयास से उक्त मंदिर का निर्माण संभव हुआ। ग्रामीणों के द्वारा सरकार से रजिस्ट्रेशन के लिए प्रयास शुरु किया, जिसे 15 जुलाई 2025 को आदित्य शूर्य मंदिर बीरबल के नाम पर सरकार ने मुहर लगाया है। उक्त ट्रस्ट में 21 सदस्यों को नामित किया गया है, जिसमें अध्यक्ष के रूप में सीताराम रवानी, उपाध्यक्ष भोला शाह, सचिव श्रीकांत कुमार, उप सचिव बाबूलाल कुमार, कोषाध्यक्ष के रूप में गोपाल विश्वकर्मा का नाम शामिल है। उक्त सभी पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रस्ट के रूप में मान्यता मिल जाने से उक्त मंदिर परिसर को ऐतिहासिक रूप प्रदान किया जायेगा, साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित ट्रस्ट के नियमों के तहत आगे की रूप रेखा तैयार किया जायेगा।


## नगर पंचायत की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए मारुति नंदन सोनी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मझिआंव (गढ़वा) (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय युवा समाजसेवी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद की भावी प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी ने गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने नगर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से कचरा डंपिंग यार्ड की व्यवस्था, सभी वार्डों में नियमित कचरा उठाव, नालियों की मरम्मत व निर्माण, पक्की सड़क निर्माण, एवं मईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित महिलाओं को लाभ दिलवाने की मांग की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित किस्तों का शीघ्र भुगतान और नए लाभुकों को जोड़ने का भी आग्रह किया गया। इस मौके पर उन्होंने उपायुक्त को मां गढ़देवी की तस्वीर भेंट की और चुनरी उड़ाकर सम्मानित भी किया।

# खबर का असर : स्वास्थ्य विभाग आया हरकत में

**नवजात बच्चे के परिजन फूट फूट कर न्याय मांगने का वीडियो किया जारी**

रविकांत चंद्रवंशी



**केतार (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही अखबार के 24 जुलाई के संस्करण में 'एएनएम पर नवजात बच्चे को जान से मारने का लगाया आरोप' नामक शीर्षक छपने के बाद स्वास्थ्य टीम थोड़ा हरकत में आई। खबर देखकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर चिकित्सक रंजन कुमार दास एवं नितेश भारती उपस्वास्थ्य केंद्र केतार पहुंचे। केतार पहुंचकर एएनएम बबिता कुमारी से पूछताछ कर बैरंग वापस आ गये। सूत्रों के अनुसार पूछताछ के बाद विभाग के वरीय अधिकारी के सहमति से एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र से छुट्टी के नाम पर फरार होने की सूचना प्राप्त हुई। इस मामले में जांच करने पहुंचे चिकित्सक रंजन कुमार दास ने बताया कि एएनएम के द्वारा लापरवाही तो बरती गयी है। यदि प्रसव के बाद बच्चा हरकत नहीं कर रहा है, तो शीघ्र उन्हें रेफर कर देना चाहिए था। बाहर से इंजेक्शन मंगाने के मामले में उन्होंने बताया कि यह सरासर गलत है। जांच प्रक्रिया पूरा होने के बाद दोषी पाये जाने पर एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को प्रेषित किया जायेगा। इधर नवजात बच्चे के परिजन मंटू विश्वकर्मा ने कहा कि यह जांच कराना केवल दिखावा है। उन्होंने सीएस से पदाधिकारी के उपस्थिति में टीम गठित कर जांच करने की आग्रह किया है। बताते चलें कि केतार उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित बबीता कुमारी के ऊपर घोर लापरवाही बरतने, जन्मजात बच्चे को जान से मारने एवं दूसरे निजी मेडिकल से दवा मंगाने का गंभीर आरोप लगा है। मंटू ने बुधवार को देर रात थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी को एएनएम पर नामजद एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। मंटू ने गुरुवार को बताया कि जब मैं अपने पत्नी को प्रसव के लिए भर्ती करवाया तो एएनएम के द्वारा प्रसव कराने के एवज में पांच हजार का मांग किया गया। मंटू के द्वारा इनकार करने के बाद एएनएम ने एक किमी दूर केतार निजी मेडिकल में इंजेक्शन मंगवाया, जबकि इंजेक्शन उपस्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध था। मंटू ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दोषी एएनएम पर कारवाई कर न्याय दिलाने की मांग किया है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा**
Email - dairylohardaga@yahoo.com

**:- आवश्यक सूचना :-**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत अनुदान/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालित गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए इच्छुक व्यक्तिगत लघु उद्यमि/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/कार्यालय अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा से कार्य दिवस में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा की अनुसंशा की गई प्रति एवं स्थानीय जाति/निवासी प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/विकलांगता संबंधि प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा में **दिनांक–10.08.2025 के अपराह्न 04:00 बजे** तक जमा करना सुनिश्चित करेगें। वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास अन्तर्गत राज्यादेश प्राप्त होने के उपरांत विहित प्रावधानों के अनुरूप योजना का क्रियान्वयन नियमानुसार किया जाएगा। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लोहरदगा/सबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें।

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | दो (02) दुधारू गाय की योजना | 1,35,050 | |
| 2 | पांच (05) दुधारू गाय की योजना | 3,37,625 | |
| 3 | दस (10) दुधारू गाय की योजना | 6,75,250 | |
| 4 | हस्त चालित चैफ कटर योजना | 8,000 | |
| 5 | विद्युत चालित चैफ कटर योजना | 20,000 | |
| 6 | मिल्किंग मषीन | 1,20,000 | |
| 7 | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000 | |
| 8 | वर्मी कम्पोस्ट | 25,000 | |
| 9 | डीप बोरिंग | 1,00,000 | |
| 10 | काउ मैट | 5,200 | |

गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए निर्धारित आहर्ता एवं शर्तें निम्नवत् है :–

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन/अनुसंशा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान, मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर), झारखण्ड मिल्क फेडरेशन(JMF) के प्रतिनिधि एवं दुग्ध मित्र सदस्य रहेंगे। लाभुकों के चयन हेतु अनुसंशा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति दोनो में से कोई एक के द्वारा किया जाएगा।
- विगत 05 वर्षों में जिन परिवारों द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को अपना अंशदान 01(एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्रतिक्षा सूची में अगले लाभुक का चयन किया जाएगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही अनुदान राशि लाभुकों के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।
- ए0पी0एल0 वर्ग के लाभुक जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमिधारक/पूर्व अथवा वर्तमान सवैंधानिक पदधारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह घ के कर्मी को छोड़कर) रू0 10,000/- अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांक वर्ष में आयकर का भुगतान किया हो/पेशेवर/यथा चिकित्सक, अभियंता/वकील,चार्टेड एकाउन्टेंट एवं आर्किटेक्ट वर्ग होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होगें। (लाभुकों को वर्णित आशय का स्व–अभिप्रमाणित घोषणा पत्र देना होगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जायेगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन का क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के, आधार पर अनुदान राशि लाभुकों का उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/Dedicated Account में जमा करना सुनिश्चित् किया जायेगा।
- लाभुकों को अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से किया जायेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 358037 Lohardaga(25-26)#D



**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची**

**अति आवश्यक सूचना**

W.P.(S) No.–781/2022 विवेक कच्छप बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य के वाद में दिनांक–04.10.2024 को पारित न्यायादेश के आलोक में नगड़ी एवं ईटकी प्रखण्ड के अंतिम रूप से चयनित मेघा सूची में कट–ऑफ मार्क से अधिक अंक प्राप्त करने वाले याचिकाकर्त्ता अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रखण्ड रातू एवं बेड़ो में गृह रक्षक के रूप में नामांकित करने का आदेश प्राप्त है। उक्त आदेश के आलोक में नवनामांकन समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि उक्त वाद में कुल–58 याचिकाकर्त्ता में से कुल–11 (ग्यारह) अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिनका कुल प्राप्तांक कट–ऑफ मार्क से अधिक अंक है, जिनका विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | श्रेणी | नाम | पिता | रौल नं0 | जन्म तिथि | पुरूष/महिला | दौड़ में प्राप्तांक | ऊँची कुद में प्राप्तांक | लम्बी कुद में प्राप्तांक | कुल प्राप्तांक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगड़ी | पुरूष | मदन तिर्की | बुधवा तिर्की | 555 | 06.05.1991 | पुरूष | 10 | 8 | 7 | 25 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 2 | नगड़ी | महिला | तारामणी लकड़ा | स्व0 सोमरा लकड़ा | 854 | 02.03.1994 | महिला | 20 | 7 | 5 | 32 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 3 | नगड़ी | महिला | सीता कुमारी कच्छप | एतवा कच्छप | 411 | 20.08.1987 | महिला | 20 | 5 | 6 | 31 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 4 | ईटकी | पुरूष | इब्राहिम अंसारी | मनीर अंसारी | 724 | 06.01.1995 | पुरूष | 10 | 8 | 10 | 28 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 5 | ईटकी | पुरूष | नूर अहमद अंसारी | युसुफ अंसारी | 880 | 05.09.1996 | पुरूष | 10 | 8 | 10 | 28 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 6 | ईटकी | पुरूष | दिगविजय कमार | राम एकबाल शर्मा | 885 | 04.12.1989 | पुरूष | 10 | 8 | 9 | 27 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 7 | ईटकी | पुरूष | अजय कुमार साह | श्री नन्दा साह | 121 | 29.07.1983 | पुरूष | 10 | 8 | 9 | 27 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 8 | ईटकी | पुरूष | मोजहिद अंसारी | असमुदिन अंसारी | 1151 | 10.08.1992 | पुरूष | 10 | 8 | 9 | 27 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 9 | ईटकी | पुरूष | संदीप मिंज | स्व सुंनील मिंज | 54 | 07.10.1995 | पुरूष | 10 | 7 | 9 | 26 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 10 | ईटकी | महिला | सिलविया कच्छप | दया धाम कच्छप | 280 | 10.05.1989 | महिला | 20 | 6 | 6 | 32 | नवनामांकन हेतु चयनित |
| 11 | ईटकी | महिला | रामी खेस्स | एतवा खेस्स | 996 | 14.11.1995 | महिला | 20 | 6 | 6 | 32 | नवनामांकन हेतु चयनित |

उपरोक्त तालिका में नवनामांकन हेतु चयनित अभ्यर्थी को निदेश दिया जाता है कि आप सभी अपने मूल प्रमाण–पत्र यथा–शैक्षणिक, आवासीय, जाति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जन्म तिथि संबंधी प्रमाण–पत्र, पासबुक, फोटो इत्यादि के साथ दिनांक–28.07.2025 से 02.08.2025 तक जिला समादेश्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, धुर्वा, राँची में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। शेश याचिकाकर्त्ता जिनका प्राप्तांक कट–ऑफ मार्क से कम है, दृश्टव्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना–पट्ट पर चिपका दिया गया है।

**इसे अति आवश्यक समझे।**

ह0/–
जिला समादेष्टा
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची

PR 358098 Police(25-26)#D

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के बगड़ू थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के प्रयास में गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि गत दिन एक 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के प्रयास से का मामला प्रकाश में आया था, जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर बगड़ू थाना पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना शनिवार की रात की बतायी जा रही है। बगड़ू निवासी आरोपी युवक ने मिठाई का लालच देकर दुष्कर्म का प्रयास किया था। बच्ची द्वारा अपने परिजनों को जब मामले की जानकारी दी गयी तब तक ली, आरोपी गांव से फरार हो चुका था। थाना प्रभारी नरेश कुमार यादव के नेतृत्व में चलाये गये छापामारी अभियान में युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया गया है। बगड़ू थाना द्वारा बुधवार को जानकारी दी गयी कि आरोपी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 17/25 के तहत धारा 137 (2), 65 (2) बीएनआइएस एवं पोक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# लाभर-चुंगरू रोड में मिट्टी कटाव से जानलेवा बनी सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय व आसपास के क्षेत्रों में बीते रात्रि हुई मूसलाधार बारिश से जहां कई लोगों के घरों में पानी घुस गया। वही अत्यधिक बारिश से प्रखंड के चुंगरू पंचायत में बने रोड बारिश से पूरी तरह जानलेवा बन गयी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते रात्रि लगातार तीन घंटा से अधिक हुई बारिश से लाभर नावाडीह चुंगरू तक बनी सड़क चुंगरू विद्यालय के समीप बने तालाब में अत्यधिक पानी भर जाने से बगल में बने सड़क के नीचे की मिट्टी बह जाने से चुंगरू सड़क जानलेवा बन हो गया है। जिसमें कभी भी सड़क पूरी तरह ध्वस्त होने की संभावना बनी हुई। वर्तमान में लोगो डरे सहमे सड़क से धीरे-धीरे पार कर रहा है। लेकिन सड़क के नीचे से मिट्टी का कटाव अधिक होने कभी भी ध्वस्त हो सकती है। इस संबंध में चुंगरू पंचायत संतोष मेहता,पप्पू सिंह, अनिरुद्ध गिरी, सुशील कुमार, रिंकू साव, राजू परहिया समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रखंड व जिला प्रशासन से मांग किया है कि समय रहते सड़क में मिट्टी कटाव को भरा जाये। वही बगल में बने तालाब की दूसरी और पानी निकासी का मार्ग बनाया जाए जिससे सड़क को बचाया जा सकता है नहीं तो कभी भी हादसा की संभावना बनी हुई है। वही लगातार हुई अत्यधिक बारिश से आदर्शनगर,बाजार के कई घरों में पानी भर गया वही आदर्श नगर आहर भर जाने के बाद एक बार पुनःआहर एयरटेल टावर के पास पूरी तरह जलमग्न हो जाने के कारण लोग घरों में कैद होकर रहने को विवश है।

# टोरी रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा आगामी 30 जुलाई 2025 को विश्व मानव दुर्व्यापार दिवस के मद्देनजर बुधवार को चंदवा टोरी रेलवे स्टेशन परिसर में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य मानव तस्करी जैसे गंभीर सामाजिक अपराध के प्रति आम लोगों को जागरूक करना था। इस अभियान में रेलवे स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार, रेलवे सुरक्षा बल के सब-इंस्पेक्टर विधाचल कुमार व उनके सहयोगी सुरक्षा कर्मियों के साथ चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक जय मंगलम पासवान, पर्यवेक्षक अनुज तीगा एवं वेदिक सोसाइटी के समन्वयक प्रेम प्रकाश सक्रिय रूप से शामिल रहे। अभियान के दौरान कई जागरूक नागरिक और यात्री भी मौजूद रहे।वेदिक सोसाइटी और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने प्लेटफॉर्म पर दुकानदारों और यात्रियों को पर्चे बांटे और उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और मानव तस्करी हेल्पलाइन 1800-102-7222 की जानकारी दी। इसके अलावा स्टेशन परिसर में विभिन्न स्थानों पर पोस्टर भी चिपकाये गये ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान लोगों को यह बताया गया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो वे तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

## जन्म प्रमाण पत्र फर्जीवाड़ा उजागर, जांच शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** किस्को प्रखंड के हिसरी पंचायत से जुड़ा एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां पंचायत सचिव की आइडी से एक हजार से अधिक जन्म प्रमाण-पत्र अवैध तरीके से जारी किये गये हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि ये प्रमाण-पत्र अलग-अलग जिलों के लोगों के नाम पर निर्गत किये गये हैं, जिससे सरकारी दस्तावेजों की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो गयं हैं। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। उपायुक्त डॉ ताराचंद के निर्देश पर तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। इस जांच दल की अध्यक्षता परियोजना निदेशक, आईटीडीए, लोहरदगा कर रहे हैं, जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को एवं अंचल अधिकारी किस्को को सदस्य बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, जांच टीम ने गुरुवार को मामले की गहराई से जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में कई दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं और दोषियों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## सांसद के प्रयास से चटकपुर में लगा ट्रांसफर्मर



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से कुडू प्रखंड के चटकपुर गांव में 100 केवी के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। जिसका उद्घाटन कुडू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि लाल विकास नाथ साहदेव, जिमा मुखिया द्रोपती देवी, कांग्रेसी नेता राजीव टाना भगत सम्मिलित रूप से फिता काट कर उद्घाटन किया। सांसद प्रतिनिधि विकास साहदेव ने कहा कि ग्रामीण जनता के हर समस्या को दूर करने के लिए हमलोग के सांसद तत्पर रहेंगे। मौके पर दीलिप उरांव, प्रमोद लोहरा, विकास उरांव, दीपक टोप्पो, संजय महतो, कुश उरांव, तेतर उरांव, शंकर महतो, पंकज कुमार, मनवेल टोप्पो, मंगल उरांव आदि मौजूद थे।

# किस्को में पंचायत कमिटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी के नेतृत्व में जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद एवं विधायक प्रतिनिधि सह प्रखंड प्रवेक्षक निशीथ जायसवाल के मौजूदगी में संगठन सृजन वर्ष के जिला प्रशिक्षक अनामिका सरकार और संदीप गुप्ता के द्वारा किस्को प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में बूथ कमिटी एवं अन्य गणमान्य कांग्रेसियों के उपस्थित में समीक्षा कर पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया। प्रशिक्षकों के द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस क्रम में परहेपाट, नवाडीह, पाखर,खरकी, पंचायतों में समीक्षा कर पंचायत कमिटी का गठन किया गया। मौके पर प्रशिक्षक अनामिका सरकार एवं संदीप गुप्ता ने सभी पंचायत के कमिटियों को संगठन सृजन वर्ष के तहत कांग्रेस पार्टी को मजबूती को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा संगठन सृजन वर्ष के तहत संगठन को नए सिरे से गठन किया जा रहा है। जिसमें सक्रिय कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं को महत्व दिया जा रहा है। मौके प्रखंड प्रवेक्षक सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि संगठन सृजन वर्ष के तहत कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए पंचायत तक पहुंचकर पार्टी संरचना को तैयार किया जा रहा है ताकि कांग्रेस को बूथ स्तर तक बेहतर और मजबूत बनाया जा सके। विधायक डॉ रामेश्वर उरांव कांग्रेस कमेटी के संगठन के पदाधिकारियों के समस्याओं को भी दूर करने का कार्य कर रहे है। सभी नवनियुक्त कमिटी के पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी के प्रति सक्रिय होकर कार्य करे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस महासचिव सामुल अंसारी, कैरो प्रखंड प्रवेक्षक ऐनुल अंसारी,एनआईसीयू जिला अध्यक्ष मनौवर आलम,रामदेव उरांव, उल्फत अंसारी, इमाम जफर,संजू तुरी, रेयाज अंसारी सोमरा उरांव, हदीस अंसारी, घुडा उरांव के साथ पंचायत अध्यक्ष,कबीर अंसारी, नसीम अंसारी, राजेंद्र गोप,तबरेज अंसारी के साथ काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर में डीवीसी ने कई सामानों का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार प्रखंड अंतर्गत डीही पंचायत के नदी टोला स्थित हॉस्पिटल परिसर में गुरुवार को दामोदर घाटी निगम तुवेद कोल माइंस द्वारा कॉर्पोरेट के द्वारा सीएसआर के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाना और स्थानीय लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डेवलेक्टो माईनिंग के अधिकारी इंद्रजीत सिन्हा, आरएनआर के अधिकारी इस्तेखार खान, माईनिंग डेवलपमेंट मैनेजर बलराम पांडेय, डीही पंचायत के मुखिया पति संदीप उरांव, पंचायत समिति सदस्य उमर आलम, मोहर सिंह, सीएचओ अस्पताल की डॉक्टर रूबी कुमारी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंद्रजीत सिन्हा ने कहा कि कंपनी अपने कोल ब्लॉक के आस पास सभी क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि नदी टोला हॉस्पिटल एवं आयुष्मान आरोग्य डीही में बिजली और अन्य संसाधनों की कमी की जानकारी मिलने पर सीएसआर मद से तत्काल दो कूलर, एक इनवर्टर, दो बैटरियां, दवा रखने के लिए अलमारी तथा मरीजों के लिए आवश्यक बेड की व्यवस्था की गयी है ताकि मरीज एवं अस्पताल के लोगो को बिजली से संबंधित किसी प्रकार की परेशानी ना हो। यह सब ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था करायी गयी है। इस अवसर पर डॉक्टर रूबी कुमारी ने हॉस्पिटल में पेयजल संकट का मुद्दा उठाया और बताया कि अस्पताल परिसर में बोरिंग की सुविधा नहीं होने के कारण नदी से पानी लाना पड़ता है। जिससे मरीजों को परेशानी होती है। इस पर अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए एक सप्ताह के अंदर बोरिंग की व्यवस्था कर पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने का आश्वासन दिया।

## बारी में फलदार पौधों का वितरण



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत पीवीयूएनएल बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा ग्राम बारी, अंचल चंदवा में परियोजना प्रभावित परिवारों बीच लगभग 120 उच्च किस्म के फलदार वृक्षों के पौधों आम, अमरूद, लीची एवं चीकू का वितरण किया गया। इस कार्य का शुभारंभ एम चंद्रशेखर अपर महाप्रबंधक एवं एचओडी बनहरदी कोल ब्लॉक द्वारा किया गया। साथ में डॉ आरबी सिंह अपर महा प्रबंधक खनन, सिद्धार्थ शंकर अपर महाप्रबंधक सिविल एवं इंफ्रा, आरके निरंजन, अपर महाप्रबंधक अरुण सिंह उप महाप्रबंधक एमइ अमरेश चंद्र राउल उप महाप्रबंधक भू अर्जन पुनर्वास चंदन भारती विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक शुभंकर मंडल एवं कुमारी पूजा उपस्थित रहे। इसके अलावा जनता प्रतिनिधि राजू भुइया द्वारा पौधा वितरण करने में योगदान दिया। पौधा वितरण के दौरान कई ग्रामीण मौजूद थे।

## 197 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय अरु के प्रांगण में सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को कल्याण विभाग की ओर से जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फुलझरी देवी, मुखिया राजश्री उरांव, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के उतकर्मित मध्य विद्यालय कोराम्बे गोरतोली, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुर्की तोड़ार, मध्य विद्यालय पारही,हेसवे, अरु और उर्दू मध्य विद्यालय अरु के 197 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वहीं जिप सदस्य राधा तिर्की ने विद्यार्थियों से कहा कि साइकिल का प्रयोग विद्यालय आने जाने में करेंगे तथा समय पर विद्यालय आयेंगे जायेंगे और पढ़ाई पर ध्यान देंगे साथ ही कहा कि लड़के लड़कियों का पढ़ाई और खेल के लिये सरकार विशेष ध्यान दे रही है। जिसे ग्रामीण क्षेत्र के भी पढ़ाई और खेल के क्षेत्र में बच्चे बच्चियां आगे बढ़ सकेंगे। वही प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 1136 साइकिल वितरण करना है। जिसके तहत भड़गांव, सेन्हा, उगरा, इचरी, मन्हे, चितरी, बदला, चंदवा सहित अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी साइकिल दिया जायेगा। मौके पर सुखुवा उरांव, विकेश सिन्हा,राजेश उरांव समेत अन्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में पानी में डूबने से मृत्यु, सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मृत्यु, सर्पदंश से मृत्यु, आग लगने से पशु की मृत्यु, अतिवृष्टि से मकान की क्षति, ओलावृष्टि से आंशिक फसल क्षति के मामलों व विस्तृत चर्चा की गयी और जिन मामलों में अंचल से अभिलेख प्राप्त नहीं है, उनमें अभिलेख प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही,निर्धारित मुआवजा संबंधित भुगतान के निर्णल लिये गये। बैठक में हाथी द्वारा मकान क्षति पर भी चर्चा की गयी और जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा विभिन्न मामलों को संज्ञान में लाया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, डीटीओ सुधीर प्रकाश, सिविल सर्जन राजू कच्छप, जिला पशुपालन पदाधिकारी रमेश उरांव, जिला सहकारिता पदाधिकारी विजय प्रताप तिर्की, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल समेत अन्य उपस्थित थे।

# गंगा जल लाने के लिए शिवभक्त सुल्तानगंज गये

**लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में करेंगे जलार्पण**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर कांवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा भव्य भक्ति जागरण के साथ देवाकी बाबा धाम मंदिर, घाघरा में जलार्पण के लिए विशाल काँवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। इस कांवर यात्रा में सभी लोहरदगा वासियो को सादर आमंत्रित किया गया हैं। इसके लिए निमंत्रण पत्र भी लोगो को भेजने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर लिया गया है। वही कांवर यात्रियों के लिए सुल्तानगंज से गंगा जल की व्यवस्था किया जा रहा है। इस निमित गुरुवार की शाम को शिवभक्तों की टोली सुल्तानगंज के लिए रवाना हुई। एक पिकअप व आधा दर्जन कार में दर्जनों लोग रवाना हुए हैं। शिवभक्त अपने साथ पानी पंप और दो हजार लीटर का टंकी और 20 लीटर वाला 25 पीस जार ले गये हैं। रवानगी से पूर्व मां दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की गयी और शिवभक्तों के वाहनों को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। शिवभक्तों की टोली नगर भ्रमण करते हुए रवाना हुए। गौरतलब है कि कांवर यात्रा मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से सोमवार 28 जुलाई 2023 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। जिसका उद्घाटन उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, हारिस बिन जमां, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गौरव आर.पी. अग्रवाल होंगे। मौके पर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), शुभम अग्रवाल, आलोक अग्रवाल (निखिल), विक्रम सिंह, राजीव रंजन, प्रदीप साहू, मीडिया प्रभारी राहुल कौशल, अमर गोस्वामी, सुमित घोष समेत अन्य मौजूद थे। काँवरिया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने बताया कि कांवरियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में ही किया जाना है।

## बच्चे की पिटाई कर हाथ तोड़ने वाले शिक्षक पर केस

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बगड़ू थाना के हिसरी उर्दू मध्य विद्यालय में बच्चे का हाथ पिटाई कर तोड़ने वाले शिक्षक के विरुद्ध बगड़ू थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। छात्र के परिजनों द्वारा हेड मास्टर देवीचरण उराँव पर एक छात्र के साथ मारपीट का आरोप लगया गया है। परिजनों के अनुसार, शिक्षक की पिटाई से छात्र का हाथ टूट गया। इस संबंध में बगड़ू थाना मामला दर्ज कर लिया गया है।

## भागीदारी न्याय सम्मेलन में शामिल होने दिल्ली पहुंचे कांग्रेस ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 25 जुलाई को दिल्ली में ओबीसी के हक-अधिकार की मांग को लेकर भागीदारी न्याय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसी प्रयोजन के लेकर कांग्रेस लातेहार ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार साहू के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम पहुंचे। इस सम्मेलन में देशभर से ओबीसी वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे और समापन कार्यक्रम में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल होंगे। इस सम्मेलन से पूर्व बुधवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक हुई, इसमें हर राज्य से ओबीसी वर्ग के चुनिंदा नेता शामिल हुए। कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया की अध्यक्षता में हुई बैठक में झारखंड से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, एआइसीसी की सचिव व पूर्व विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। इस बैठक में ओबीसी के मुद्दों पर भावी कार्य योजना पर चर्चा हुई,पिछड़ा वर्ग में पार्टी की पैठ बढ़ाने को लेकर रणनीति बनी,इसके साथ ही निजी और आउटसोर्सिंग कंपनियों में आरक्षण को लेकर भी चर्चा हुई। सम्मेलन को लेकर जिलाध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि यह सम्मेलन ओबीसी समाज के उत्थान, सम्मान, अधिकार और उनके भागीदारी के लिए है, सम्मेलन में ओबीसी समाज से जुड़े हर पहलुओं पर विशेष चर्चा होगी।

# फ्रेंडशिप क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता में बाघा की टीम ने जीता खिताब

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के किस्को मिडिल स्कूल मैदान में फ्रेंडशिप फुटबॉल क्लब किस्को के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य तरीके से समापन हुआ। इधर फाइनल सह समापन समारोह मुकाबला का उद्घाटन कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद तथा अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा किया गया। यहां पर आयोजन समिति की ओर से तमाम अतिथियों का अंगवस्त्र और बैच पहनाकर स्वागत किया गया। इस बीच खिताबी भिड़ंत स्टार स्पोर्ट बाघा और टोप्पो ब्रदर्स के बीच में खेली गयी, जिसमें रोमांचक पेनाल्टी शूटआउट में स्टार स्पोर्ट्स बाघा की टीम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी टोप्पो ब्रदर्स को 6-5 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि हाजी शकील अहमद ने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। कहा कि किस्को जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इतने बड़े स्तर पर राज्य भर की 24 टीमों का आना यह साबित करता है कि यहां के युवाओं में अपार प्रतिभा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं गांवों में छुपी प्रतिभाओं को बेहतर मंच देने का कार्य करती हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप से कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, शिक्षक मतीउल्लाह परवेज, अख्तर अंसारी उर्फ खुदी, राजेन्द्र यादव, अध्यक्ष असलम अंसारी, नूसरत अंसारी, कैश आलम, दुर्गा भगत, तबारक हुसैन अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


झारखण्डसरकार

कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी

–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती के संबंध में

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, लोहरदगा जिला अन्तर्गत **सेन्हा** अंचल अवस्थित राजस्व जलकरो की अल्पकालीन बंदोबस्ती दिनांक 08.08.2025 को **11.30** बजे पूर्वा0 को जलकरों की बन्दोबस्ती ना होने पर पुनः बन्दोबस्ती दिनांक **12.08.2025** को 11:30 बजे पूर्वा0 की जाएगी। कार्यालय अवधि तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खुला डाक द्वारा विभागीय परिपत्र **सं0 114, दिनांक 18.01.1992** में निहित प्रकिया के अनुसार की जाएगी। खुला डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को जलकर की प्रतिभूति राशि वार्शिक सुरक्षित जमा का 10 प्रतिशत जमानत के रूप मे जमा करना होगा। जमा की गई राशि उच्चमत डाक वक्ता को छोडकर शेष डाक वक्ताओं को डाक समाप्ति के उपरांत वापस कर दिया जाएगा। बंदोबस्ती तीन वर्षो अर्थात **2025–26 से 2027–28** तक के लिए होगी। यदि प्रखण्ड स्तरीय निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति जलकरों की बंदोबंस्ती लेने के लिए इच्छुक हो तो उन्हें जलकर बंदोबस्ती लेने हेतु वांछित कागजातों के साथ प्रस्ताव समर्पित करने पर उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

सफल डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरंत बाद जलकर बंदोबस्ती की अधिकतम बोली की राशि जो एक वर्ष अर्थात 2025–26 के लिए होगी पूरी राशि एक मुश्त जमा करना अनिवार्य होगा राशि जमा नहीं करने पर उनका डाक रद्ध करते हुए जमानत की राशि को जब्त कर ली जायगी। शेष दो वर्षो का राजस्व समयावधि में जमा कर देना अनिवार्य होगा। सक्षम पदाधिकारी से बदोबस्ती की स्वीकृति प्राप्ति के पश्चात उंच्चतम डाक वक्ता को विभाग के साथ विधिवत एकरारनामा एवं निबंधन कराना होगा, जिसका पूरा व्यय डाक वक्ता को वहन करना होगा।

खुला डाक के लिए निर्धारित प्रथम तिथि से ही सभी जलकरों की बंदोबस्ती प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिन जलकरों की बंदोबस्ती प्रक्रिया पूर्ण होगी अथवा पूर्व से बंदोबस्त होगी वह जलकर सूची से स्वतः बाहर समझा जाएगा तथा अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को स्थगित करने तथा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित हेगा।

राजस्व जलकरों की सूची निम्नवत है :–

अंचल :–सेन्हा

| क0 | जलकर कानाम | ग्राम | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा(एकड़ में) | सुरक्षित जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मरकी तालाब | मुरकी | – | 347,348 | 5.24 | 7500.00 |
| 2 | चन्दकोपा पुराना तालाब | चंदकोपा | – | 1260 | 1.60 | 6200.00 |
| 3 | बंसरी तालाब | बंसरी | 71 | 438 | 5.24 | 4000.00 |
| 4 | बंसरी केषवर तालाब | बंसरी | 70 | 835,836 | 1.05 | 3000.00 |
| 5 | चंदकोपा नया तालाब | चंदकोपा | – | 1396 | 1.22 | 5800.00 |
| 6 | चमडु तालाब | चमडु | 69 | 9 | 1.20 | 7000.00 |
| 7 | पाढ़ी तालाब | पाढ़ी | 102 | 632 | 1.09 | 2000.00 |
| 8 | मेढ़ो तालाब | मेढ़ो | – | 453 | 1.20 | 3500.00 |
| 9 | गगैय तालाब | गगैय | 53 | 40,41 | 0.82 | 800.00 |
| 10 | दत्तरी योगी टोंगरी तालाब | दत्तरी | 84 | 1187 | 1.20 | 1700.00 |
| 11 | दत्तरी बेल टोली तालाब | दत्तरी | 71 | 323 | 0.65 | 1400.00 |
| 12 | आलौदी तार तालाब | आलौदी | 60 | 542,544 | 1.41 | 1000.00 |
| 13 | जमीर तालाब | जमीरा | 34 | 296 | 1.23 | 2000.00 |
| 14 | चुरकु महुआ टोली | चुरकु | 48 | 674 | 0.36 | 350.00 |
| 15 | चटकपुर बॉध | चटकपुर | 147 | 596 | 0.34 | 1200.00 |
| 16 | अलौदी छापर तालाब | अलौदी | 235 | 175,178 | 0.65 | 1250.00 |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 358053 (Lohardaga)25-26*D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


## रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में युवाओं को दिया गया डिग्र-डिप्लोमा

# जीवन की सच्ची सफलता डिग्री से नहीं, दृष्टि व्यवहार एवं सेवाभाव से तय होगी: राज्यपाल

जयकांत शुक्ला

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह गुरुवार को मनाया गया। जिसका उद्घाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, विश्वविद्यालय के संस्थापक पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी एवं कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को राज्यपाल के हाथों डिग्री-डिप्लोमा एवं मेडल दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और पूरे पलामू क्षेत्र के लिये गौरवशाली क्षण है, जो मेहनत, समर्पण और संकल्प की परिणति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पलामू की यह वीरभूमि अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, नैसर्गिक सौंदर्य और क्रांतिकारी चेतना के लिए जानी जाती है। इसे नमन करता हूं। विशेष रूप से नीलाम्बर- पीताम्बर जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों को, जिनकी शहादत ने भारत के स्वाधीनता संग्राम को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना कर एक सशक्त, शिक्षित एवं जागरूक समाज की नींव रखने की दिशा में अहम कार्य किया है। इस क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जनमानस को उनसे बड़ी अपेक्षाएं जुड़ी हैं। मुझे आशा है कि इस विश्वास पर खड़ा उतरेंगे। वहीं, छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन आपके जीवन की एक विशेष उपलब्धि का प्रतीक है, जिसे केवल 'डिग्री' कहकर सीमित नहीं किया जा सकता। यह आपके अनुशासन, परिश्रम और प्रतिबद्धता की साक्षी है। यह दिन आपके सामाजिक उत्तरदायित्व की शुरूआत भी है। अब आपकी सफलता केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति से जुड़ी हुई है। आप इस विश्वविद्यालय के सच्चे ब्रांड एम्बेसडर हैं और आपकी पहचान और कीर्ति इस संस्थान की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएंगे। कहा कि जीवन की सच्ची सफलता डिग्री से नहीं, बल्कि आपकी दृष्टि, व्यवहार एवं सेवा-भावना से तय होगी। जहां भी जाएं, जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, अपने आचरण, प्रतिभा एवं परिश्रम से समाज को दिशा दें। अपने भीतर संवेदना, सहिष्णुता और सेवा की भावना को जीवित रखें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि सरकार एवं यूजीसी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान को निरंतर प्राथमिकता मिले। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, सामाजिक चेतना,सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम का समावेश होना चाहिए। यही शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य है। मैं राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं और इस दिशा में ठोस कार्य शुरू भी कर दिए गए हैं। यदि सभी शिक्षण संस्थान इस प्रयास में साथ दें, तो हमारा राज्य निश्चित ही 'एजुकेशन हब' के रूप में प्रतिष्ठित हो सकता है। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के साथ ही बीएड इंजीनियरिंग, फार्मेसी, नर्सिंग और अब मेडिकल कॉलेज का संचालन भी प्रारंभ हो चुका है। मुझे आशा है कि यह संस्थान निकट भविष्य में राज्य ही नहीं, बल्कि देश के प्रमुख चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में अपनी पहचान बनाएगा। यहां से स्नातक होने वाले चिकित्सक सेवा, संवेदना और उत्कृष्टता के प्रतीक बनें यही हमारी अपेक्षा है। कहा कि विश्वविद्यालय समाज की आत्मा होती है, उसे आस-पास के गांवों को भी साथ लेकर चलना होगा। सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए गांवों को गोद लेना और वहां की समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षा एवं नवाचार को माध्यम बनाना ही सच्ची शिक्षा है। उन्होंने कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण की दिशा में निरंतर अग्रसर है। सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास और सबका प्रयास यह मंत्र केवल एक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना का आह्वान है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में युवाओं को स्टार्टअप, नवाचार, स्किल डेवेलपमेंट एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में जो अवसर मिल रहे हैं, वे अभूतपूर्व हैं। ऐसे में विश्वविद्यालयों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को केवल नौकरी खोज वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजक, अन्वेषक और सेवा प्रेरित नागरिक बनने की प्रेरणा दें। कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाला संस्थान न बने, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय, जागरूक, उत्तरदायी और संवेदनशील नागरिकों का निर्माण करने वाला केंद्र बने। यही होगी नीलाम्बर-पीताम्बर जैसे महापुरुषों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि और आत्मनिर्भर भारत की सुदृढ़ नींव। उन्होंने विद्यार्थियों से उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।


समारोह में शामिल राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं अन्य गणमान्य लोग।

### युवाओं के हाथों में कलम थमाया : रामचंद्र चंद्रवंशी

वहीं, विश्वविद्यालय के संस्थापक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान खोलने की प्रेरणा मुझे मां से मिली थी। जब हमने शैक्षणिक संस्थान खोलने की शुरूआत की थी तब यह क्षेत्र नक्सल उग्रवाद से अति प्रभावित था। शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना से यहां का माहौल बदला और देखते ही देखते युवाओं ने हथियार फेंककर कलम पकड़ा। आज तो विश्रामपुर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा का हब बन गया है। यहां से शिक्षा ग्रहण कर युवा देश प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने विश्वविद्यालय के सफरनामा पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

## दीक्षांत शैक्षणिक जीवन के अंत और एक नये जीवन की शुरुआत का प्रतीक : रघुवर दास




पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि दीक्षांत समारोह शैक्षणिक जीवन के अंत और एक नए जीवन की शुरूआत का प्रतीक है। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जो छात्रों एवं उनके परिवारों और शिक्षकों के लिए यादगार होता है। यह यादगार पल आपके लगन-प्रतिभा का फल है। अब किसी भी चुनौतियों का सामना कर सकेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का युवा शक्ति पूरे विश्व में अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है। कहा कि युवाओं को नशा और वीडियो रिल से दूर रहने की जरूरत है। क्योंकि यह दिनों आपके भविष्य को कमजोर बनाता है। उन्होंने विश्वविद्यालय के संस्थापक रामचंद्र चंद्रवंशी को बधाई देते हुए कहा कि एक समय जिस क्षेत्र में भय व अशांति का माहौल था। उस क्षेत्र को उन्होंने उच्च शिक्षा का हब बना दिया।

## विवि ने रघुवर दास को दिया डॉक्टरेट की मानक उपाधि




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टरेट की मानक उपाधि दी गयी। उनको यह उपाधि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, विश्वविद्यालय के संस्थापक पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी व कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। वहीं, दीक्षांत समारोह में रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित 39 शैक्षणिक संस्थानों के कुल आठ हजार 190 छात्र -छात्राओं को डिग्री डिप्लोमा प्रदान किया गया। इस मौके पर डीआईजी नौशाद आलम, डीसी समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन, एसडीएम सुलोचना मीणा, एसडीपीओ आलोक टूटी, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के चांसलर दिनेश कुमार सिंह, आरसीयू के कुलपति डॉ एसके झा, रजिस्टार देवाशीष मंडल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, विजयानंद पाठक, रघुराज पाण्डेय, पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, शिवबंश मिश्रा, राजन पांडेय, इदरीश हवारी, भोला चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, रवींद्र नाथ उपाध्याय आदि मौजूद थे।

## दो व्यक्तियों की निधन पर राजद-बसपा ने जताया शोक

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के अररुआ खुर्द शिव मंदिर निवासी कृष्णा प्रसाद गुप्ता के 35 वर्षीय पुत्र सुमित कुमार गुप्ता (फंटूश) की आकस्मिक निधन पर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं राजनीतिक दल के नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की। गुरुवार को बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि सहित राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव के पुत्र रवि कुमार यादव ने मृतक के घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और सहानुभूति जताया। इसके बाद रवि कुमार यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ अररुआ खुर्द जामा मस्जिद निवासी बाबू अंसारी (60) की निधन पर परिजनों से मिला शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर राजद नेता बुधन सिंह यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश चंद्रवंशी, रंजित पासवान, टुडे आलम, छोटेलाल गुप्ता, लखन यादव, अशोक यादव, राजकुमार पासवान, राजकुमार पासवान, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, अशोक जायसवाल, गुड्डू गुप्ता, तीरपुरारी राम, समीर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## महामंडलेश्वर कांवड़िया सेवा शिविर बना आस्था और समर्पण का केंद्र



**देवघर (आजाद सिपाही)।** सावन का पावन महीना पूरे चरम पर है। बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। इसी बीच कांवड़ियों की सेवा हेतु लगाए गए अनेक शिविरों में एक विशेष स्थान प्राप्त कर रहा है 'महामंडलेश्वर कांवड़िया सेवा शिविर', जिसे झारखंड की महामंडलेश्वर माता राजेश्वरी नंद गिरी उर्फ रोज मौशी के सान्निध्य में संचालित किया जा रहा है। इसमें किन्नर समाज के साधु-संत, नागा साधु, अघोर पीर और गोरखनाथ परंपरा से जुड़े सेवक निःस्वार्थ भाव से दिन-रात कांवड़ियों की सेवा में जुटे हैं। बम भक्तों के लिए पानी, शरबत, फल और प्राथमिक चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था की गई है। यहां आने वाले यात्री भक्ति, सेवा और समर्पण का संगम देखकर गहरे प्रभावित होते है। यह शिविर न केवल श्रद्धालुओं के लिए सहारा बना है, बल्कि समाज में समरसता और सेवा भावना का एक प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत कर रहा है। महामंडलेश्वर माता राजेश्वरी नंद गिरी ने अपने समस्त जजमानों, भक्तों और प्रशासन को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां किसी कांवरिया को कोई असुविधा न हो, यह प्रशासन और सेवा दल के संयुक्त प्रयास का परिणाम है।

## हुसैनाबाद सीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्र के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक हुई। जिसमें प्रज्ञा केंद्र की ओर से बनाए जा रहे प्रमाण पत्र के आवेदन को अपलोड करने में होने वाली त्रुटियों को लेकर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि अपने-अपने प्रज्ञा केंद्र में सभी प्रमाण पत्रों को बनाने के लिए चेक लिस्ट रखे, ताकि आवेदक को यह पता चल सके की किस प्रमाण पत्र को बनाने के लिए कौन-कौन से कागजात की आवश्यकता होती है। कहा कि सभी संचालक आवेदन पत्र की एंट्री में नाम, पिता के नाम, पता, हल्का, जाति आदि के स्पेलिंग को ध्यान से प्रविष्टि करेंगे। ताकि सही नाम से प्रमाण पत्र जारी हो सके। आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजातों को अच्छे तरीके से स्कैन कर अपलोड करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक प्रज्ञा केंद्र के रजिस्ट्रेशन पर कई प्रज्ञा केंद्र संचालित होने की शिकायत मिल रही है। वैसे केंद्र को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रज्ञा केंद्र संचालक आय, जाति एवं आवास आदि प्रमाण पत्र बनाने के एवज में तय राशि से ज्यादा वसूली की शिकायत मिली या फिर किसी प्रकार की कोताही बरती गई तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रज्ञा केंद्र के संचालकों ने भी अपनी समस्याओं को रखा और पहल करने की मांग की। इस मौके पर अंचल निरीक्षक संतोष कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुदामा कुमार आदि उपस्थित थे।

## डैम में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत, शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/पलामू।** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बांसडीह खुर्द पंचायत के गिधोनिया गांव से सटे बघमनवा डैम में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गयी थी, जिसका 25 घंटे बाद शव बरामद हुआ। उसकी पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के गिधोनिया गांव निवासी शंकर सिंह के 35 वर्षीय पुत्र अवधेश सिंह के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बुधवार को अवधेश सिंह बघमनवा डैम में नहाने गया था, लेकिन नहा कर वापस नहीं लौटा। हम लोगों ने उसकी बहुत खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद सबको आशंका हुई कि वह पानी में डूब गया है। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। वहीं, इस घटना की जानकारी मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। घटनास्थल पर रामगढ़ पुलिस, रामगढ़ सीओ आदि पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहीं, गढ़वा से डैम से शव निकालने के लिए पनडुबी को बुलायी गयी, जिसके लगातार प्रयास के बाद 24 घंटे बाद गुरुवार को शव को निकाला गया। इसके बाद घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान मौके से रामगढ़ थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चोर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**मधुपुर (आजाद सिपाही)। पुलिस ने अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह के सरगना मंसुर शेख को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लालगढ़ स्थित उसके घर पर छापामारी कर पकड़ा। मौके से चोरी की एक बाइक भी बरामद की गई है। बता दें कि इसी गिरोह के सदस्य नसीम उर्फ विट्टू को पुलिस ने पिछले महीने ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मंसुर का अपराधिक इतिहास भी रहा है।**

## राजकीय श्रावणी मेला को लेकर दूसरी साप्ताहिक प्रेसवार्ता का आयोजन

# श्रावणी मेला में अब तक 23.73 लाख श्रद्धालुओं ने किया बाबा बैद्यनाथ पर जर्लापण : उपायुक्त

**कहा- तीसरी सोमवारी को होगा भव्य ड्रोन शो का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

### बाबा मंदिर से कुल 2,39,25,311 रुपये की हुई आय




**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को आरएल सर्राफ स्थित अस्थायी मीडिया सेंटर में राजकीय श्रावणी मेला 2025 से संबंधित दूसरी साप्ताहिक प्रेसवार्ता आयोजित हुई। जिसमें डीसी ने मेला से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में कुल 564 मजिस्ट्रेट और पदाधिकारी, 9650 पुलिस बल, चार सीआरपीएफ की कंपनियां, 2 पुलिस अधीक्षक और एनडीआरएफ की टीम तैनात हैं। साथ ही 101 स्थानों पर आवासन की व्यवस्था की गई है। मेला में कुल 81 चिकित्सक और 449 पारा मेडिकल स्टाफ कार्यरत हैं। 24 सामान्य एम्बुलेंस, 26 '108' एम्बुलेंस और पांच जीप भी सेवा में हैं। अब तक 37,387 बच्चों को पोलियो की खुराक और 71,795 श्रद्धालुओं का इलाज किया गया है। डीसी ने बताया कि 10 जुलाई से अब तक 23 लाख 73 हजार 874 कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ पर जर्लापण किया है। शीघ्र दर्शनम कूपन से 64,631 श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। वहीं, 11 से 22 जुलाई तक बाबा मंदिर की कुल आय 2,39,25,311 रुपये रही। इसमें शीघ्र दर्शनम कूपन से प्राप्त 1,84,56,840 रुपये शामिल हैं। मंदिर दान काउंटर से 447 चांदी के 10 ग्राम के सिक्के बिके हैं। मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 765 सीसीटीवी कैमरे, 200 एआई कैमरा और 10 ड्रोन कैमरे कार्यरत हैं। ऑनलाइन चैटबोट और क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त 344 शिकायतों का निपटारा किया गया है। कोठिया टेंट सिटी में 1500 और बाघमारा टेंट सिटी में 350 बिस्तरों की व्यवस्था है, जबकि आध्यात्मिक भवन में 10 हजार श्रद्धालुओं के लिए आवासन की सुविधा उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 34 अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां 11 से 22 जुलाई तक कुल 71,795 श्रद्धालुओं का इलाज किया गया। इनमें 48,318 पुरुष, 20,416 महिलाएं और 3,061 बच्चे शामिल हैं। परिवहन विभाग की ओर से राज्य प्रवेश शुल्क के रूप में 90 लाख 24 हजार 925 रुपये और वाणिज्य कर के रूप में 853.37 लाख रुपये की वसूली की गई है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 31 सूचना केंद्रों में 24,870 खोये-पाए कांवरियों को निबंधित किया गया, जिनमें से 36,829 को उनके परिजनों से मिलाया गया है। 192 कर्मियों, 3 बाइक उद्घोषकों, 2 टोटो और 6 सांस्कृतिक मंचों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शिवलोक परिसर में चल कांवरिया थीम पर भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जहां प्रतिदिन 15-17 हजार आगंतुक पहुंच रहे हैं। शिवगंगा और जलसार में 2 वाटर प्रोजेक्शन एवं लेजर शो, बाबा मंदिर और टॉवर पर 2 थ्री डी मैपिंग शो, 13 स्थानों पर वीआर अनुभव और 27 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बाबा धाम की जानकारी दी जा रही है। विद्युत विभाग ने 33,94,190.00 रुपये का राजस्व प्राप्त किया है और 39 स्थलों पर नियंत्रण कक्ष और दो आपातकालीन दलों की तैनाती की गई है। नगर निगम द्वारा अब तक 40 लाख 39 हजार रुपये का राजस्व संग्रह किया गया है। वहीं, तीसरी सोमवारी को शिवलोक परिसर में एक बार फिर से भव्य ड्रोन शो आयोजित होगा। डीसी ने बताया कि शेष दो सोमवारी को लेकर अधिक कांवरियों के आगमन की संभावना है। प्रेसवार्ता में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, मंदिर प्रभारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## ट्रक-बाइक की टक्कर, बाइक सवार की मौत

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के तुंबा गडा से आगे मलय डैम मोड़ के पास रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर ट्रक और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार की शाम 5.30 बजे की बतायी जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी, जबकि बाइक सवार सतबरवा की ओर जा रहा था। इसी दौरान मलय डैम मोड़ के पास दोनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दौरान ट्रक में फंसी बाइक करीब 50 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, घटना की सूचना पाकर सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंच गयी। सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। ट्रक-बाइक और शव को कब्जे में ले लिया गया है। साथ ही पुलिस मृतक की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है।

## नहर में डूबी महिला का दूसरे दिन भी नहीं मिला सुराग

**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के भाई बिगहा निवासी भोला पासवान की पत्नी बिंदा देवी (50) बुधवार की रात आठ उत्तर कोयल मुख्य नहर में डूब गई है। जिसका गुरुवार की शाम तक खोजबीन किए जाने के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल सका है। ग्रामीणों को आशंका है कि पैर धोने के लिए नहर में उतरी महिला का पैर फिसलने से डूब गई। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बराज नियंत्रण कक्ष मोहम्मदगंज को जानकारी दी। इसके बाद बराज के मुख्य गेट के बंद होने और जलस्तर कम होने पर नहर के विभिन्न स्थलों पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी और परिजन महिला की लगातार खोजबीन में जुटी है। इधर, विभिन्न श्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला का नशेड़ी पुत्र घर से पैसा लेकर बुधवार की रात भाग रहा था। उसे लेने के लिए मां अपने बेटे के पीछे भागदौड़ कर रही थी। तभी अनियंत्रित होकर नहर में गिर गयी।

## बाबा मंदिर के सभी दानपात्रों को खोला गया



**देवघर (आजाद सिपाही)।** बाबा बैद्यनाथ मंदिर प्रांगण में स्थापित सभी 18 दानपात्रों को गुरुवार को मंदिर प्रशासन की निगरानी में खोला गया। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि दानपात्रों से कुल 19 लाख 59 हजार 565 रुपए नगद प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त नेपाली मुद्रा में 6,875 रुपए, चांदी का कुल वजन 750 ग्राम और सोने का कुल वजन 23 ग्राम प्राप्त हुआ है। एक विशेष दान स्वरूप वर्ष 1919 का चांदी का सिक्का भी मिला है, जो ऐतिहासिक महत्व रखता है। सभी दानपात्रों को कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया और प्राप्त राशि को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में सुरक्षित रूप से रखा गया है। श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए इस दान का उपयोग मंदिर से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में किया जाएगा।

## प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने मधुपुर स्टेशन सहित सकुर्लेटिंग एरिया का लिया जायेगा

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ईस्टन रेलवे कोलकाता उदय शंकर झा गुरुवार को मधुपुर पहुंचे। यहां उन्होंने रेलवे स्टेशन समेत सकुर्लेटिंग एरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन परिसर यात्री सुविधा टिकट बुकिंग काउंटर, पार्सल कार्यालय, बुकिंग कार्यालय,प्लैटफॉर्म नम्बर 3 पर स्थित वेटिंग हॉल एवं प्लेटफॉर्म पर विभिन्न कार्यालय की साफ-सफाई का बारिकी से जायजा लिया। इस दौरान यात्री सुविधाओं को बेहतर करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रेल यात्री सुझाव सुरक्षा की जानकारी लिया एवं वहां की समस्याओं से अवगत हुए। कहा कि निरीक्षण के दौरान जो कमी पाई गई है उसे दूर करने को कहा गया है। वहीं, स्टेशन परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर गंदगी देख नाराज हुए और साफ सफाई पर ध्यान देने को कहा। इस मौके पर सीनियर डीसीएम आसनसोल मार्शल ए सिल्वा, एसीएम (सीए) आसनसोल रवि शंकर प्रसाद, टीआई रवि शेखर, स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार, सीटीआई अमरदीप कुमार, वाणिज्य पर्यवेक्षक दिवाकर गुप्ता, सीटीआईजी एस सैन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## चैंबर अध्यक्ष ने नगर परिषद प्रशासक से जलापूर्ति बाधित होने का कारण पूछा



गुमला (आजाद सिपाही)। चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सारजेन मरांडी से मिले और नगर के कुछ ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा हुई जिसने मुख्य रूप से पिछले 5-6 दिनों से सप्लाई पानी बंद है। अध्यक्ष राजेश सिंह ने जलापूर्ति बाधित होने का कारण पूछा। पदाधिकारी के तरफ से आश्वस्त किया गया के मरम्मती का काम पूरा हो चुका है गुरुवार से टंकी में पानी चढ़ाया जा रहा है शुक्रवार से पानी मिलना शुरू हो जायेगा। दूसरी बात शहर में वर्षा के कारण जहां जल जमाव हो रहा है। उसे साफ करने की मांग की गई जहां जहां भी नाली जाम है या टूटी हुई है उसे ठीक कराने की मांग की गयी। विभाग की तरफ से उचित कदम उठाने का आश्वासन मिला इसके बाद नगर के कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डलवाने की बात कही गयी। विभाग की तरफ से बताया गया कि शीघ्र ही पाउडर का वितरण किया जायेगा। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केशरी, दिनेश अग्रवाल, कार्यकारणी के बृज फोगला आदि उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी ने दी।

## सर्वेश्वरी समूह ने फलदार पौधे का किया वितरण



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा चांदनी चौक सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा गुरुवार को दिन के 11 बजे निशुल्क फलदार पौधे का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने अघोरेश्वर भगवान राम के चित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इस क्रम में महोगनी, आम, अमरूद, आंवला, सागवान, कटहल के पौधे का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा पर्यावरण की रक्षा को लेकर वृक्षारोपण हेतु पौधे का वितरण कराया जा रहा है जो एक बेहतर प्रयास है। वृक्ष है तो कल है। अवैध रूप से वृक्षों की कटाई से पर्यावरण के संतुलन में काफी दिक्कत हो रही है। सभी के सहयोग से पर्यावरण का संतुलन को बनाए रखने का प्रयास किया जा सकता है। हमें प्राकृतिक की रक्षा के लिए संकल्पित होने की जरूरत है। वृक्ष का संरक्षण पुत्र के समान करने की जरूरत है। मौके पर पूर्व प्रमुख कृष्णा कुमार लोहरा, अमित ठाकुर, सर्वेश्वरी शाखा समूह से नंदलाल साहू, बलराम सोनी, अनंत पांडे, सपू प्रसाद, निक्कू साहू, नीरज साहू, मोतीलाल साहू, अमित सोनी, छोटू ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित है।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा थाना कांड संख्या 96/2024 के फरार अभियुक्त आरंगी ग्राम निवासी के घर घाघरा पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, घाघरा थाना कांड संख्या 96/2024 के फरार अभियुक्त आरंगी ग्राम निवासी विवेक टाना भगत के घर घाघरा पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में घाघरा थाना के एसआइ मनीष कुमार ने बताया कि विवेक टाना भगत पर घाघरा थाना में एक महिला के बयान पर प्राथमिक की दर्ज की गयी थी। इसके बाद से अभियुक्त विवेक टाना भगत फरार चल रहा है। वहीं पुलिस ने इस्तेहार चिपकाते हुए ग्रामीणों से सूचना देने की बात कही। साथ ही परिजनों को समझाते हुए कहा कि माननीय न्यायालय गुमला में उक्त अभियुक्त प्रस्तुत हो अन्यथा अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया डॉ एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति दिवस




गुमला (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल में 'डॉ एपीजे कलाम' स्मृति दिवस संपन्न हुआ। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि यह दिवस हर साल 27 जुलाई को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 2015 में शिलांग, मेघालय में एक व्याख्यान देते समय हृदय गति रुकने के कारण उनका निधन हो गया था। वह भारत के 11वें राष्ट्रपति थे और 'भारत के मिसाइल मैन' के नाम से प्रसिद्ध थेह्व। उक्त बातें कहीं डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने गुरूवार विद्यालय में डॉक्टर कलाम की 10वीं स्मृति दिवस को समर्पित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों तथा एनसीसी कैडेट को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि डॉ कलाम ने युवाओं को न सिर्फ. सफलता बल्कि असफलताओं से भी जूझना और उनसे उबरना सिखाया। सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती ने कहा कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विद्यार्थियों के लिए कहा था 'सपने, सपने, सपने... सपने विचारों में बदलते हैं, और विचार क्रिया में बदलते हैं'। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को पूरा करने और देश के लिए योगदान करने के लिए प्रेरित किया। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफिसर अभिजीत झा ने कहा कि डॉ कलाम का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी हमें प्रेरित करती हैं। डॉक्टर कलाम स्मृति दिवस पर डीएवी गुमला के विद्यार्थियों ताशा झा, शिव कुमार गुप्ता एवं आयुष कुमार चौधरी ने उनका पोर्ट्रेट बनाकर उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की।

## करंट लगने से छात्र घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के गिन्डरा महुआ टोली गांव निवासी बहुरा मुंडा का 11 वर्षीय पुत्र निखिल मुंडा विद्युत करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर स्थिति में उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में उसका बाया हाथ पूरी तरह से झुलस गया है वहीं पैर व शरीर के कई हिस्से में भी वह झुलस गया।

# जमीन विवाद में भिड़े दो पक्ष, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



सांकेतिक तस्वीर।

घाघरा। प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड के समीप जमीन विवाद में दो गुटों में जमकर हुई मारपीट। मारपीट में घाघरा निवासी समीर भगत गंभीर रूप से घायल है। वही दूसरे गुट के तीजलाल उरांव व पत्नी जतरी देवी भी घायल है। घटना के बाद दोनों घाघरा थाना पहुंचे और थाना मे लिखित आवेदन दिया है। अपने आवेदन में समीर भगत ने कहा है कि वह अपनी पत्नी गौतम धारा मिंज के साथ प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार को भी नेतरहाट रोड स्थित उत्तम स्वीट्स में चाय पीने के लिए गया था इसी दौरान होटल के पीछे पेशाब करने के लिए गया तो जान से मारने की नीयत से टांगी से गर्दन व माथे पर तिजलाल उरांव पत्नी जतरी देवी के अलावे तीन चार अज्ञात जो मास्क लगाए हुए थे उन सभी ने समीर पर वार किया। जिसके बाद उसकी पत्नी गौतम धारा मिंज बीच बचाव करने आयी तो उसकी पत्नी के साथ बदसलूकी करते हुए उसके सोने का चैन छीन लिया गया है। जिसके बाद समीर को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद चिकित्सकों ने गुमला रेफर कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। वही तीजलाल ने भी घाघरा थाना में लिखित आवेदन देते हुए बताया है कि तीजलाल के जमीन पर जिसका खाता संख्या 105, प्लॉट संख्या 525 व रकबा तीन डिसमिल जमीन पर समीर भगत के द्वारा ईटा बालू गिराया जा रहा था जिसे मना करने के लिए जाने पर मुझे और मेरी पत्नी जतरी देवी को पटक कर लात घुसो से मरने लगा और मेरी पत्नी के साथ बदसलूकी की गई और सोने का चैन छीन लिया। तिजलाल ने बताया कि उसे मारपीट करने में समीर भगत, गौतम धारा मिंज, सुनीता भगत, योगेंद्र भगत, बालकिशुन उरांव, शीला रानी और संकेत भगत शामिल है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा दोनों पक्षों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है दोनों के आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर आगे कीदकार्रवाई की जायेगी।

## बिशुनपुर में जंगली हाथी ने तीन घरों को तोड़ा

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में जंगली हाथी ने उत्पाद मचाते हुए गुरुवार की अहले सुबह रांगे निवासी मनजीत उरांव एवं बेती निवासी चंद्रेश उरांव व चंद्रदेव उरांव का घर को तोड़कर घर में रखे अनाज खा गया। इस संबंध में पीड़ित मंजीत उरांव ने बताया कि गुरुवार की सुबह लगभग 3 बजे एक जंगली हाथी घर पहुंचा जहां सबसे पहले रसोई घर का दीवाल को तोड़कर घर में रखें खाना बनाने का तमाम बर्तन को नष्ट करते हुए अंदर स्टोर रूम का दिवाला तोड़कर घर का सारा अनाज खाकर समाप्त कर दिया। जिसके बाद वह जंगल की ओर चला गया। इसके बाद सुबह तुसारू कोना विद्यालय पहुंचा जहां पर विद्यालय के रसोई घर का दरवाजा तोड़कर मिड डे मील का चावल को खाकर बर्बाद कर दिया।

# भरनो में बिजली समस्या के निदान को लेकर सांसद ने भेजी अपनी टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। सांसद सुखदेव भगत ने भरनो में महीनों से हो रही बिजली समस्या पर संज्ञान लेते हुए अपने जिला प्रतिनिधि राजनील तिग्गा सह दिशा सदस्यों को निरीक्षण करने के लिए भेजा। भरनो जामटोली स्थित पावर ग्रिड में सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने प्रखंड के कांग्रेसियों के साथ पावर ग्रिड का निरीक्षण किया और महीनों से व्याप्त बिजली समस्या के समाधान के लिए सांसद सुखदेव भगत से विचार विमर्श किये। सांसद ने त्वरित कार्रवाई की पहल की । इस बात को लेकर भरनो प्रखंड के प्रखंड वासियों प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं में संतोष का भाव उत्पन्न हुआ है। इस अवसर पर दिशा सदस्य अनिरुद्ध चौबे, रुपेश कुमार सनी, युवा अध्यक्ष आजाद अंसारी, पूर्व युवा अध्यक्ष रोहित उरांव, जिला सचिव जहांगीर आलम, मुख्तार आलम, भरनो प्रखंड युवा अध्यक्ष जुगल उरांव, मुख्तार आलम, अब्दुल्ला बक्स, जय सिंह, फरहान अंसारी, बिंदेश्वर उरांव, मुकेश उरांव, लुधवा उरांव सहित कई कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाइक की टक्कर से दो छात्र समेत तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। गुमला रांची रोड स्थित भरदा के समीप बाइक के टक्कर से राजकीय मध्य विद्यालय करौंदा लिटा टोली के दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना में बाइक चालक भी गिरकर घायल हुआ। वही एक छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की अपराह्न 3 बजे स्कूल छुट्टी होने के बाद सभी बच्चे अपने-अपने घर जा रहे थे। इसी बीच सिसई की ओर से आजाद बस्ती निवासी महबूब आलम बाइक से गुमला आ रहा था। इसी बीच दो बच्चे बाइक की चपेट में आ गये। घटना में लिटा टोली निवासी गंगू उरांव का 7 वर्षीय पुत्र अरुण उरांव और जूलियस मिंज का 7 वर्षीय पुत्री आरोही उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों स्कूल में दूसरी कक्षा के छात्र हैं। वहीं घटना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सिसई से जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा अपने वाहन से गुमला आ रही थी। लोगों की भीड़ देखकर रुक गयी। जिसके बाद सभी घायलों को अपने वाहन से लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के उपरांत गंभीर रूप से घायल अरुण उरांव को डॉक्टर ने रिम्स रेफर कर दिया।


झारखण्ड सरकार,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

76 वीं औपबंधिक सूची
जिला—हजारीबाग (पार्ट—1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या—1938, दिनांक—20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 फारूख, चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं अनवर हुसैन अंसारी द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0—555/25<br>2. आवेदक—मो0 मिनहाज अंसारी , पिता—मो0 रमजान<br>3. ग्राम—बनादाग ,पोस्ट—कटकमदाग , थाना—कटकमदाग , प्रखण्ड—कटकमदाग<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—56 वर्ष ,पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ के अंगुठा में कट का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0—556/25<br>2. आवेदक—मोहम्मद जमालुद्दीन , पिता—स्व0 अब्दुल मजीद<br>3. ग्राम—पेलावल ,पोस्ट—कटकमसांडी , थाना—कटकमसांडी , प्रखण्ड—कटकमसांडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—52 वर्ष ,पहचान चिन्ह—पेशानी में कट का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अनवर हुसैन अंसारी एवं चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 3. | 1. आवेदन क्र0—557/25<br>2. आवेदक—ईमरानुल हक , पिता—स्व0 युसूफ अंसारी<br>3. ग्राम—पेलावल ,पोस्ट—कटकमसांडी , थाना—कटकमसांडी , प्रखण्ड—कटकमसांडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—60 वर्ष ,पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ के केहुनी में कट का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0—558/25<br>2. आवेदक—मोहम्मद आलम , पिता—स्व0 लाल मोहम्मद<br>3. ग्राम—पेलावल ,पोस्ट—कटकमसांडी , थाना—कटकमसांडी , प्रखण्ड—कटकमसांडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—61वर्ष ,पहचान चिन्ह—होठ के नीचे तिल का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0—559/25<br>2. आवेदक—तुर्फैल अरन्तर , पिता—गुलाम रब्बानो<br>3. ग्राम—पेलावल ,पोस्ट—कटकमसांडी , थाना—कटकमसांडी , प्रखण्ड—कटकमसांडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—51वर्ष ,पहचान चिन्ह—बायाँ आँख के नीचे तिल का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0—560/25<br>2. आवेदक—मो0 रकीब अंसारी , पिता—रियासत अंसारी<br>3. ग्राम—पेलावल ,पोस्ट—कटकमसांडी , थाना—कटकमसांडी , प्रखण्ड—कटकमसांडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—65 वर्ष ,पहचान चिन्ह—दाहिना पैर में कट का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0—561/25<br>2. आवेदक—वकीला खातुन , पति—नईमुल हक राही<br>3. ग्राम—पेलावल ,पोस्ट—कटकमसांडी , थाना—कटकमसांडी , प्रखण्ड—कटकमसांडी<br>4. लिंग—महिला , आयु—62 वर्ष ,पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ के हथेली में मासा का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0—562/25<br>2. आवेदक—मो0 इजहार , पिता—स्व0 अब्दुल गनी<br>3. ग्राम—पेलावल ,पोस्ट—कटकमसांडी , थाना—कटकमसांडी , प्रखण्ड—कटकमसांडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—59 वर्ष ,पहचान चिन्ह—दाहिना तरफ गर्दन में ऐला का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| | विवरणः— चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं मोहन रजक के द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 9. | 1. आवेदन क्र0—563/25<br>2. आवेदक—कपिल कुमार ओझा , पिता—स्व0 राम किशोर ओझा<br>3. ग्राम—नावाडीह , पोस्ट—कदमा , थाना—कटकमदाग , प्रखण्ड—कटकमदाग<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—56 वर्ष , पहचान चिन्ह—बायें हाथ का अंगुठा का नाखुन दो भाग में। | कंडिका—2(ix) |
| 10 | 1. आवेदन क्र0—544/25<br>2. आवेदक—देवचरण पाण्डेय , पिता—दिगम्बर पाण्डेय<br>3. ग्राम—नई सराय बस्ती , पोस्ट—मरार , थाना—रामगढ़ , प्रखण्ड—सदर<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—46 वर्ष , पहचान चिन्ह—छाती के दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुखदेव प्रसाद यादव एवं दिलीप सिंह द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 11 | 1. आवेदन क्र0—564/25<br>2. आवेदक—नागेश्वर महतो , पिता—सुखराम महतो<br>3. ग्राम—करगी , पोस्ट—चुरचू , थाना— चुरचू , प्रखण्ड— चुरचू<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—46 वर्ष, पहचान चिन्ह— दाहिना पैर में कटा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 12 | 1. आवेदन क्र0—565/25<br>2. आवेदक—प्रवील यादव , पिता—स्व0 गानो यादव<br>3. ग्राम— चुरचू , पोस्ट—चुरचू , थाना— चुरचू , प्रखण्ड— चुरचू<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह— नाक में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 13 | 1. आवेदन क्र0—566/25<br>2. आवेदक—बैजु मांझी , पिता—बाबुलाल मांझी<br>3. ग्राम—गोन्दवार , पोस्ट—चुरचू , थाना— आंगो , प्रखण्ड— चुरचू<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—84 वर्ष, पहचान चिन्ह— बायां हाथ में सिक्का का जला का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 14 | 1. आवेदन क्र0—567/25<br>2. आवेदक—जालो गंझू , पिता—स्व0 चीतो गंझू<br>3. ग्राम— चुरचू , पोस्ट—चुरचू , थाना— चुरचू , प्रखण्ड— चुरचू<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—61 वर्ष, पहचान चिन्ह— दाहिने हाथ में कटा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 15 | 1. आवेदन क्र0—568/25<br>2. आवेदक—फेनीलाल किस्कू , पिता—स्व0 जपलू मांझी<br>3. ग्राम—बोदरा , पोस्ट—चुरचू , थाना— चुरचू , प्रखण्ड— चुरचू<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—53 वर्ष, पहचान चिन्ह— बायें हाथ मे सिक्का। | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :—चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालेश्वर महतो एवं जहुर मियां द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 16 | 1. आवेदन क्र0—569/25<br>2. आवेदक—गंगेश्वर महतो , पिता—जर्नादन महतो<br>3. ग्राम—हरली , पोस्ट—हरली , थाना—बड़कागांव , प्रखण्ड—बड़कागांव<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—50 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायां आंख में कटा हुआ निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 17 | 1. आवेदन क्र0—570/25<br>2. आवेदक—देवनारायण साव , पिता—स्व0 नागेश्वर साव<br>3. ग्राम—शिवाडीह , पोस्ट—साढ , थाना—बड़कागांव , प्रखण्ड—बड़कागांव<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—76 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना नाक में काला दाग। | कंडिका—2(ix) |
| 18 | 1. आवेदन क्र0—571/25<br>2. आवेदक—कृष्ण महतो, पिता—प्रसाद महतो<br>3. ग्राम—विश्रामपुर, पोस्ट—सांढ़, थाना—बड़कागाँव, प्रखण्ड—बड़कागाँव<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—49 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाये पैर में जला का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 19 | 1. आवेदन क्र0— 572/25<br>2. आवेदक—सुरज महतो, पिता—चांदो महतो<br>3. ग्राम—विश्रामपुर, पोस्ट—सांढ़, थाना—बड़कागाँव, प्रखण्ड—बड़कागाँव<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायां हाथ में जला का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 20 | 1. आवेदन क्र0— 573/25<br>2. आवेदक—बिहारी महतो, पिता—भोला महतो<br>3. ग्राम—विश्रामपुर, पोस्ट—सांढ़, थाना—बड़कागाँव, प्रखण्ड—बड़कागाँव<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—44 वर्ष, पहचान चिन्ह—दायां हाथ कट का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 21 | 1. आवेदन क्र0— 574/25<br>2. आवेदक—रामविलास कुमार, पिता—भुनेश्वर महतो<br>3. ग्राम—बड़कागाँव, पोस्ट— बड़कागाँव, थाना—बड़कागाँव, प्रखण्ड—बड़कागाँव<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—45 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायां हाथ में टीका का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :— चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुखदेव प्र0 यादव एवं अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 22 | 1. आवेदन क्र0—477/25<br>2. आवेदक—नन्दकिशोर ठाकुर , पिता—स्व0 जानकी ठाकुर<br>3. ग्राम—बिड मुहल्ला चतरा , पोस्ट—चतरा, थाना—चतरा, प्रखण्ड—चतरा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—78 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें हाथ में कट का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 23 | 1. आवेदन क्र0—478/25<br>2. आवेदक—नरेश ठाकुर , पिता—स्व0 रामजीत ठाकुर<br>3. ग्राम—तुडाग , पोस्ट—तपेज , थाना—चतरा, प्रखण्ड—चतरा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायें पैर में कट का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 24 | 1. आवेदन क्र0—479/25<br>2. आवेदक—आदित्य ठाकुर , पिता—स्व0 लालजी ठाकुर<br>3. ग्राम—तुडाग , पोस्ट—तपेज , थाना—चतरा, प्रखण्ड—चतरा<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—54 वर्ष, पहचान चिन्ह—सिर में चोट का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| 25 | 1. आवेदन क्र0—575/25<br>2. आवेदक—विजय कुमार ठाकुर , पिता—स्व0 हुलास ठाकुर<br>3. ग्राम—मंडई खुद , पोस्ट—मंडई खुद , थाना—लोहसिघना, प्रखण्ड—सदर हजारीबाग<br>4. लिंग—पुरूष, आयु—61 वर्ष, पहचान चिन्ह—छाती में तिल का निशान । | कंडिका—2(ix) |
| | विवरण :— चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 महमूद आलम द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 26 | 1. आवेदन क्र0—576/25<br>2. आवेदक—उमा देवी , पति—महेन्द्र महतो<br>3. ग्राम—रखवा बकसपुर , पोस्ट—नवादा , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—महिला , आयु—56 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 27 | 1. आवेदन क्र0—577/25<br>2. आवेदक—महेन्द्र महतो , पिता —स्व0 जीवराम महतो<br>3. ग्राम—रखवा बकसपुर , पोस्ट—नवादा , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—57 वर्ष, पहचान चिन्ह—गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 28 | 1. आवेदन क्र0—578/25<br>2. आवेदक—चमेली देवी , पति—देवनाथ महतो<br>3. ग्राम—करहनी खेत , पोस्ट—नवादा , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—महिला , आयु—56 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना पैर में लहसन का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 29 | 1. आवेदन क्र0—579/25<br>2. आवेदक—डेगलाल प्रजापति , पिता —स्व0 भजु प्रजापति<br>3. ग्राम—कुम्हारटोला , पोस्ट—विष्णुगढ़ , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—70 वर्ष, पहचान चिन्ह—पेट में लहसन का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 30 | 1. आवेदन क्र0—580/25<br>2. आवेदक—विशेस्वर प्रसाद , पिता —स्व0 रघुवीर प्रसाद<br>3. ग्राम—बाजार मोड़ , पोस्ट—विष्णुगढ़ , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 31 | 1. आवेदन क्र0—581/25<br>2. आवेदक—तालो महतो , पिता —स्व0 सोना महतो<br>3. ग्राम—रखाव , पोस्ट—नवादा , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—68 वर्ष, पहचान चिन्ह—गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 32 | 1. आवेदन क्र0—582/25<br>2. आवेदक—रेवा ठाकुर , पिता —सोमर ठाकुर<br>3. ग्राम—चानो , पोस्ट—उचाघाना , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—72 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिने हाथ में लहसन का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 33 | 1. आवेदन क्र0—583/25<br>2. आवेदक—पुरन महतो , पिता —स्व0 प्रेम महतो<br>3. ग्राम—गरहमुर्गी , पोस्ट—बनसो , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—44 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 34 | 1. आवेदन क्र0—497/25<br>2. आवेदक—अवध किशोर सिंह , पिता —जागेश्वर सिंह<br>3. ग्राम—सेक्टर3 धुर्वा , पोस्ट—धुर्वा , थाना—धुर्वा , प्रखण्ड— राँची प्रखण्ड<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—48वर्ष, पहचान चिन्ह—ललाट में कटा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 35 | 1. आवेदन क्र0—1109/25<br>2. आवेदक—मो0 नुर हसन , पिता —मो0 इस्लाम<br>3. ग्राम—गुलजार बाग , पोस्ट—गोड्डा टाउन , थाना— गोड्डा , प्रखण्ड— गोड्डा<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—52 वर्ष, पहचान चिन्ह—छाती में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 36 | 1. आवेदन क्र0—700/25<br>2. आवेदक—जाबिर आलम , पिता —स्व0 हकीकत हुसैन<br>3. ग्राम—रिजवी गली , पोस्ट—कथारा , थाना—कथारा , प्रखण्ड— गोमिया<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—49 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |
| 37 | 1. आवेदन क्र0—294/25<br>2. आवेदक—मो0 इसलाम , पिता —स्व0 नेहरली मियाँ<br>3. ग्राम—लुतियानो , पोस्ट—सरिया , थाना— सरिया , प्रखण्ड— सरिया<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—59 वर्ष, पहचान चिन्ह—बायां पैर में जला का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 38 | 1. आवेदन क्र0—701/25<br>2. आवेदक—मो0 सलीम खान , पिता —मो0 बशीर खान<br>3. ग्राम—स्वाँग , पोस्ट— स्वाँग कोलियरी , थाना—गोमिया , प्रखण्ड— गोमिया<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—47 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 39 | 1. आवेदन क्र0—545/25<br>2. आवेदक—निसार अहमद , पिता —बशीर अहमद<br>3. ग्राम—फुलसराय , पोस्ट—हेसला , थाना—रामगढ़ , प्रखण्ड— रामगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—54 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना हाथ में कटे का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 40 | 1. आवेदन क्र0—584/25<br>2. आवेदक—मो0 इकबाल अंसारी , पिता —मो0 अब्बास<br>3. ग्राम—अंसारी रोड , पोस्ट—हजारीबाग , थाना—सदर खिरगाँव , प्रखण्ड— सदर<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—61 वर्ष, पहचान चिन्ह—बाया आँख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 41 | 1. आवेदन क्र0—702/25<br>2. आवेदक—मोहन रविदास , पिता —स्व0 भूखन रविदास<br>3. ग्राम—बेलाटॉंड , पोस्ट—गोमिया , थाना— गोमिया , प्रखण्ड— गोमिया<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—56 वर्ष, पहचान चिन्ह—बाया पैर में कटा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 42 | 1. आवेदन क्र0—585/25<br>2. आवेदक—चन्दवा देवी , पति—जीवाधन गोप<br>3. ग्राम—हटली बोदरा , पोस्ट—चौथा , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—महिला , आयु—45 वर्ष, पहचान चिन्ह—पेट में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 43 | 1. आवेदन क्र0—546/25<br>2. आवेदक—फकरूद्दीन अंसारी , पिता —स्व0 जीरूद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम—चैनगडा , पोस्ट—पतरातु , थाना— पतरातु , प्रखण्ड— पतरातु<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—72 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाहिना पैर में लहसन का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 44 | 1. आवेदन क्र0—703/25<br>2. आवेदक—जीलानी असांरी , पिता —स्व0 कयामुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम—तीरला , पोस्ट— तीरला , थाना— गोमिया , प्रखण्ड— गोमिया<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—64 वर्ष, पहचान चिन्ह—पीठ में लहसन का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 45 | 1. आवेदन क्र0—586/25<br>2. आवेदक—मो0 निजाम , पिता —स्व0 सोबराती मियाँ<br>3. ग्राम—मेरू , पोस्ट— मेरू कैम्प , थाना—मुफासील , प्रखण्ड— हजारीबाग सदर<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—51 वर्ष, पहचान चिन्ह—ललाट में कटा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 46 | 1. आवेदन क्र0—587/25<br>2. आवेदक—मो0 जैनुल अंसारी , पिता —नयामत मियाँ<br>3. ग्राम—होसीर , पोस्ट—कनकी , थाना—डाडी गिद्दी , प्रखण्ड— डाडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—59 वर्ष, पहचान चिन्ह—पेट में मासा का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 47 | 1. आवेदन क्र0—588/25<br>2. आवेदक—मो0 अमरूल हुसैन , पिता —अलीजान मियाँ<br>3. ग्राम—हुलास , पोस्ट—बलसगरा , थाना—माण्डू , प्रखण्ड— डाडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—58 वर्ष, पहचान चिन्ह—बाया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 48 | 1. आवेदन क्र0—589/25<br>2. आवेदक—रफीक आलम , पिता —अजीम मियाँ<br>3. ग्राम—हुलास , पोस्ट—बलसगरा , थाना—माण्डू , प्रखण्ड— डाडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—51 वर्ष, पहचान चिन्ह—गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 49 | 1. आवेदन क्र0—590/25<br>2. आवेदक—मो0 असगर अंसारी , पिता —समसुद मियाँ<br>3. ग्राम—हुलास , पोस्ट—बलसगरा , थाना—माण्डू , प्रखण्ड— डाडी<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—53 वर्ष, पहचान चिन्ह—दाया हाथ में तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 50 | 1. आवेदन क्र0—591/25<br>2. आवेदक—हसमत अली , पिता —स्व0 जाकीर हुसैन<br>3. ग्राम—नवादा , पोस्ट— नवादा , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—43 वर्ष, पहचान चिन्ह—ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 51 | 1. आवेदन क्र0—592/25<br>2. आवेदक—आजाद अंसारी , पिता—स्व0 मकबुल अंसारी<br>3. ग्राम—चरनखिया , पोस्ट— नवादा , थाना— विष्णुगढ़ , प्रखण्ड— विष्णुगढ़<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—42 वर्ष, पहचान चिन्ह—पीठ पर लहसन का निशान। | कंडिका—2(ix) |
| 52 | 1. आवेदन क्र0—593/25<br>2. आवेदक—अनुज सिन्हा , पिता—जयनारायण प्रसाद<br>3. ग्राम—मनडाई कॉलोनी , पोस्ट—हजारीबाग , थाना— हजारीबाग , प्रखण्ड— हजारीबाग<br>4. लिंग—पुरूष , आयु—49 वर्ष, पहचान चिन्ह—अंकित नहीं। | कंडिका—2(ix) |

नोट :—
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 358071 (Home) 25-26 (D) — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

आजाद सिपाही की खबर का असर

# दिव्यांग की पीड़ा पर प्रशासन ने लिया संज्ञान, एक माह में स्वीकृत हुई पेंशन

**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सदमा पंचायत के बुढ़वाटांड़ निवासी राम विश्वास महतो के 11 वर्षीय दिव्यांग पुत्र कृष्ण महतो को आखिरकार पांच वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद पेंशन की स्वीकृति मिल ही गई। यह संभव हो सका 'आजाद सिपाही' में खबर के प्रमुखता से प्रकाशित होने और बोकारो डीसी अजय नाथ झा की ओर से तत्परता से संज्ञान लेने के बाद। बताते चलें कि राम विश्वास महतो अपने 70 फीसदी दिव्यांगता से ग्रसित पुत्र कृष्ण महतो के बेहतर इलाज और पेंशन के लिए, पिछले पांच वर्षों से विभागीय कार्यालयों और जनता दरबार में गुहार लगाते फिर रहे थे, लेकिन विभागीय उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही के चलते पेंशन नहीं मिल पाई थी। बेटे के इलाज के लिए उन्होंने खेत-खलिहान तक बेच दिए। परिवार आर्थिक तंगी और कर्ज में डूब गया, लेकिन सरकारी सहयोग नहीं मिल सका। मामले के प्रकाशित होने के बाद बोकारो डीसी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पेटरवार बीडीओ संतोष कुमार महतो को जांच कर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया था। *आजाद सिपाही* में खबर प्रकाशित होने के महज एक महीने के भीतर प्रशासन ने कृष्ण कुमार महतो की दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कर दी है। राम विश्वास महतो ने *आजाद सिपाही* का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनके बेटे के इलाज और देखभाल में थोड़ी राहत मिलेगी। कहा कि यदि खबर प्रकाशित न होती, तो शायद वह और उनका बेटा इस अधिकार से वंचित ही रह जाते।

# गैर इरादतन हत्या के चार दोषियों को सात साल सश्रम कारावास की सजा

## साल 2014 में आभूषण चोरी के संदेह में दुकान मालिक सहित अन्य ने की थी पिटाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम फहीम किरमानी ने बोकारो थर्मल निवासी अजय कुमार वर्मा, राकेश कुमार वर्मा, विजय कुमार वर्मा एवं दीपक कुमार वर्मा को गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी पाया जाने के बाद सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। बताते चलें कि बोकारो थर्मल निवासी सूचक मनोज कुमार ने पुलिस के पास दर्ज बयान में बताया था कि उसका छोटा भाई घनश्याम कुमार जो लक्ष्मी ज्वेलर्स में काम करता था। दुकान मालिक अजय कुमार के कहने पर 20 फरवरी 2014 को वह और अर्पण कुमार जेवर लाने पश्चिम बंगाल के कोलकाता गये थे। जेवर खरीद कर कोलकाता से वापस लौट रहे थे। इस बीच दुर्गापुर पहुंचने पर अज्ञात चोर ने उनका बैग चोरी कर लिया। इस बात की सूचना मालिक को मोबाइल से दी गयी। इसके बाद ट्रेन से कूदकर चोर का पीछा भी किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद दूसरे ट्रेन से 21 फरवरी को घर वापस लौट गये। उस दिन सुबह 10 बजे दुकान पहुंचा और 11 बजे वापस आ गया। फिर शाम 4.30 बजे अर्पण कुमार घर आकर उसे दुकान ले गया। दुकान से रात 8 बजे के बाद वापस आया और रोने लगा। इसके बाद पानी पी, तो उल्टी हो गयी। उसे टेंपो से अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी। इस बारे में जब अर्पण कुमार से पूछा गया तो उसने बताया कि चोरी होने के कारण दुकान मालिक अजय, राकेश, विजय एवं दीपू ने उसे एवं घनश्याम की बुरी तरह पिटाई की थी। जब चारों ने इन दोनों से पूछताछ शुरू की तब दुकान का शटर बंद था। सूचक मनोज ने बताया कि उसके भाई की पिटाई के कारण तबीयत बिगड़ी और अस्पताल जाने के क्रम में मृत्यु हो गई। उक्त बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर जिला जज प्रथम फहीम किरमानी के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपस्थित गवाह और उभय पक्षों के अधिवक्ता के बहस सुनने के बाद न्यायाधीश फहीम किरमानी ने चारों को को गैर इरादतन हत्या के मामले में सिद्ध दोषी करार देते हुए सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद चारों को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार एवं नवीन कुमार मिश्रा ने बहस की।

# सोशल मीडिया का कम से कम इस्तेमाल करें: एसएसपी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोक कल्याण समिति की ओर से वासेपुर अंतर्गत अहसान आलम मेमोरियल इंटर कॉलेज में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार मौजूद थे। एसएसपी ने सभी का उत्साह वर्धन करते हुए जीवन में सफल होने का मूलमंत्र दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की सलाह दी। कहा कि किसी भी क्षेत्र में कामयाब होने के लिए अनुशासन के साथ ही जिम्मेवार होना अति आवश्यक है। इस दौरान साइबर अपराध के खतरे, सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से जुड़ी जानकारी एवं बचाव के उपायों पर विस्तृत चर्चा कर लोगों को जागरूक भी किया गया। एसएसपी ने सभी बच्चों से सोशल मीडिया के कम इस्तेमाल और इंटरनेट के वर्चुअल वर्ल्ड से दूर रहने की सलाह भी दी। मौके पर डॉक्टर मासूम आलम, हसीब खान, एस एस फातमा, सैफुल्लाह खालिद आदि थे।

# कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष ने गोल्ड मेडलिस्ट निशा को किया सम्मानित



**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** डीएवी क्लस्टर 6 खेलकूद प्रतियोगिता के योगा में टाटा डीएवी सिजुआ की छात्रा निशा कुमारी को गोल्ड मेडल जीतने पर गुरुवार को कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सुलतान अहमद खान ने उसके टाटा सिजुआ स्थित आवास पहुंचकर सम्मानित किया। सर्व प्रथम निशा को इस सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद अंग वस्त्र देकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कहा कि निशा की इस सफलता पर हम सभी को गर्व है। निशा आगे भी इसी तरह बेहतर करे यही हमारी कामना है। इस मौके पर मोनी भट्टाचार्य, बबलू निशाद आदि मौजूद थे।

# असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर शिविर आयोजित

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल जीतपुर कोलियरी सामुदायिक भवन में कोयला खान भविष्य निधि संगठन की ओर से असंगठित मजदूरों की समस्याओं को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण किया गया। मुख्य अतिथि सीएमपीएफ के सहायक आयुक्त संतोष कुमार ने मजदूरों से कहा कि सभी कर्मियों का पैसा सुरक्षित है। जल्द ही सभी के पैसे खाते में पहुंच जाएगा। कहा कि प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 16 जुलाई को 11 मजदूरों का भुगतान किया जा चुका है। कहा कि सेल प्रबंधन जितनी जल्दी पूरा कागजात भेजेगा उतनी ही जल्दी भुगतान हो पाएगा।

# सेल के स्थापना दिवस पर आशालता स्कूल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) प्रमुख तकनीकी सलाहकार संस्थान सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बोकारो यूनिट की ओर से अपने स्थापना दिवस पर दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित आशालता के स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेट के रांची स्थित मुख्यालय के अधिशासी निदेशक एसके वर्मा के निर्देश एवं बोकारो कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक श्यामा प्रसाद दास की अध्यक्षता में दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित आशालता के स्कूल में बच्चों के बीच उपहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में आशालता स्कूल के बच्चों द्वारा मुख्य महाप्रबंधक श्यामा प्रसाद दास को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वहीं, मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि हमें यह अवसर प्रदान करने के लिए आशालता के पूरी टीम के साथ निदेशक भवानी शंकर जायसवाल का आभार प्रकट करते हैं।

# वज्रपात की चपेट में आकर युवक की मौत

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत जागेश्वर बिहार थाना क्षेत्र की कुंदा पंचायत के लावालौंग गांव में हल्की बारिश के बीच हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान नक्दीगढ़ा गांव निवासी उमेश कुमार महतो (32) के रूप में हुई है। इस बाबत पूर्व मुखिया तारा देवी ने बताया कि उमेश कुमार खेत में बकरी चराने गया था। तभी अचानक बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वह पास के एक पेड़ के नीचे चला गया, जहां अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आकर वह मौके पर ही अचेत हो गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण तत्काल उसे इलाज के लिए खंडा ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# सीआइएसएफ के 29 जवानों को दी गयी पदोन्नति, कांस्टेबल से बने हेड कांस्टेबल




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की बीएसएल बोकारो इकाई में कार्यरत 29 जवानों को कांस्टेबल (सिटी) से हेड कांस्टेबल (एसची) के पद पर पदोन्नति की गयी है। इस अवसर पर बुधवार को पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक वीरेंद्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इस दौरान डीआइजी (सीआइएसएफ) बीएसएल नीती मित्तल, वरिष्ठ कमांडेंट नय्यर अजम खान और कमांडेंट आरके मील सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार तिवारी ने सभी नवपदोन्नत जवानों को बधाई देते हुए सीआइएसएफ की भूमिका की सराहना की। कहा कि देश के महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में सीआइएसएफ की भूमिका अतुलनीय है। यह पदोन्नति, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण का परिणाम है। वहीं, डीआइजी नीती मित्तल ने कहा कि पदोन्नति के साथ कर्तव्यों की व्यापकता और अपेक्षाएं भी बढ़ जाती हैं। ऐसे में नेतृत्व का परिचय देना होगा और अपने अधीनस्थों के लिए उदाहरण बनना होगा। अंत में सभी नवपदोन्नत जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

# रिफ्रैक्ट्री विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भारी बारिश के मौसम में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के संभावना के मद्देनजर रिफ्रैक्ट्री विभाग के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्ट्री) नागराजन श्रीकांत ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण निर्देशों जैसे सुरक्षित वाहन चालन, निर्धारित गति बनाए रखना, दो पहिया वाहनों पर क्रैश हेलमेट का अनिवार्य उपयोग और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट धारण करना जैसे निर्देश को प्लेकार्ड्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा साइकिल चालकों को अपने साइकिल पर लगाने के लिए परावर्तक टेप भी वितरित किए गए। उन्हें यह निर्देश भी दिया गया कि साइकिल चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करें। दोनों हाथों से हैंडल को पकड़ना आवश्यक है, जिससे साइकिल नियंत्रण में रहे और दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो। इस अवसर पर मुकेश मिश्रा, महाप्रबंधक (आरईडी), संदीप लाल, महाप्रबंधक (आरईडी), राहुल गुप्ता, महाप्रबंधक (आरईडी), सुशील कोहडे, महाप्रबंधक (आरपीसी), आनंद, सहायक महाप्रबंधक (आरईडी), इंद्रनील, सहायक महाप्रबंधक (आरईडी), फजल, सहायक महाप्रबंधक (आरपीसी) एवं सुरक्षा विभाग से अमित बडोले उपस्थित थे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो रेलवे स्टेशन से तुपकाडीह की ओर जाने वाले ट्रैक पर बोकारो (एन) केबिन के पास पोल संख्या 410/23-25 के बीच गुरुवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। इसकी सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीआरपी अधिकारियों की मानें तो उन्हें इस घटना की जानकारी स्टेशन मास्टर ने दी। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आत्महत्या, ट्रेन हादसा या किसी गहरे षड्यंत्र सहित सभी संभावनाओं की जांच कर रही है। एक अधिकारी ने बताया कि, शव की स्थिति अत्यंत खराब है। प्रथम दृष्टया यह हादसा प्रतीत होता है, लेकिन जब तक पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आ जाती, किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। उधर, जीआरपी ने युवक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के सभी थानों को सूचना भेज दी है। साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# योजनाओं का भौतिक क्रियान्वयन कर खर्च करें धनराशि : डीडीसी

## 15 दिनों में निर्धारित राशि खर्च करने का दिया लक्ष्य

- पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत संचालित योजना का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय कार्यालय कक्ष में गुरुवार को डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई 2.0) एवं झारखंड जल छाजन योजना (जेजेवाई) अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने योजनाओं के भौतिक क्रियान्वयन के माध्यम से राशि व्यय को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने ने पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत नाबार्ड के वित्त से संचालित योजनाओं में निर्धारित राशि को 15 दिनों के भीतर योजनाओं का भौतिक क्रियान्वयन कर खर्च करने का निर्देश दिया। सभी योजनाओं की समयबद्ध जियो टैगिंग (63 योजनाएं) कराने और भू-स्तरीय प्रगति को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने को कार्यरत एजेंसी को जरूरी दिशा निर्देश दिया। वहीं, जिला मत्स्य पदाधिकारी पी भार्गवी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर किसानों के बीच बीज वितरण का कार्य लक्ष्यानुरूप पूर्ण करें। बैठक में जेजेवाई (झारखंड जल छाजन योजना) के तहत संचालित योजनाओं में संबंधित कार्यरत एजेंसी समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट को एक सप्ताह में तीन करोड़ रुपये की योजना से संबंधित कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करने का निर्देश दिया गया। डीडीसी ने स्पष्ट किया कि हर 15 दिनों में वीडियो संवाद के माध्यम से पीएमकेएसवाई 2.0 एवं जेजेवाई योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और माह में एक बार स्थलीय निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया जाएगा। इस मौके पर दोनों योजनाओं की कार्यरत एजेंसी के समन्वय जिला मतस्य पदाधिकारी, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधि, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।

# पाटलीपुत्र अस्पताल में 61 वर्षीय मरीज के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जोड़ाफाटक रोड स्थित पाटलीपुत्र अस्पताल में वरिष्ठ हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ निखिल झोलिया और उनकी टीम ने विधायक राज सिन्हा की भाभी 61 वर्षीय ज्योति सिन्हा के दोनों घुटनों का सफल प्रत्यारोपण किया है। वह पिछले तीन साल से घुटनों के असहनीय दर्द से पीड़ित थीं। अब ऑपरेशन के बाद आराम से चल रही है। इसी संदर्भ में गुरुवार को अस्पताल में प्रेस वार्ता कर डॉ निखिल झोलिया ने बताया यह केस चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पूरी टीम के सामूहिक प्रयास से ऑपरेशन पूर्णतः सफल रहा। हमें गर्व है कि हमने अब तक 100 से अधिक सफल घुटना प्रत्यारोपण धनबाद में किए हैं। वहीं, पाटलीपुत्र अस्पताल के सीएमओ डॉ निर्मल झोलिया ने कहा कि यह हमारे अस्पताल और धनबाद जैसे शहर के लिए गर्व की बात है कि घुटना प्रत्यारोपण जैसी जटिल सर्जरी अब यहीं संभव है। अब मरीजों को इलाज के लिए, रांची, कोलकाता, दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान अस्पताल के सेवा भावना से प्रेरित होकर रोटरी क्लब ऑफ धनबाद साउथ की ओर से दो व्हील चेयर दान किया गया। इस मौके पर डॉ निर्मल झोलिया, डॉ सतीश चंद्र, डॉ मुक्ति किशोर, डॉ अमित गुप्ता, डॉ विनोद प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार झा, जय प्रकाश अग्रवाल, भूपेंद्र शाह, संजय सरावगी आदि उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002**

**Notice Inviting Tender through GeM Portal**
**Letter No.-kha.up.ni.01-vividh-01/2024- 1174 Date : 24/07/2025**

Selection of Aadhar enabled 4G e-PoS Manufacturer/System Integrator for FPS Upgradation/Automation across Jharkhand State through GeM Platform.

| Bid Details | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Selection of Aadhar enabled 4G e-PoS Manufacturer/System Integrator for FPS Upgradation/Automation across Jharkhand State(RFP ref No. 1137 Date 18.07.2025) |
| 2. | Tender Publishing Date/ Download Link of Tender Document | 23-07-2025/ Through https:// www.jharkhand.gov.in/food and https://gem.gov.in |
| 3. | Bid validity period | 180 days from the last date (deadline) for submission of Techno-financial response/ proposals. |
| 4. | EMD Amount | Rs. 3,56,00,000/- (Rupees Three Crore Fifty Six Lakhs only) (~ 2 % of estimated cost) to be paid online (Directorate bank account provided in RFP) /demand draft / BG through GeM portal valid for a minimum period of 180 days. |
| 5. | Last Date & Time for Submission of Pre-bid Queries (By e-mail) | 29-07-2025 up to 04:00 pm e-Mail – directorfood18@gmail.com |
| 6. | Date of Pre-bid meeting | 28-07-2025 at 01:00 pm through Google Meet (https://meet.google.com/hyv - pudc-qxq). |
| 7. | Date of release of responses to clarifications/queries /corrigendum | Before the last date of bid submission. |
| 8. | Last Date and time of Bid Submission | 13-08-2025 up to 07:00 pm |
| 9. | Date of proposed e-PoS device sample submission | Will be intimated later. |
| 10. | Date of opening of Technical Bid. | 14-08-2025 |
| 11. | Date of Technical presentation | After Technical Evaluation date shall be intimated. |
| 12. | Date of Financial Bid opening | Date will be intimated to qualified bidders. |
| 13. | Tender Inviting Authority and Address. | The Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Government of Jharkhand, 3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi 834002 e-mail:directorfood18@gmail.com |

· Any changes/modifications/corrigendum in the tender documents will be posted on website https:// www.jharkhand.gov.in/food and https: //gem.gov.in

Sd/- Director,
Directorate of Food & Consumer Affairs, Jharkhand.

PR.NO.358159 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26):D



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
**Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com**

पत्रांक ................ दिनांक ...........................

**आम सूचना**

झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र के सभी जल उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका जल संयोजन नियमवाली–2020" एवं नगरपालिका अधिनियम 2011 के लागू होने के छः माह के अंदर सभी जल उपभोक्ताओं को अपने मीटर रहित जल संयोजन को स्वयं के व्यय से मीटर युक्त कर लेना था परंतु अभी तक जिन जल उपभोक्ताओं ने अपने जल संयोजन को मीटर युक्त नहीं करा पाए है, वो नगर परिषद कार्यालय से संपर्क कर निःशुल्क वाटर मीटर प्राप्त कर अपने जल संयोजन को मीटर रहित से मीटर युक्त यथाशीघ्र करा ले अन्यथा इसके बाद जांचोपरांत वैसे सभी जल संयोजन जो मीटर रहित पाए जाते है तो उसे अवैध समझा जाएगा एवं उक्त नियमावली के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

संपर्क सूत्र – 1. 8473868856
2. 6203831169

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 358091 Urban Development (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**फीड बेस्ड फिशरीज योजना के तहत् फैक्ट्री उत्पादित फ्लॉटिंग फीड के कय पर अनुदान**


एतद् द्वारा मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय राज्यादेश सं0 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत फीड बेस्ड फिशरीज योजना में जिला–लोहरदगा को विभिन्न तकनिकों से मत्स्य बीज/मत्स्य उत्पादन/मत्स्य पालन करने वाले कृषकों के लिये फार्मूलेटेड फ्लोटिंग फीड के कय पर सरकारी अनुदान दिया जाना है। इस योजना के तहत् सकिय मत्स्य बीज उत्पादक/मत्स्य पालक/रिसर्कुलेटरी एक्वकल्चर सिस्टम (RAS) संचालक/बायोफ्लॉक टैंक (Biofloc Tank) संचालक/बायोफ्लॉक तालाब (Biofloc Pond) संचालकों द्वारा फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड का कय करेंगे तथा लाभुक के साथ फोटोग्राफ एवं GST अभिश्रव कार्यालय में समर्पित करेंगे जिसके विरूद्ध राज्यादेश में प्रावधान अनुसार अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। आवेदक अपना पूर्व का मत्स्य उत्पादन का आकड़ा समर्पित करेंगे।

योजना से संबंधित अधिक एवं विस्तृत जानककारी जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त की जा सकती है।

| क0 | मात्स्यिकी कियाएँ | फ्लोटिंग फीड का आकार | फीड का कय सरकारी/खुला बाजार से | अधिकतम मत्स्य आहार कि0ग्रा0 में | अधिकतम अनुदान प्रति कि0ग्रा0 (राशि रूपये में | अधिकतम कुल अनुदान राशि रू0 में | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य पालक/ केज मत्स्य पालक | 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2 mm से बड़े 4 mm तक | विभाग द्वारा स्थापित फीड मिल/झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड/प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिड मिल | – | 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 | – | – |
| 2 | मत्स्य पालक | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 700 | 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 | अधिकतम 17500/–रू. | – |
| 3 | केज मत्स्य पालक | 2mm से बड़े 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 1500 | 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 | 37500/– | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 4 | रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) | 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 90 m3 के प्रति टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक | 25/–रू0 | – | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 5 | बयोफ्लॉक टैंक | 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | 10 m3 के प्रति टैंक (अधिकतम 50 टैंक) के लिए 50 कि0ग्रा0 प्रति टैंक | 25/–रू0 | – | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |
| 6 | बायोफ्लॉक तालाब | 4mm तक | खुला बाजार से फैक्ट्री उत्पादित फीड | अधिकतम 1500 कि0ग्रा0 प्रति 0.1 हे0 बायोफ्लॉक तालाब | 25/–रू0 | – | दूसरी Crop से मछली उत्पादन के लिए |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपलक पदाधिकारी,लोहरदगा

PR 358049 Lohardaga(25-26).D











# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड राम दुर्लभ सिंह मुंडा को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को बुंडू इलाके के प्रख्यात समाजसेवी राम दुर्लभ सिंह मुंडा, जो बिरसा उलगुलान फाउंडेशन, भारत माता संविधान समिति और सूर्य मंदिर टुसू मेला सिंगा बोंगा समिति के अध्यक्ष और रोड स्पोर्ट्स एकेडमी पंच परगना बुंडू रांची के मुख्य संरक्षक भी हैं, को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के महाप्रबंधक पशुपति सिंह, सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद, मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह और सीनियर एग्जिक्यूटिव अभिषेक कुमार के अलावा तमाड़ के ब्यूरो चीफ स्वरूप भट्टाचार्य और बुंडू के संवाददाता रोहित राम ने राम दुर्लभ सिंह मुंडा को प्रमाणपत्र सौंपा।

# इडी की अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर रेड

- 3000 करोड़ के लोन फ्रॉड का है मामला
- यस बैंक से लिए पैसों का गलत इस्तेमाल का आरोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें करीब 50 कंपनियां शामिल हैं। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गयी है। यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपये के लोन धोखाधड़ी मामले में गुरुवार, 24 जुलाई को की गयी ये रेड दिल्ली और मुंबई में चल रही है। ये छापेमारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 17 के तहत की गई है। ये कार्रवाई सीबीआइ की ओर से दर्ज दो एफआइआर और सेबी, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी जैसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गयी है।

यह पूरा मामला 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा अनिल अंबानी से जुड़े रिलायंस ग्रुप की कंपनियों को दिये गये करीब 3,000 करोड़ रुपये के लोन से जुड़ा है। इडी की शुरुआती जांच में पता चला है कि इन लोन्स को कथित तौर पर फर्जी कंपनियों और ग्रुप की अन्य इकाइयों में डायवर्ट किया गया।

अब तक की जांच में यह भी सामने आया कि यस बैंक के बड़े अधिकारियों को शायद रिश्वत दी गयी है। इडी का कहना है कि ये एक सोचा-समझा और सुनियोजित प्लान था, जिसके तहत बैंकों, शेयरहोल्डर्स, निवेशकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों को गलत जानकारी देकर पैसे हड़पे गये।

# कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में थाइलैंड के 12 लोगों की मौत

- थाइलैंड ने कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हमले किये, एफ-16 तैनात किया

**एजेंसी**



**बैंकॉक / नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच आज सुबह सीमा पर गोलाबारी हुई है। कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत हो गई है। वहीं,14 घायल हैं। थाईलैंड ने जवाब में कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने एक दूसरे पर पहले हमला करने का आरोप लगाया है। कंबोडिया के विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि थाई सैनिकों ने सुबह गोलीबारी की, जबकि थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने पहले ड्रोन से हमला किया और फिर तोप और लंबी दूरी के बीएम21 रॉकेटों से हमला किया। हमले को देखते हुए थाईलैंड ने बॉर्डर पर एफ-16 लड़ाकू विमान तैनात किया है। इस साल 28 मई को बॉर्डर पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी। इसके बाद से दोनों देशों के बीच विवाद जारी है। इसी विवाद की वजह से इंडोनेशिया की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा को भी पद से हटाया गया था।

**थाईलैंड ने 40 हजार नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया :** थाईलैंड ने सीमा से लगे 86 गांवों से लगभग 40 हजार नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर भेज दिया है। वहीं, कंबोडिया में रहने वाले थाई लोगों को भी अपने देश लौटने की अपील की गई है। कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह स्थित रॉयल थाईलैंड दूतावास ने कहा कि स्थिति बिगड़ रही है। दूतावास ने अपने नागरिकों से जल्द से जल्द कंबोडिया छोड़ने को कहा है।

# चीन सीमा के पास रूसी प्लेन क्रैश, सभी 49 की मौत

**मास्को (एजेंसी)।** रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी शामिल थे। बचावकर्मियों को टिंडा से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है।

रॉयटर्स के मुताबिक ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर के गवर्नर वासिली ओरलोव ने टेलीग्राम पर बताया कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है।

लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने बताया कि विमान खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होते हुए टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा पहुंचने से पहले वह रडार से गायब हो गया और उसका संपर्क टूट गया।

AFFIDAVIT



As per Affidavit No. 9923, dated 09.07.2025, I, Durga Prasad Gupta, son of Late Shivanandan Saw, resident of Village – Pahadi, Post – Khajuri Naudiha, Police Station – Chhatarpur, District – Palamu, State – Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows: That I am a permanent resident of the above-mentioned address.That Ankit Kumar Gupta is my minor son.That my son is known and recognized by both names – Rahul Kumar and Ankit Kumar Gupta.That my son Rahul Kumar's Aadhaar number is 2818 3582 2168, in which his date of birth is recorded as 22.11.2011, whereas in the school records my son's name is registered as Ankit Kumar Gupta with the same date of birth 22.11.2011, which is correct.That I wish to change my son's name from Rahul Kumar to Ankit Kumar Gupta in the Aadhaar card.
































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**